नई दिल्ली
शुक्रवार 29 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 40
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 40
न्यून. 38

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



पैदाइश: 15.02.1935 इंतकाल: 28.05.26

जावेद अख्तर ने कहा-उर्दू आज 'और गरीब' हो गई

मशहूर शायर बशीर बद्र नहीं रहे, 91 की उम्र में भोपाल में निधन

# श्रीराम की अयोध्या में जन्मे.. और अलीगढ़ से पढ़े, और सारी दुनिया को बताया-हम भी दरिया हैं,हमें अपना हुनर मालूम है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शायरी की दुनिया ने गुरुवार को अपना एक और सितारा खो दिया। अजीम शायर बशीर बद्र नहीं रहे। 91 बरस की उम्र में उन्होंने मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आखिरी सांस ली। वे पिछले कुछ समय से मनोभ्रंश ( डिमेंशिया) से जूझ रहे थे। डिमेंशिया कोई बीमारी नहीं है, बल्कि मस्तिष्क की कार्यप्रणाली में गिरावट आने से जुड़े लक्षणों (सिंड्रोम) का एक समूह है। इसमें याददाश्त का कमजोर होना, सोचने-समझने की क्षमता, ध्यान केंद्रित ▶▶ शेष पेज 5 पर

- साहित्य और शायरी जगत में शोक की लहर, सीएम डॉ. यादव ने भी जताया दुख
- बशीर साहब पिछले कुछ समय से डिमेंशिया से जूझ रहे थे

सीएम ने जताई संवेदना

## रचनाओं से मानवता के साथ जीने का संदेश दिया

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी डॉ. बशीर बद्र के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि 'पद्म श्री' से सम्मानित, प्रसिद्ध शायर डॉ. बशीर बद्र के निधन पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। उन्होंने अपनी ▶▶ शेष पेज 5 पर

उन्होंने कुछ ऐसे कहा था

## 'दुश्मनी जमकर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे, जब कभी हम दोस्त बन जाएं तो शर्मिंदा न हों'

भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौर पर बशीर बद्र ने कई ऐसी गजलें और शेर लिखे, जो आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं। कहा जाता है कि शिमला समझौते के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार ▶▶ शेष पेज 5 पर

अल्फांसो से लेकर केसर तक प्रभावित, 20 साल बाद जापान ने लगाया प्रतिबंध, भारतीय आम उत्पादकों की बढ़ी चिंता

## जापान के लिए भारतीय आम नहीं रहा खास, आयात पर लगाया प्रतिबंध, किसान मायूस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय आम उत्पादकों और निर्यातकों के लिए इस बार का सीजन भारी संकट लेकर आया है। जापान ने भारत से आम के आयात पर अस्थायी रोक लगा दी है। जापानी क्वारंटीन अधिकारियों ने भारत की कीट-नियंत्रण और डिसइन्फेक्शन प्रक्रियाओं में खामियां मिलने के बाद यह कदम उठाया है। इसका सीधा असर भारत की प्रीमियम आम किस्मों- अल्फांसो, केसर, लंगड़ा और बंगनपल्ली के निर्यात पर पड़ा है। यह प्रतिबंध ऐसे समय में लगाया गया है जब देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और अनियमित मौसम के कारण आम की फसल पहले ही भारी नुकसान झेल चुकी है। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध अल्फांसो बेल्ट के किसानों का कहना है कि उत्पादन में इस बार 85 से 90 प्रतिशत तक गिरावट आई है।

**20 साल बाद फिर जापान का प्रतिबंध:** करीब दो दशक बाद जापान ने भारतीय आमों पर इस तरह की सख्ती दिखाई है। इससे पहले जापान ने फल मक्खी के खतरे को लेकर भारतीय आमों पर प्रतिबंध लगाया था, जिसे 2006 में भारत द्वारा सुरक्षा मानकों को मजबूत करने के बाद हटाया गया था। अब एक बार फिर जापानी अधिकारियों ने भारतीय आमों की क्वारंटीन प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। जापान की कृषि सुरक्षा एजेंसियां फल मक्खियों जैसे आक्रामक कीटों के मामले में "जीरो टॉलरेंस" नीति अपनाती हैं, क्योंकि ये वहां की घरेलू खेती के लिए बड़ा खतरा ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरआर जीटी
शाम 7.30 बजे से

नीट पेपर लीक के मामले पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई उच्च-स्तरीय बैठक में मामले पर किया गया विचार-विमर्श

- सीबीएसई मुख्यालय में हुई बैठक के बाद बोले प्रधान, परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वाला कोई दोषी बचेगा नहीं, होगी कड़ी कार्रवाई

# राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली परीक्षाओं को लेकर लॉजिस्टिक सहयोग देंगी सेनाएं!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी पेपर लीक विवाद के मामले पर गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई। जिसमें यह तय किया गया है कि अब इस महत्वपूर्ण परीक्षा को लेकर एक प्रकार से पूरी कमान प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के हाथ में रहेगी। वह पेपर सेटिंग के बाद प्रिंटिंग, ट्रांसपोर्टेशन से लेकर छात्रों के हाथ में अंतिम रूप से पेपर पहुंचने तक की समूची प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी बनाए रखेंगे। साथ ही बैठक में अलग-अलग समय पर देशभर में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में जरूरत पड़ने पर सशस्त्र सेनाओं से लॉजिस्टिक सहयोग लेने के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले पर लगातार कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं। ▶▶ शेष पेज 5 पर



## 40 मिनट तक चली बैठक

सूत्रों ने बताया कि राजनाथ सिंह के आवास पर हुई बैठक कुल करीब 40 मिनट तक चली। जिसमें रक्षा मंत्री के अलावा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक अभिषेक सिंह, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में उच्च-शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी और प्रधानमंत्री कार्यालय के कुछ वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### 21 जून को फिर से होगी परीक्षा

गौरतलब है कि नीट-यूजी की इस साल 3 मई को परीक्षा हुई थी। जिसका पेपर लीक होने का मामला सामने आने के बाद एनटीए ने 12 मई को इस परीक्षा को रद्द कर दिया था। बाद में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने यह ऐलान किया था कि अगले महीने 21 जून को फिर से नीट-यूजी की परीक्षा होगी। जिसका आयोजन देश में मौजूद 550 शहरों में 5 हजार 400 से अधिक केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा में लगभग 23 लाख छात्र भाग लेंगे।

### तत्काल उचित कदम उठाएं अधिकारी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि वह छात्रों से जुड़े हुए सभी मुद्दों का समयबद्ध ढंग से पारदर्शिता के साथ समाधान करने के लिए जरूरी कदम उठाएं। साथ ही उन्होंने पारदर्शिता, जवाबदेही और छात्रों पर केंद्रित शिक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ दोहराया। इसके अलावा यह आश्वासन भी दिया है कि छात्रों और अभिभावकों की तमाम उचित मांगों का तेजी के साथ प्रभावी ढंग से निपटारा किया जाएगा। धर्मेंद्र प्रधान के मुताबिक, छात्रों के हित केंद्र ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ये हैं छात्रों को परेशानियां

केंद्रीय मंत्री का यह बयान बीते कुछ दिनों से छात्रों द्वारा बताई जा रही धुंधली स्कैन कॉपियों के मिलने, बिना जांच की हुई कॉपियों के सामने आने, पोर्टल के क्रैश होने, पेमेंट को लेकर आ रही परेशानी और उसके साथ ही पुनर्मूल्यांकन के दौरान आ रही दिक्कतों के बाद सामने आया है। बैठक के बाद प्रधान ने बोर्ड के डिजिटल जांच मॉडल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस वर्ष 12वीं की परीक्षा 17 लाख छात्रों ने दी थी। जिसमें 98 लाख उत्तर पुस्तिकाएं और करीब 40 करोड़ स्कैन पेज शामिल हुए हैं। अभी तक बोर्ड के पोर्टल के माध्यम से लगभग 4 लाख छात्रों ने 11 लाख स्कैन उत्तर पुस्तिकाओं को प्राप्त किया है। मंत्रालय की हालात पर कड़ी नजर बनी हुई है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सीबीएसई ओएसएम विवाद पर राहुल गांधी ने कहा, 18.5 लाख छात्रों के भविष्य के साथ हो रहा है खिलवाड़



**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधानपर सीबीएसई के ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम ) विवाद को लेकर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार ने 18.5 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है और इस पूरे मामले में जवाबदेही से बचने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते ▶▶ शेष पेज 5 पर



इस्तीफा सौंपते हुए

कर्नाटक में 3 साल बाद सत्ता परिवर्तन

## सिद्धारमैया ने दिया इस्तीफा, डीके ने छुए पैर, वही होंगे अब नए बॉस

- **सिद्धारमैया बोले- पार्टी हाईकमान ने जो कहा वो मैंने किया लेकिन, इस्तीफा देने की एवज में मैं राज्यसभा नहीं जाऊंगा**

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने लोकभवन जाकर अपना इस्तीफा सौंपा। कर्नाटक के राज्यपाल के विशेष सचिव, प्रभु शंकर ने कहा कि मैंने सिद्धारमैया का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा प्राप्त किया है। लेकिन वापस आने के बाद राज्यपाल ही इसे स्वीकार करेंगे। राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मध्य प्रदेश के नागदा स्थित अपने गृह नगर गए हुए हैं। इससे पहले, सिद्धारमैया ने अपने आवास पर जलपान के दौरान हुई बैठक में ▶▶ शेष पेज 5 पर



आशीर्वाद लेते डीके

*7 करोड़ कन्नडिगा मेरे भगवान सोनिया-राहुल का धन्यवाद*

सिद्धारमैया ने जनता का आभार जताते हुए कहा कि 7 करोड़ कन्नडिगा ने मुझे मौका दिया, वही मेरे भगवान हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें पार्टी नेतृत्व- सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे का पूरा समर्थन मिला और इसके लिए वह आभारी हैं।

### खबर संक्षेप

#### सीयूईटी यूजी परीक्षा का रिवाइज्ड शेड्यूल जारी



**नई दिल्ली।** एनटीए ने सीयूईटी यूजी परीक्षा का रिवाइज्ड शेड्यूल जारी कर दिया है। बकरीद के चलते 28 मई को स्थगित हुई यह परीक्षा अब दो चरणों 31 मई और 6 व 7 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। एनटीए ने 31 मई को होने वाले एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। छात्र आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in पर जाकर अपने क्रेडेंशियल्स दर्ज कर इसे तुरंत डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं, 6 और 7 जून को होने वाली परीक्षा के एडमिट कार्ड भी जल्द ही वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

#### 7 हवाई अड्डों पर शहीदों के परिजनों को रोजगार



**नई दिल्ली।** देश के सात प्रमुख हवाई अड्डों पर शहीद सैनिकों के परिवारजनों को रोजगार दिया जाएगा। भारतीय सेना और एयर इंडिया लिमिटेड के बीच सैनिक परिवारों के कल्याण को लेकर यह समझौता हुआ है। इसके तहत एयर इंडिया द्वारा वीर नारियों के लिए 20 तथा उनके बच्चों के लिए 40 रोजगार अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। समझौते के तहत सेना के 25 स्कूलों में प्रोफेशनल ट्रेनिंग के लिए लैबोरेटरी भी स्थापित की जाएंगी। ये विशेष प्रकार की प्रयोगशालाएं होंगी जहां छात्रों को रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण प्रदान किए जाएंगे।

पीएम मोदी के निमंत्रण पर 30 मई से 3 जून तक स्वदेश में रहेंगे

## अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत भारत आएंगे म्यांमार के राष्ट्रपति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई तमाम चुनौतियों के बीच म्यांमार के राष्ट्रपति जनरल मिन आंग ह्लाइंग इस सप्ताह शनिवार से भारत की पांच दिवसीय (30 मई से 3 जून तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसके लिए उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि पूर्व में जनरल ह्लाइंग का भारत यात्रा का यह कार्यक्रम 1 जून को नई दिल्ली की मेजबानी में होने वाली अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) की बैठक में भाग लेने से जुड़ा हुआ था। जिसे अफ्रीका में सामने आए इबोला वायरस के ▶▶ शेष पेज 5 पर



- 1 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होगी राष्ट्रपति जनरल ह्लाइंग की बैठक

अभिषेक देबरॉय को त्रिपुरा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया

## भाजपा ने हरियाणा, दिल्ली सहित चार राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए

- *हरियाणा में मोहन लाल बड़ौली की जगह डॉ. अर्चना गुप्ता को पार्टी संगठन की कमान*
- *दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और पंजाब में सरदार केवल सिंह ढिल्लो को कमान*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने चार राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की है। पार्टी की तरफ से बृहस्पतिवार को हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और त्रिपुरा में नए अध्यक्षों के नाम का ऐलान किया गया। डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को दिल्ली, सरदार ▶▶ शेष पेज 5 पर



डॉ. अर्चना गुप्ता



हर्ष मल्होत्रा

सीमा पार बहने वाली नदियों से जुड़े विशेषज्ञ तंत्र की जल्द बैठक बुलाने पर भारत ने दिया जोर

## भारत-चीन सीमा मामलों की बैठक में उठे परिसीमन, सीमा प्रबंधन-सहयोग जैसे मुद्दे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कश्मीर के मुद्दे पर आपस में तीखी बयानबाजी करने के बाद भारत और चीन सीमा मामलों पर समन्वय और सहयोग स्थापित करने के लिए गठित किए गए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की बीजिंग में 35वीं बैठक हुई है। जिसमें दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से जुड़े इलाकों की स्थिति की समीक्षा की है। साथ ही इन जगहों पर शांति और सौहार्द कायम करने को लेकर अब तक हुई प्रगति को लेकर भी संतोष जाहिर किया है। क्योंकि इसका सीधा संबंध धीरे-धीरे सामान्य हो रहे द्विपक्षीय संबंधों से जुड़ा हुआ है। विदेश ▶▶ शेष पेज 5 पर



फाइल फोटो

### परिसीमन, सीमा प्रबंधन पर हुई चर्चा

बैठक में परिसीमन, सीमा प्रबंधन, सीमा पार सहयोग और अन्य जरूरी तंत्र के विकास जैसे कुछ अन्य मामलों पर भी दोनों पक्षों ने विचार-विमर्श किया है। कुल मिलाकर देखें तो यह चर्चा रचनात्मक होने के साथ ही भविष्योन्मुखी साबित हुई है। दोनों देशों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

कहा, खरीफ सम्मेलन में क्लाइमेट चेंज से लेकर डिजिटल खेती तक बनेगा कृषि रोडमैप

## हर राज्य की खेती का अलग मॉडल, इसलिए रीजनल स्तर पर बन रही रणनीतिः शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में खरीफ सम्मेलन-2026 को लेकर एक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

इस दौरान केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, किसानों की आजीविका को बेहतर बनाना और देशवासियों को पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 28 और 29 मई 2026 को नई दिल्ली के एनएएससी कॉम्प्लेक्स, पूसा में दो दिवसीय राष्ट्रीय खरीफ अभियान–2026 पर कृषि सम्मेलन आयोजित किया गया है जिसमें देशभर के कृषि मंत्री, वैज्ञानिक और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो रहे हैं, आईसीएआर, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि भी इस महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा बने हैं। खरीफ सीजन की तैयारी को लेकर दो दिन तक विस्तार से चर्चा और समीक्षा की जाएगी। हमारा उद्देश्य है कि किसानों को बेहतर योजना, बेहतर तकनीक और बेहतर समर्थन मिले। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारा खरीफ सम्मेलन प्रारंभ हुआ है और आज यहाँ पूरी 'टीम एग्रीकल्चर' मौजूद है। टीम एग्रीकल्चर का मतलब केवल केंद्र सरकार नहीं, बल्कि राज्य सरकारें, आईसीएआर के वैज्ञानिक, केंद्र और राज्यों के अधिकारी, एफपीओ प्रतिनिधि तथा खेती-किसानी के बारे में सोचने वाला पूरा समूह है। उन्होंने कहा कि कृषि राज्य ▶▶ शेष पेज 5 पर

ट्विशा डेथ केसः एक दिन पहले ही हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत खारिज की थी

गिरिबाला का एम्स में फिलहाल मेडिकल नहीं कराया गया

## सीबीआई ने लंबी पूछताछ के बाद सास पूर्व जज गिरिबाला सिंह को किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्विशा डेथ केस में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को भोपाल पुलिस ने गुरुवार को 7 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई के अधिकारी गुरुवार सुबह साढ़े 10 बजे गिरिबाला के कटारा हिल्स स्थित घर पहुंचे थे। शाम 5 बजकर 10 मिनट पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। इससे पहले बुधवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने गिरिबाला की अग्रिम ▶▶ शेष पेज 5 पर








इसी कार से गिरिबाला को ले जाया गया

- *पूर्व जज को मैनिट के कैंप फिर एम्स में मेडिकल कराया बाद में सीबीआई दफ्तर ले जाया गया*
- *शुक्रवार को समर्थ और गिरिबाला को एक साथ किया जाएगा पेश*

### हाई इंटेंसिटी कैमरे से रिकॉर्डिंग की

इससे पहले जांच के दौरान सीबीआई ने गिरिबाला सिंह के घर में हाई इंटेंसिटी 3डी कैमरा लगाकर पूरे परिसर की 360 डिग्री रिकॉर्डिंग की। आसपास की लोकेशन भी स्कैन की गई, ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटनास्थल किसी पड़ोसी मकान की छत या बालकनी से दिखाई देता है या नहीं?

### फूंक-फूंक कर कदम रख रही है सीबीआई

गिरिबाला सिंह सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं, इसलिए सीबीआई ने भी फूंक-फंककर कदम रख रही है। पूरी कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी गिरिबाला सिंह को है, इसलिए सीबीआई ने गिरिबाला सिंह को उनके बयान और मुख्य आरोपी ट्विशा शर्मा के पति समर्थ सिंह के बयानों में विरोधाभासी पाए जाने और एम्स भोपाल की मेडिकल रिपोर्ट में मौत से पहले ट्विशा शर्मा के शरीर पर चोट के निशान को प्रताड़ना सिद्ध होने के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## रेखा गुप्ता ने मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर प्रधानाचार्यों के साथ की वर्चुअल बैठक

# स्कूलों में स्वच्छ टॉयलेट, मेडिकल रूम और वेंडिंग मशीन की व्यवस्था की जाए सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के स्कूलों में स्वच्छ टॉयलेट, मेडिकल रूम और वेंडिंग मशीन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर दिल्ली सरकार के स्कूलों के प्रधानाचार्यों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद करने के दौरान दिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता, मानसिक सशक्तिकरण और स्कूलों में बेहतर सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की और प्रधानाचार्यों को कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपीं। मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में आयोजित इस इस महत्वपूर्ण बैठक में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, शिक्षा निदेशक वेदिता रेड्डी व शिक्षा विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारी बेटियां स्कूल में पढ़ती हैं और वे प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया से गुजरती हैं, तब शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की भूमिका केवल प्रशासक की नहीं बल्कि अभिभावक की भी होती है। इन विशेष दिनों में कई बेटियां असहज महसूस करती हैं, स्कूल नहीं आ पातीं और उनका पढ़ाई में मन नहीं लगता।

ऐसे समय में उन्हें अपनापन, विश्वास और संवेदनशीलता की आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री ने प्रधानाचार्यों से कहा कि छात्राओं को यह समझाया जाए कि मासिक धर्म सामान्य प्रक्रिया है और इसे लेकर किसी प्रकार का डर या संकोच नहीं होना चाहिए। स्कूलों में ऐसा वातावरण बनाया जाए जहां वे खुलकर अपनी समस्याएं साझा कर सकें और उन्हें मानसिक दबाव से बाहर निकालने में मदद मिले। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्कूलों के टॉयलेट ब्लॉकों की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें शिकायतें मिली हैं कि कुछ स्कूलों के शौचालय ठीक स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्कूलों के टॉयलेट ब्लॉक साफ-सुथरे हों, दरवाजों में किसी प्रकार की टूट-फूट न हो और आवश्यक मरम्मत कार्य समय पर पूरे किए जाएं। इसके लिए स्कूल फंड का उपयोग करने अथवा इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से भी बात की जाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'मेंस्ट्रुअल हेल्थ मैटर्स' अभियान के अंतर्गत कई बड़े और महत्वपूर्ण नीतिगत फैसलों की घोषणा की। इस अभियान के तहत सरकारी स्कूलों, सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक शौचालयों और आरोग्य मंदिरों में लगी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन्स की नियमित मेंटेनेंस और टाइमली रिफिल सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष एडवाइजरी जारी की जाएगी। अब इस पूरी व्यवस्था को सेंट्रलाइज्ड किया जा रहा है ताकि दिल्ली की प्रत्येक बच्ची तक बेस्ट क्वालिटी बायोडिग्रेडेबल सेनेटरी पैड्स की पहुंच सुनिश्चित हो सके। अब सरकार पूरी तरह से सेफ, हाइजीनिक और क्वॉलिटी-टेस्टेड सेनेटरी प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने की दिशा में काम करेगी। साथ ही, आशा और आंगनवाड़ी वर्कर्स के माध्यम से पूरी दिल्ली में बड़े स्तर पर अवेयरनेस प्रोग्राम चलाए जाएंगे ताकि मेंस्ट्रुअल हेल्थ से जुड़ी सही जानकारी समाज के हर घर तक पहुंच सके। स्कूली स्तर पर इस जागरूकता को और पुख्ता करने के लिए कक्षा 6 से 9 तक के पाठ्यक्रम में मेंस्ट्रुअल हेल्थ एजुकेशन को और अधिक मजबूत और प्रभावी बनाया जाएगा।

### एडोलसेंट हेल्थ और सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि बच्चियों को पीरियड्स के अलावा पीसीओएस, एनीमिया, सर्वाइकल कैंसर, मेनोपॉज और एचपीवी वैक्सीनेशन जैसे स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। इसके लिए आरोग्य मंदिरों में नियमित हेल्थ सेशन आयोजित किए जाएंगे, जहां डॉक्टर्स और ट्रेंड स्टाफ महिलाओं एवं छात्राओं के साथ सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने प्रधानाचार्यों से कहा कि छात्राओं को यह वैक्सीन लगाने से पहले उनके अभिभावकों से अनुमति ली जाए और उन्हें इसके महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल खुलने के बाद सरकार छात्राओं को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराने जा रही है तथा इस दौरान अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। सर्वाइकल कैंसर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह महिलाओं में होने वाले सबसे सामान्य कैंसरों में से एक है, लेकिन सही जागरूकता और समय पर वैक्सीनेशन के माध्यम से इसे काफी हद तक रोका जा सकता है, इसलिए एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति अवेयरनेस बढ़ाना आज समय की सबसे बड़ी मांग है।

## ईद-उल-अजहा के मौके पर कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज अदा की गई

**नई दिल्ली।** राजधानी में बृहस्पतिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक अदा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त कर्मियों, दंगा विरोधी वाहनों और त्वरित प्रतिक्रिया दलों को तैनात किया था। पुलिस ने बताया कि शहर भर की प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों और चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर सुबह से ही व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। उत्तर-पूर्वी और उत्तरी दिल्ली जिलों में विशेष ध्यान दिया गया था। त्योहार से जुड़ी किसी भी तरह की भड़काऊ पोस्ट, अफवाह या आपत्तिजनक वीडियो के प्रसार को रोकने के लिए साइबर टीमों द्वारा सोशल मीडिया मंचों पर लगातार नजर रखी गई। उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी राहुल अलवाल ने बताया कि ईद-उल-अजहा के मद्देनजर उत्तर-पूर्वी जिले में करीब 1,100 पुलिसकर्मियों के साथ अतिरिक्त सुरक्षा बलों की 23 कंपनियां तैनात की गई थी। डीसीपी ने बताया कि सुबह पांच बजे से ही सभी प्रमुख नमाज स्थलों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई थी तथा मंदिरों के आसपास के इलाकों में भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। अधिकारी ने बताया कि त्योहार के दौरान सांप्रदायिक सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए एसीपी और थाना प्रभारियों ने पिछले कुछ हफ्तों में अमन समितियों और स्थानीय समुदाय के नेताओं के साथ नियमित बैठकें की थी। राहुल अलवाल ने कहा कि हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि खुले में किसी भी तरह से पशुओं की कुर्बानी न दी जाए और पशुओं का अपशिष्ट सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंका जाए। उत्तरी दिल्ली में पुलिस ने त्योहार से पहले सदर बाजार, ईदगाह, कुरैश नगर, कुतुब रोड और बाड़ा हिंदू राव जैसे संवेदनशील इलाकों में मार्च किया। डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि इसका उद्देश्य शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाना और ईद-उल-अजहा के लिए जारी दिशा-निर्देशों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष कौल उर्फ वरुण, निवासी बी-166, डीएलएफ कैपिटल ग्रीन, मोती नगर, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 172/2018 भा.द.सं. की धारा 186/353/307/323/506 के तहत, थाना कीर्ति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष कौल उर्फ वरुण** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष कौल उर्फ वरुण** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 172/2018 भा.द.सं. की धारा 186/353/307/323/506 के तहत, थाना कीर्ति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनीष कौल उर्फ वरुण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **10.07.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सौम्या चौहान
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) पश्चिम
कमरा नं.324, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6948/WD/2026


# ऑपरेशन स्ट्रीट शील्ड के तहत शातिर अपराधी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी जिले की एएसबी और मयूर विहार पुलिस ने ऑपरेशन स्ट्रीट शील्ड के तहत एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। इसके पास से लूटी गई सोने की चेन और अपराध में इस्तेमाल दो मोटरसाइकिलें जब्त की गई है। आरोपी के साथियों को पकड़ने के प्रयास जारी है।

डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार आरोपी नीरज उर्फ गंजा उर्फ नरेश (29) निवासी त्रिलोकपुरी को पहले मयूर विहार थाने के एक पुराने लूट के मामले में न्यायालय द्वारा भगौड़ा अपराधी घोषित किया गया था। आरोपी हत्या, हत्या के प्रयास, लूट व डकैती और आर्म्स एक्ट सहित करीब सात आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। आरोपी 24 मई को सुबह लगभग 8 बजे सैर पर निकली पूनम नामक महिला निवासी मयूर विहार फेज 1 निर्माण अपार्टमेंट की बल पूर्वक सोने की चेन छीनने की घटना में शामिल था। इस वारदात में इसके तीन साथी भी दो मोटरसाइकिलों पर सवार थे। अपराध की गंभीरता को देखते हुए एएसबी और मयूर विहार पुलिस स्टेशन की 'क्रैक टीम' जांच में लगाई गई थी।

टीम में एसआई सुधीर कुमार, हेड कांस्टेबल मनेन्द्र, सुबोध, शैलेन्द्र, नवदीप, कांस्टेबल अनंत पाल, मोरध्वज शामिल थे। टीम का नेतृत्व एसआई अजय तोमर (प्रभारी, एएसबी सेल) ने किया। जांच के दौरान घटनास्थल और आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए गए और उनका गहन विश्लेषण किया गया। आखिर में नीरज को न्यू अशोक नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान, इस मामले में लूट से संबंधित धाराएं भी जोड़ी गई है।

## राजेंद्र नगर में दो बुजुर्ग महिलाएं अपने घर में मृत मिली

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के न्यू राजेंद्र नगर स्थित एक आवास में बृहस्पतिवार सुबह दो बुजुर्ग महिलाएं संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई। हालांकि घर में जबरन प्रवेश के कोई संकेत नहीं मिले हैं। महिलाओं की पहचान सरोज बाला और उनकी रिश्तेदार चंद्रकांता के रूप में हुई है। दोनों की उम्र लगभग 80 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने बताया कि सरोज बाला अविवाहित थीं और पिछले कई वर्षों से चंद्रकांता के साथ उसी घर में रह रही थी। उनकी घरेलू सहायिका ने बृहस्पतिवार सुबह करीब 10:30 बजे पुलिस को घर से बदबू आने की सूचना दी। घर के बरामदे की सफाई करने वाली सहायिका ने पाया कि सभी दरवाजे अंदर से बंद थे। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान दोनों महिलाओं के शव एक कमरे में मिले, जिनमें से एक बिस्तर पर और दूसरी फर्श पर पड़ी थी। पुलिस को आशंका है कि उनकी मौत एक या दो दिन पहले हुई होगी, क्योंकि घर से दुर्गंध आने लगी थी। पड़ोसियों ने भी हाल के दिनों में दोनों महिलाओं को नहीं देखा था। पुलिस ने कहा कि यह एक मंजिला मकान है जिसमें चार प्रवेश द्वार हैं। निरीक्षण के दौरान जबरन प्रवेश, तोड़फोड़ या हाथापाई के कोई निशान नहीं मिले हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या दोनों महिलाएं किसी उम्र संबंधी बीमारी से पीड़ित थीं या घर में पारिवारिक सहायता के बिना रह रही थीं। अधिकारियों के अनुसार पड़ोसियों और स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में किसी तरह की गड़बड़ी के संकेत नहीं मिले हैं, हालांकि आकस्मिक मृत्यु और चिकित्सीय कारणों सहित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा और उसी के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


**एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड**
CIN No. L72100DL1993PLC179154
**पंजी. कार्यालय** : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-92
**कार्पोरेट कार्यालय** : प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा-201305

**31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण भारतीय लेखा मानकों (Ind-AS) के अनुपालन में तैयार किया गया** (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 31 मार्च, 2026 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2026 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2025 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| समेकित वित्त सम्बन्धी : | | | |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 2,677.19 | 5,815.13 | 3,654.04 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | 539.76 | 261.61 | 373.05 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | 539.76 | 261.61 | 373.05 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व | 8,202.20 | 8,728.31 | (25,180.50) |
| अर्जन प्रति शेयर (रु.)* (वार्षिकृत नहीं) | | | |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | 0.007 | (0.010) | 0.022 |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | 0.007 | (0.010) | 0.022 |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | 0.007 | (0.010) | 0.022 |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | 0.007 | (0.010) | 0.022 |

**टिप्पणी :**
1) स्टैंडअलोन वित्त सम्बन्धी :

| विवरण | समाप्त तिमाही 31 मार्च, 2026 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2026 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2025 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 924.67 | 2,914.67 | 3,267.51 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | 301.58 | (296.76) | 273.93 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | 301.58 | (296.76) | 273.93 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | (0.007) | (0.04) | 0.02 |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | (0.007) | (0.04) | 0.02 |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | (0.007) | (0.04) | 0.02 |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | (0.007) | (0.04) | 0.02 |

2) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स पर बीएसई (www.bseindia.com) पर, एनएसई (www.nseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट्स (www.fcsltd.com) पर उपलब्ध हैं।

स्थान : नोएडा
दिनांक : 28.05.2026

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लि.
हस्ता/-
(निदेशक)


## चाकू मारकर हत्या के आरोप में नाबालिग समेत दो दबोचे

**नई दिल्ली।** इस महीने की शुरुआत में मध्य दिल्ली के आनंद पर्वत इलाके में 21 वर्षीय युवक की हत्या के मामले में मुख्य संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया है। केस में एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि कथित तौर पर पुरानी दुश्मनी के कारण पीड़ित सागर की 14 और 15 मई की दरमियानी रात को चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। बालिग आरोपी का नाम पटेल नगर निवासी हिमांशु तिवारी (19) है। वारदात के बाद आरोपी कथित तौर पर दिल्ली से भाग गया था और राजस्थान में छिपा था। पुलिस के अनुसार 25 मई की देर रात एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई थी कि हिमांशु तिवारी राजौरी गार्डन क्षेत्र के एक मॉल में एक सहयोगी से मिलने जाएगा। पुलिस ने मॉल के पास जाल बिछाकर आरोपी और नाबालिग को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान तिवारी ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि उसने और उसके साथियों ने पुरानी दुश्मनी के चलते सागर पर हमला किया और उसे बार-बार चाकू मारा। तिवारी लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। वारदात के बाद वह राजस्थान चला गया था और हाल ही में दिल्ली लौटा था।

# हाईवे डकैती का मामला कुछ ही घंटों में सुलझा, आधा दर्जन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की नरेला इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस ने आधी रात को हुई हाईवे डकैती का मामला कुछ ही घंटों में सुलझा लिया है। इस सिलसिले में छह अपराधी पकड़े गए है। इनमें दो नाबालिग भी शामिल है। आरोपियों से लूटा गया सामान और भागने में इस्तेमाल कार बरामद हुई है।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार 26-27 मई की दरमियानी रात को छोटी मेट्रो कट, यूईआर-2, होलांबी खुर्द के पास एक हिंसक लूट के बारे में पीसीआर कॉल मिली थी। पीड़ित जो होलांबी खुर्द का रहने वाला है और शाहबाद डेयरी में काम करता है अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। एक सफेद रंग की फ्रोंक्स कार ने उसकी बाइक को रोका। कार में सवार चार लोग बाहर निकले और पीड़ित को काबू किया। उसे जबरदस्ती अपनी गाड़ी में खींच लिया। चलती कार के अंदर पीड़ित के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। उसका मोबाइल फोन लूट और मोटरसाइकिल लूट बदमाश फरार हो गये। पीड़ित को नरेला में हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे फेंका गया था। पीड़ित के भाई द्वारा की गई पीसीआर कॉल मिलने पर नरेला इंडस्ट्रियल एरिया की एक पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मामला दर्ज किया। अपराधियों का पता लगाने के लिए तुरंत एक विशेष पुलिस टीम तैनात की गई। सघन तलाशी अभियान चलाए गए और भागने के सभी संभावित रास्तों के सीसीटीवी फुटेज की प्राथमिकता के आधार पर जांच की गई। तकनीकी निगरानी, स्थानीय खुफिया जानकारी और मौके पर त्वरित तैनाती के मेल का इस्तेमाल करते हुए पुलिस ने अपराध में शामिल सभी छह व्यक्तियों को पकड़ लिया। चार आरापियों के नाम अंकित (24), निवासी सोनीपत, हर्ष (21), निवासी गांव नांगल ठाकरान, सुधीर (28), निवासी सोनीपत और संकेत (19), निवासी सोनीपत, हरियाणा बताये गये है। अन्य दो नाबालिग है और वे भी सोनीपत के रहने वाले हैं।


**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**
CIN: L26912DL1991PLC045449 ,
Regd.off : 129 Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035, Ph.: 011-28315036
Corp.Off : 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, NH-48, Gurugram (Haryana)-122002, Ph.0124-2719000
Website : www.sainikfinance.com , Email : info@sainik.org, legal.secretarial@sainikmining.com

**Extract of Statement of Standalone Audited Financial Results for the quarter and year ended on 31 March 2026** (Rs. in Lakhs)

| Sl. | Particulars | 3 months ended (Audited) 31.03.2026 | 3 months ended (Reviewed) 31.12.2025 | Corresponding 3 months ended in the previous year (Audited) 31.03.2025 | Year to date figures for current year ended (Audited) 31.03.2026 | Previous Accounting Year ended (Audited) 31.03.2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations | 482.96 | 441.21 | 525.72 | 1,695.11 | 1,672.82 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary Items) | 165.00 | 123.51 | 270.20 | 442.00 | 623.29 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 165.00 | 123.51 | 270.20 | 442.00 | 623.29 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 125.51 | 123.51 | 267.04 | 416.56 | 617.61 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 125.51 | 123.51 | 267.04 | 408.36 | 612.21 |
| 6 | Equity Share Capital (face value of the share :Rs.10 each) | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve ) as per previous financial year | - | - | - | 3,739.64 | 3,331.26 |
| 8 | Earning per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) 1. Basic : 2. Diluted : | 1.15 1.15 | 1.14 1.14 | 2.45 2.45 | 3.83 3.83 | 5.68 5.68 |

Notes:-
1. The above is an extract of the detailed format of Financial Result for the quarter and year ended 31 March 2026 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements ) Regulation, 2015. The full format of the quarter and annual financial results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com and also on the Company's website www.sainikfinance.com
2 The above financial result were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 28 May, 2026.
3 The auditor have carried out audit of the financials for the quarter and for the financial year ended on 31 March 2026 as required under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulation 2015 and the related unmodified Audit Report on the same forwarded to the Stock Exchanges.
4 The figures for the 3 months ended on 31 March 2026 and corresponding 3 months ended on 31 March 2025 are balancing figure in respect of the full financial year and the year to date figures upto the third quarter of the respective financial years.
5 Previous periods'/years' figures have been regrouped /recasted wherever necessary.

For and on behalf of the Board
Sainik Finance & Industries Limited
sd/-
Sarvesh Sindhu
Director (DIN-06545787)

Place: Gurugram (Haryana)
Date: 28 May 2026


## लीगेसी कचरे के निस्तारण कार्य का किया निरीक्षण

# केंद्रीय मंत्री ने भलस्वा लैंडफिल साइट का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारत सरकार में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने गुरूवार को भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण कर वहां चल रहे लीगेसी कचरे के बायो माइनिंग एवं बायो रेमेडिएशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के सिविल लाइंस जोन के अध्यक्ष गुलाब सिंह, निगम आयुक्त संजीव खिरवार, सिविल लाइंस क्षेत्र के उपायुक्त शशि प्रताप सिंह, प्रमुख अभियंता पी.सी मीणा सहित दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। मनोहर लाल ने भलस्वा लैंडफिल साइट पर चल रहे बायोमाइनिंग एवं वेस्ट प्रोसेसिंग कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कहा कि हमने इस लैंडफिल साइट को तय समयसीमा में पूर्णतः समाप्त करने का लक्ष्य रखा है और उसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युद्धस्तर पर कार्य जारी है।

### लीगेसी कचरे के निस्तारण की प्रक्रिया को तेज किया

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर स्थित कूड़े के इस विशाल पहाड़ को समाप्त करने के लिए वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों के माध्यम से लीगेसी कचरे के निस्तारण की प्रक्रिया को तेज किया गया है तथा पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### भलस्वा लैंडफिल साइट पर तेजी से निष्तारण कार्य जारी

मनोहर लाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के विजन को साकार करते हुए केंद्र सरकार दिल्ली के नागरिकों को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इसी दिशा में निर्धारित समयसीमा के भीतर भलस्वा लैंडफिल साइट पर जमा कचरे के निस्तारण हेतु सभी आवश्यक कदम तेजी से उठाए जा रहे हैं।

## केंद्र-राज्य की साझेदारी से बदलेगी दिल्ली-एनसीआर की सूरत : रेखा गुप्ता

# 'दिल्ली को जाम मुक्त बनाने के लिए सुरंग, एक्सप्रेस-वे का बिछेगा जाल'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली को जाममुक्त बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार एक्सप्रेस-वे, सुरंग, एलिवेटेड कॉरिडोर का का जला बिछाएगी। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली-एनसीआर को जाम मुक्त बनाने, आवागमन को तेज, सुरक्षित और सुगम बनाने और राजधानी को भविष्य के अनुरूप परिवहन नेटवर्क के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार मिलकर बड़े स्तर पर आधुनिक सड़क एवं संपर्क परियोजनाओं पर कार्य कर रही हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ दिल्ली-एनसीआर की प्रमुख सड़क एवं संपर्क परियोजनाओं को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी दी थी। मुख्यमंत्री ने इसके ल ए नितिन गडकरी को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) एक्सटेंशन से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे परियोजना के तहत लगभग 17 किलोमीटर लंबे, 6-लेन और लगभग 3 हजार 500 करोड़ रुपये लागत वाले मार्ग का निर्माण किया जाएगा। यह कनेक्टिंग लिंक परियोजना ट्रोनिका सिटी के पास दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को यूईआर-2 से जोड़ेगी। इससे आईजीआई एयरपोर्ट, बारापुला नाला, मुकरबा चौक, सिंघु बॉर्डर और आश्रम-बदरपुर मार्ग पर यातायात दबाव कम होगा। साथ ही, द्वारका, रोहिणी, पंजाबी बाग और गुरुग्राम को देहरादून एक्सप्रेसवे तक सीधा संपर्क मिलेगा। वहीं मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से नोएडा-फरीदाबाद संपर्क कॉरिडोर परियोजना के तहत लगभग 65 किलोमीटर लंबे, 6-लेन और 7 हजार 500 करोड़ रुपये लागत वाले मार्ग का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, डीएनडी, फरीदाबाद और यमुना एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ेगी। इससे लोनी, बागपत, गाजियाबाद, नोएडा और फरीदाबाद को तेज संपर्क सुविधा मिलेगी।

### 1500 करोड़ की लागत से बनेगा दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली-अमृतसर-कटरा संपर्क को यूईआर-2 से जोड़ने की परियोजना के तहत दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे से आने वाले यातायात को यूईआर-2 और द्वारका एक्सप्रेसवे के माध्यम से दिल्ली, गुरुग्राम और आईजीआई एयरपोर्ट तक सीधा संपर्क मिलेगा। यह परियोजना दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे से आने वाले ट्रैफिक को यूईआर-2 पर लाने के लिए है। लगभग 17 किलोमीटर लंबे, 6-लेन और 1 हजार 500 करोड़ रुपये लागत वाले इस मार्ग से भारी वाहनों का बेहतर डायवर्जन होगा, दिल्ली-एनसीआर में जाम कम होगा और मालवाहक परिवहन अधिक सुचारु बनेगा। इस परियोजना का कार्य मार्च 2027 तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

### यूईआर-2 सर्विस रोड से मिलेगा सुगम संपर्क

मुख्यमंत्री ने बताया कि अगली परियोजना मौजूदा यूईआर-2 के किनारे सर्विस रोड विकसित करने की परियोजना है। यह बाहरी दिल्ली में संपर्क सुविधा और नियोजित शहरी विस्तार को गति देगी। लगभग 26 किलोमीटर लंबी और 6 हजार 500 करोड़ रुपये लागत वाली इस परियोजना के तहत यूईआर-2 के दोनों ओर सेकेंडरी सर्विस रोड विकसित किए जाएंगे। 19 किलोमीटर लंबी दो-लेन सेकेंडरी सर्विस रोड के निर्माण के लिए 121 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जा चुके हैं। इससे स्थानीय लोगों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और रिहायशी क्षेत्रों को सुरक्षित एवं सुगम संपर्क सुविधा मिलेगी। इससे मुंडका औद्योगिक क्षेत्र और लॉजिस्टिक्स हब को विशेष लाभ मिलेगा।

# दिल्ली भाजपा के नए अध्यक्ष बने हर्ष मल्होत्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा में गुरूवार की सुबह अध्यक्षीय परिवर्तन की घोषणा हुई और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं पूर्वी दिल्ली से सांसद हर्ष मल्होत्रा को दिल्ली भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। भाजपा की उच्च संगठनात्मक परम्पराओं का पालन करते हुए निवर्तमान अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रदेश कार्यालय में एक सादे मगर प्रभावी कार्यक्रम में हर्ष मल्होत्रा का प्रदेश कार्यालय के बाहर हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में स्वागत किया और उन्हें पदभार सौंपा।

इस शुभ अवसर पर हर्ष मल्होत्रा ने राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आर्शीवा से मैं इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को स्वीकार करता हूँ। मेरा मानना है कि भाजपा में जिम्मेदारियाँ 400 मीटर की रिले दौड़ की तरह होती हैं, आज वीरेन्द्र सचदेवा ने मुझे यह जिम्मेदारी रूपी बैटन सौंपी है और मैं संकल्प लेता हूँ कि दिल्ली के हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ और नेतृत्व के मार्गदर्शन में, मैं दिल्ली में भाजपा को आगे बढ़ाने तथा दिल्ली सरकार के कार्यों को और गति देने के लिए हर संभव प्रयास करूँगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. हर्षवर्धन, विजय गोयल, सतीश उपाध्याय, सांसद मनोज तिवारी एवं आदेश गुप्ता, दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद एवं कपिल मिश्रा, महापौर प्रवेश वाही, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत, बाँसुरी स्वराज एवं स्वाति मालीवाल ने प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित समारोह में उपस्थित रहकर नवनियुक्त अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा का स्वागत अभिनंदन किया।

### नई ऊंचाईयों पर ले जाने का दायित्व हर्ष मल्होत्रा के कंधों पर: सचदेवा

दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज दिल्ली में हमारी यशस्वी सरकार काम कर रही है और जिस सिद्धांत के साथ सरकार काम कर रही है उन कामों को अब नई ऊंचाईयों पर ले जाने का दायित्व अब नए अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा के कंधों पर है। हम सब जानते हैं कि एक प्रशासक के रुप में महापौर, सांसद और मंत्री के रुप में आपके पास काम का अनुभव है तो दूसरी तरफ एक संगठक के रूप में भी लंबा अनुभव हैं।

### एक परिवार के सदस्य के रूप में साथ लेकर चलेंगे मल्होत्रा : रेखा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि हर्ष मल्होत्रा भी दिल्ली भाजपा के सभी साथियों और कार्यकर्ताओं का उसी प्रकार मार्गदर्शन और संरक्षण करेंगे, जैसे वीरेन्द्र सचदेवा ने किया, और हम सभी को एक परिवार के सदस्य के रूप में साथ लेकर चलेंगे। इससे पहले सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि जब से वीरेन्द्र सचदेवा ने हमारी दिल्ली इकाई की कमान संभाली है, उनके नेतृत्व में पार्टी ने नई ऊँचाइयों को छुआ है। आखिरकार वह क्षण आया, जिसका पूरे देश को बेसब्री से इंतजार था। 27 वर्षों बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी। उन्होंने कहा कि आज हर्ष मल्होत्रा इसी जिम्मेदारी को संभालने के लिए आगे आए हैं।

## खबर संक्षेप

### कई इलाकों में नहीं आ रहा है पानी : सौरभ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के कई इलाकों में एक महीने तो कुछ इलाको में 10 से 15 दिनों से पानी नहीं आने से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी के लिए मचे कोहराम के लिए भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार जिम्मेदार है। क्योंकि एक महीने से दिल्ली जल बोर्ड बिना सीईओ के चल रहा है। इसके चलते कोई नीतिगत फैसला नहीं हो पा रहा है और जल बोर्ड पानी का प्रबंधन नहीं कर पा रहा है। इसलिए पूरी दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। सौरभ ने कहा कि सरकार को पता था कि गर्मी के दिनों में पानी की खपत बढ़ जाती है। ऐसे में उसे पहले से तैयारी करके रखनी चाहिए थी।

### जल संकट से मचा हुआ है हाहाकर : यादव

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी में जल संकट से दिल्ली में हाहाकर मचा हुआ है लोग पानी के लिए घंटों टैंकरों का इंतजार कर एक- एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने गुरूवार को दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि इस मामले पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता चुप्पी साधे हुए है और आम आदमी पार्टी का मटका प्रदर्शन दिल्ली की जनता की पानी की जरुरत और उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा टैंकरों द्वारा लोगों की पानी की जरुरत पूरी न करने से लोगों में भारी रोष है।

### दिल्ली नगर निगम समितियों के चुनाव पर आमने सामने आप- भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की वार्ड समितियों के चुनाव पर टलने के मामले में आम आदमी पार्टी और भाजपा फिर आमने सामने दिखाई दी। आम आदमी पार्टी नेताओं ने उक्त चुनाव को टाले जाने पर भाजपा पर निशाना शाधा तो वहीं भाजपा ने आप नेताओं को नवम्बर 2022 से मार्च 2025 तक का कार्यकाल याद दिलाया। गुरुवार को भाजपा दिल्ली के नए अध्यक्ष नियुक्ति से एक बात साफ़ हो गई कि हर संवैधानिक पद और समितियों पर सिर्फ भाजपा की राजनीति भारी है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने गुरूवार को भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि दो बार एमसीडी वार्ड कमेटियों और स्थायी समिति के चुनाव तय हुए, फाइल सब जोन में साइन हुई, नोटिफिकेशन आया और फिर बिना किसी कारण चुनाव टाल दिए गए। क्योंकि वीरेंद्र सचदेवा की विदाई पहले करनी थी? ऐसा क्या था जो वीरेंद्र सचदेवा के जाने के बाद ही चुनाव करवाने थे? आखिर भाजपा में क्या चल रहा है? एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने एक्स पर कहा कि भाजपा सरकार एमसीडी वार्ड कमिटी चुनाव कराने से बार-बार भाग रही है। कमिटी के चुनाव तीसरी बार टाले गए हैं। जबकि 29 मई को कमिटी चुनाव के लिए नामांकन और 3 जून को होने वाले चुनाव को बिना तय प्रक्रिया अपनाए अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि बार-बार वार्ड समिति चुनाव टालने के पीछे भाजपा को अपने पार्षदों की नाराजगी के चलते कई जोन गंवाने का डर है। आप नेता प्रवीण कुमार राजपूत ने कहा कि निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बना चुकी भाजपा बताए, वार्ड कमेटियों के चेयरमैन का चुनाव कब करवाएगी।

### लाजपत नगर मार्केट में अवैध पार्किंग की समस्या का समाधान करें अधिकारी: महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने गुरूवार को महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने अमर कॉलोनी वार्ड की नागरिक सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस अवसर पर सेंट्रल मार्केट लाजपत नगर की एसोसिएशन के सदस्य व स्थानीय आरडब्ल्यूए, निवासियों ने महापौर प्रवेश वाही को बताया कि क्षेत्र में हो रही अवैध पार्किंग के चलते दुकानदार, आगंतुकों व स्थानीय लोगों को खासा परेशानी हो रही है और इन पार्किंग में मनमाने पैसे वसूले जा रहे हैं। मामले का संज्ञान लेते हुए, महापौर ने अधिकारियों को मुख्य सड़कों और मार्केट में अवैध पार्किंग की समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए ताकि यातायात जाम से बचा जा सके और पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर उनके साथ स्थानीय पार्षद शरद कपूर, लाजपत नगर मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी, स्थानीय आरडब्लूए और क्षेत्र के विभिन्न विभागों के प्रमुख व निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर वाही ने कहा कि हम दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे और क्षेत्र के सभी विकास संबंधी मुद्दों का तत्काल समाधान करेंगे। वाही ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम, जनता को अधिक से अधिक नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। इस दौरान महापौर प्रवेश वाही ने महान क्रांतिकारी एवं प्रखर राष्ट्र वादी विचारक वीर सावरकर के महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनका त्याग, साहस और समर्पण सदैव हम सभी को प्रेरित करता रहेगा।

### 'दिल्ली सरकार हाइड्रोजन फ्यूल सेल बसों के संचालन के लिए तैयार'

नई दिल्ली। स्वच्छ और ग्रीन सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार डीटीसी, एनटीपीसी और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए हाइड्रोजन फ्यूल सेल बसों के संचालन की दिशा में आगे बढ़ रही है। डीटीसी और एनटीपीसी के समन्वय से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर दो हाइड्रोजन फ्यूल सेल बसों को राजधानी की सड़कों पर उतारा जा जाएगा। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी है। डॉ. पंकज ने बताया कि इन बसों को ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (जीसीसी) मॉडल के तहत चलाने का प्रस्ताव है, जिसमें डीटीसी ऑपरेशनल तैनाती में मदद करेगा। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत स्वीकृत जीसीसी दरों पर होने वाला ऑपरेशनल खर्च डीटीसी उठाएगा, जबकि जीसीसी फ्रेमवर्क से ज्यादा होने वाले खर्च के लिए एनटीपीसी के सीएसआर सहायता फंड और संबंधित एजेंसियों से सलाह-मशविरा करके संचालन व्यवस्थाओं की संभावना तलाशी जा रही है। मंत्री पंकज ने कहा कि दिल्ली सरकार डीटीसी, एनटीपीसी और अन्य हितधारक राजधानी में हाइड्रोजन फ्यूल सेल बसों का परिचालन शुरू करने के लिए परिचालन संबंधी तौर-तरीकों और एक औपचारिक समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रहे हैं। मंत्री पंकज ने कहा कि यह पहल शहरी परिवहन में उभरती हुई स्वच्छ ईंधन तकनीकों को तेजी से अपनाने की दिशा में एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण को दर्शाती है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल बसों को दुनिया भर में उनके जीरो टेलपाइप उत्सर्जन, उच्च परिचालन दक्षता और बड़े महानगरों की परिवहन प्रणाली के पर्यावरणीय प्रभाव को काफी हद तक कम करने की क्षमता के लिए जानी जाती है।

### सफदरजंग अस्पताल में सफाई कर्मियों की समस्याओं पर बैठक

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य कर्म सिंह कर्मा ने दिल्ली के वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (वीएमसीसी) और सफदरजंग अस्पताल में उच्च अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मियों से जुड़ी विभिन्न शिकायतों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सफाई कर्मियों की कार्य परिस्थितियों, सुविधाओं, ड्यूटी व्यवस्था तथा अन्य लंबित मुद्दों को गंभीरता से उठाया गया। अधिकारियों ने संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का आश्वासन दिया। बैठक में मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिमि में सदस्य कर्म सिंह कर्मा ने संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कर्मियों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए ताकि अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था और कर्मियों के कार्य वातावरण में सुधार हो सके। वहीं, बताया गया कि सफाई कर्मचारी अस्पताल व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक के बाद कर्मियों में सकारात्मक माहौल देखने को मिला और उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई।

# विधानसभा की दुर्लभ बहसों एवं कार्यवाहियों का प्रकाशन एक ऐतिहासिक कदम : बिरला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा की दुर्लभ बहसों एवं कार्यवाहियों का व्यवस्थित प्रकाशन देश की लोकतांत्रिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह विचार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दिल्ली विधान सभा की त्रैमासिक पत्रिका 'विधान-चेतना' के प्रथम अंक तथा केंद्रीय विधान सभा की कार्यवाहियों (1924-1930) के 89 खंडों के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

इस अवसर पर संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने की। इस अवसर पर दिल्ली विधायी कार्य मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, सांसदगण, विधायकगण, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, इतिहास के अध्यापक, प्रतिष्ठित विद्वान एवं इतिहासकार भी उपस्थित थे। ऐतिहासिक केंद्रीय विधानसभा भवन में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह संस्थान भारत की लोकतांत्रिक विरासत का जीवंत प्रतीक है और देश के स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियों को आज भी संजोए हुए है। उन्होंने कहा कि इसी भवन से प्रतिनिधिक अधिकारों के संघर्ष को नई दिशा मिली तथा अनेक राष्ट्रीय नेताओं ने औपनिवेशिक दमनकारी कानूनों के विरुद्ध ऐतिहासिक बहसों और चर्चाओं के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की।

बिरला ने दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता द्वारा वर्ष 1924 से प्रारम्भ होने वाली विधायी कार्यवाहियों एवं अभिलेखों को संकलित कर 89 खंडों में प्रकाशित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ये दस्तावेज भविष्य की पीढ़ियों के लिए औपनिवेशिक काल में लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली, गरिमा एवं संघर्षशीलता को समझने का अमूल्य स्रोत सिद्ध होंगे।

### निर्धारित मानकों के अनुरूप विकसित किए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर : डॉ. पंकज

**नई दिल्ली।** आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर किए गए व्यय को लेकर भ्रामक दावों के संदर्भ में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने गुरुवार को कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विकास एवं संचालन सरकार द्वारा निर्धारित वित्तीय मानकों, तकनीकी दिशा-निर्देशों तथा अनुमोदित फंडिंग ढांचे के अनुरूप किया गया है। उन्होंने कहा कि यह दावा कि मौजूदा स्वास्थ्य सुविधाओं में केवल सतही या सौंदर्यात्मक परिवर्तन किए गए हैं अथवा निर्धारित मानकों से अधिक व्यय किया गया है, तथ्यात्मक रूप से गलत है तथा योजना की वास्तविक कार्यप्रणाली को प्रतिबिंबित नहीं करता। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित आयुष्मान आरोग्य मंदिर मॉडल के अंतर्गत स्वास्थ्य अवसंरचना सुदृढ़ीकरण एवं सेवा उन्नयन हेतु एक निश्चित वित्तीय ढांचा निर्धारित किया गया है। प्रत्येक केंद्र के लिए अवसंरचना उन्नयन हेतु 25 लाख रुपए तथा फर्नीचर, फिक्स्चर एवं आवश्यक कार्यात्मक सुविधाओं हेतु 1 लाख रुपए निर्धारित किए गए हैं। सभी कार्य इन्हीं स्वीकृत वित्तीय प्रावधानों के अंतर्गत किए गए हैं, जिससे सेवा गुणवत्ता, मरीजों के अनुभव, डायग्नोस्टिक क्षमता तथा प्राथमिक स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत किया जा सके। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान दिल्ली में नागरिकों को सुलभ एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत कुल 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित किए गए।

## विकासपुरी और सिविल लाइन ज़ोन में अवैध विज्ञापनों की भरमार

# दिल्ली नगर निगम के विज्ञापन विभाग में 'इंस्पेक्टर राज' हावी

दया राम ⏭ नई दिल्ली

- विज्ञापन नीति के नियमों की खुलेआम हो रही अनदेखी
- एमसीडी 311ऐप पर की गई शिकायतों पर एक्शन नहीं



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आर.पी. सेल के अंतर्गत आने वाले विज्ञापन विभाग में कथित "इंस्पेक्टर राज" इन दिनों भी हावी है और इसको लेकर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। ताजा मामला विकासपुरी और सिविल लाइन ज़ोन से सामने आया है, जहां बड़ी संख्या में अवैध विज्ञापन लगाए जाने की शिकायतें मिल रही हैं।

सूत्रों का दावा है कि इन इलाकों में विज्ञापन नीति की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन शिकायतें निगम आयुक्त कार्यालय तक पहुंच ही नहीं पा रही हैं। सूत्रों के अनुसार, कई प्रमुख सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति के होर्डिंग, बैनर और यूनिपोल लगाए जा रहे हैं। आरोप है कि विभागीय स्तर पर कार्रवाई के बजाय संरक्षण का माहौल बना हुआ है, जिसके कारण अवैध विज्ञापन कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि एमसीडी 311ऐप पर की गई शिकायतों पर एक्शन नहीं किया जा रहा है।

### निगम प्रशासन ने कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी

दिल्ली नगर निगम के भीतर ही चर्चा है कि विज्ञापन विभाग में लंबे समय से एक संगठित तंत्र सक्रिय है, जिसके चलते नियमों का पालन कराने के बजाय कथित मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। हालांकि, इस मामले में निगम प्रवक्ता से जानकारी मांगी गई लेकिन संबंधित विभाग अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### आयुक्त तक नहीं पहुंच पा रही है शिकायत

स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध विज्ञापनों के कारण न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही है, बल्कि सड़क सुरक्षा और राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा है। कई स्थानों पर बड़े-बड़े विज्ञापन बोर्ड ट्रैफिक दृश्यता में बाधा बन रहे हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि यदि किसी स्तर पर शिकायत की जाती है तो वह विभागीय स्तर पर ही दबा दी जाती है और निगम आयुक्त कार्यालय तक वास्तविक स्थिति नहीं पहुंच पाती। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# उग्रवादी संगठन केसीपी का लीडर दिल्ली में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल, मणिपुर पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों की संयुक्त कार्रवाई में उग्रवादी संगठन कांगलेइपक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) का एक प्रमुख कमांडर गिरफ्तार किया गया है। इसकी निशानदेही पर मणिपुर के काकचिंग जिले में एक छापेमारी अभियान चलाया गया जिसके परिणामस्वरूप भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद जब्त किये गये हैं। कमांडर का नाम हाओबिजाम दिलीप सिंह बताया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार हाओबिजाम प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी का एक प्रमुख सदस्य है। वह गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक दर्जन से अधिक मामलों में वांछित था। हाओबिजाम एक गुप्त बैठक के लिए दिल्ली आया था, जिसके चलते केंद्रीय एजेंसियां अलर्ट हुई। इस बात की जांच की जा रही है कि क्या राजधानी भी इस विद्रोही समूह के निशाने पर थी। सूत्रों के अनुसार, जांचकर्ता उसकी गतिविधियों, संपर्कों और दिल्ली यात्रा के उद्देश्य की जांच कर रहे हैं। काकचिंग में जब्त किए गए हथियारों में एक एके-56 राइफल, एक अमोघ राइफल, एक एआई राइफल और एक स्कोप लगी एम4 राइफल शामिल बताई गई हैं। इस अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने 51 उच्च विस्फोटक बम, दो पैरा बम, 11 डेटोनेटर और चार लेथोड गोले भी बरामद किए। इसके अलावा अमोघ, इंसास, एके, .303 और एसएलआर गोला-बारूद सहित विभिन्न कैलिबर के लगभग 2,000 कारतूस भी जब्त किए गए। हथियारों और विस्फोटकों के अलावा, सुरक्षा बलों ने विभिन्न रंगों के बैग, एक तिरपाल की चादर, प्लास्टिक बैग और एयरटेल और जियो सिम कार्ड से लैस एक रेडमी 13सी मोबाइल फोन भी जब्त किया।

**खबर संक्षेप**

## ठगी के मामले में युवती पुलिस की गिरफ्त में




**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड पर एक्टिव इंश्योरेंस पॉलिसी बंद करने के नाम पर लिंक भेजकर 39,329 रुपये की ठगी करने के एक मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने कॉल करने वाली एक युवती को दिल्ली से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा युवती को माननीय अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार गढ़खेड़ा फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 दिसंबर 2025 को उसके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाली युवती ने स्वयं को बैंक का कर्मचारी बताया और कहा कि शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड पर इंश्योरेंस पॉलिसी एक्टिव है, जिसे बंद करने के लिए भेजे गए लिंक पर कार्ड की जानकारी भरकर सब्मिट करनी होगी। जैसे ही शिकायतकर्ता द्वारा भेजे गए लिंक के माध्यम से जानकारी भरकर सब्मिट की गई तो उसके क्रेडिट कार्ड से 39,329 रुपए कट गए।

## सैलून के बाहर युवक पर उस्तरे से किया हमला



**फरीदाबाद।** बीते 16 मई को थाना आदर्श नगर क्षेत्र के अंतर्गत मोहना रोड स्थित एक सैलून के बाहर उस्तरे से हमला करके युवक को घायल करने के मामले में थाना आदर्श नगर की टीम ने आरोपी फजल उर्फ विकास निवासी अंबेडकर बस्ती बल्लभगढ़ के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अनुसंधान में शामिल कर पूछताछ की है। जिसके विरुद्ध विचारण आरंभ करने के लिए, जल्द ही चालान तैयार करके न्यायालय में दिया जाएगा। पूछताछ में खुलासा हुआ कि शिकायतकर्ता और आरोपी दोनों पड़ोसी हैं। नाई की दुकान पर बैठे थे तो उनके बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। गुस्से में उस्तरा उठाकर पीड़ित पर हमला कर दिया। बता दें कि 16 मई को दिन के समय मोहना रोड स्थित जे डी सैलून के सामने जीतू नाम के युवक पर फजल उर्फ विकास ने उस्तरा से वार किया था।

### अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा और मजबूती

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर डॉक्टर अर्चना गुप्ता को जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री डॉक्टर अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भाजपा पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह और खुशी का माहौल है। भाजपा फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।


पंकज पूजन

पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि बहन डॉ अर्चना गुप्ता एक अनुभवी, मेहनती और संगठन के प्रति पूर्ण समर्पित नेत्री हैं। उन्होंने लंबे समय से पार्टी संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए निरंतर कार्य किया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना उनके संघर्ष, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यशैली का सम्मान है। पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है जहां मेहनत और संगठन के प्रति समर्पण रखने वाले कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

अर्चना गुप्ता की नियुक्ति इसी परंपरा का प्रतीक है। बहन अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उनका अनुभव और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करेगा। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में पूरी निष्ठा के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगा। पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नारी शक्ति वंदन और महिला सशक्तिकरण की सोच का सशक्त उदाहरण है। भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो महिलाओं को संगठन और नेतृत्व में अग्रणी भूमिका देने का कार्य कर रहा है।

### पूर्व शिक्षा मंत्री ने महिला को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

# भाजपा ने डॉ. अर्चना गुप्ता के रूप में आधी आबादी महिला को दिया पूरा हकः सीमा त्रिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद


सीमा त्रिखा

हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री एवं भाजपा की वरिष्ठ नेता श्रीमती सीमा त्रिखा ने डॉ. अर्चना गुप्ता को भाजपा हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे हरियाणा की महिलाओं का सम्मान करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने आधी आबादी को पूरा हक देकर महिलाओं का मान बढ़ाया है, इसके लिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर का जितना आभार व्यक्त किया जाए उतना कम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सही मायनों में महिलाओं के हितों के पक्षधर नेता साबित हुए हैं और उन्होंने हमेशा महिलाओं के हितों को सर्वोपरि रखा है।

जबकि कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा जग-जाहिर हो चुका है क्योंकि कांग्रेस ने महिलाओं के अधिकारों की राजनैतिक भ्रूण हत्या करने का कार्य किया जिसे समूचे देश की महिलाओं ने देखा है। उन्होंने कहा कि डा. कमला वर्मा के बाद लगभग 43 साल के लंबे अंतराल के बाद डॉ. अर्चना गुप्ता के रूप में महिला को प्रदेश भाजपा की कमान मिली है जिसके लिए समस्त हरियाणा की महिलाएं आज अपने आपको गौरवांवित महसूस कर रही हैं। पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि आज मनोहर नीति से आज नया और नायाब हरियाणा हर दिशा में प्रगति की ओर अग्रसर है वहीं महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि पेशे से डॉक्टर अर्चना गुप्ता का अनुभव और पार्टी के लिए समर्पण हरियाणा में भाजपा को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ विकसित भारत विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### हरियाणा के ग्रामीण जलकर्मियों के लिए बड़ी खुशखबर

# ट्यूबवेल ऑपरेटर अब कुशल श्रेणी में, वेतन बढ़कर 19 हजार, भारतीय मजदूर संघ ने खुशी जाहिर की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

8,000 ग्रामीण जल कर्मियों को सीधे तौर पर लाभ मिलने का रास्ता साफ हुआ

मजदूर संघ के शीर्ष नेतृत्व और हरियाणा सरकार का सहृदय आभार व्यक्त किया

हरियाणा के ग्रामीण जल कर्मियों के लिए एक बेहद राहत भरी खबर है। प्रदेश के श्रम विभाग ने ग्रामीण जल कर्मियों के बढ़े हुए न्यूनतम वेतन को लागू करने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। श्रम आयुक्त हरियाणा की ओर से विकास व पंचायत विभाग को भेजे गए आधिकारिक पत्र में यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया गया है कि ट्यूबवेल ऑपरेटरों को अब कुशल श्रेणी में माना जाएगा और इसी आधार पर उन्हें बढ़ा हुआ वेतन दिया जाएगा। सरकार के इस फैसले से राज्य के करीब 8,000 ग्रामीण जल कर्मियों को सीधे तौर पर लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

इस नई व्यवस्था के लागू होने से जलकर्मियों के मासिक मानदेय में एक बड़ा उछाल आएगा। जहां पहले ग्रामीण जल कर्मियों को मात्र 13,346 हजार रुपए मासिक



वेतन मिलता था, वहीं अब कुशल श्रेणी में शामिल होने के बाद उन्हें हर महीने 19 हजार रुपए वेतन के रूप में मिलेंगे। विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार 9 अप्रैल 2026 से पहले तक स्किल्ड और सेमी.स्किल्ड में श्रेणी ए और श्रेणी बी जैसी उप.श्रेणियां लागू थीं, जिससे वेतन विसंगतियां बनी हुई थीं। लेकिन नई अधिसूचना के बाद इन सभी उप.श्रेणियों को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। अब सभी को सामान्य स्किल्ड और सेमी.स्किल्ड वर्ग में शामिल किया गया है। श्रम विभाग ने साफ किया कि 4 मई 2026 की अधिसूचना के तहत ही ट्यूबवेल ऑपरेटरों को स्किल्ड कैटेगरी में वर्गीकृत किया गया है, जिसके चलते वे इस बढ़े हुए वेतनमान के हकदार हुए हैं। ग्रामीण जल कर्मियों को यह ऐतिहासिक राहत दिलाने में भारतीय मजदूर संघ के नेताओं का विशेष और अथक प्रयास रहा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला और प्रदेश संगठन मंत्री पवन कुमार सहित अन्य साथियों के लगातार संघर्ष के कारण ही जल कर्मियों को कुशल श्रेणी का दर्जा मिल सका है। इस बड़ी उपलब्धि पर फरीदाबाद की तरफ से जिला महासचिव नवल किशोर (पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ऑर्गेनाइजेशन) भारतीय मजदूर संघ ने भी खुशी जाहिर की है। उन्होंने इस कल्याणकारी फैसले के लिए भारतीय मजदूर संघ के शीर्ष नेतृत्व और हरियाणा सरकार का सहृदय आभार व्यक्त किया है जिन्होंने जल कर्मियों के न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी कर उन्हें यह बड़ा आर्थिक लाभ दिया है।

# चाय विक्रेता पर चाकू से हमला कर लूट के मामले में दो और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

चाय विक्रेता पर चाकू से हमला कर लूट करने के मामले में क्राईम ब्रांच सैक्टर-48 ने चाकू और रूपए बरामद किए है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-62 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सांई वाटिका अपार्टमेंट के सामने चाय की दुकान चलाता है। 6 मई की सुबह करीब 3 बजे वह अपनी दुकान के बाहर सो रहा था, तभी 3 अज्ञात व्यक्तियों ने उसके साथ मारपीट की, चाकू से हमला कर घायल कर दिया और उससे पैसे छीन लिये। शिकायत पर थाना आदर्श नगर में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने जतिन निवासी कुम्हार कॉलोनी, ऊंचा गांव व तरूण उर्फ नवीन निवासी ऊंचा गांव को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया और एक दिन पुलिस रिमांड पर छीने गये 500 तथा चाकू बरामद किया गया।

# ऑटो में बिठाकर दिया था लूट की वारदात को अंजाम

**फरीदाबाद।** बीते 23 मई की अल सुबह टैक्सी चालक को ऑटो में बैठाकर लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में फरीदाबाद पुलिस की एवीटीएस भुपानी की टीम ने सफलता हासिल की है। जिनकी पहचान पवन वर्मा, इरफान, अमन खान तथा विकास उर्फ सैंडी निवासी तिगांव के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एवीटीएस भुपानी की टीम ने आरोपियों को 25 मई को गिरफ्तार कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। इस दौरान अमन से एक चाकू व एक देशी कट्टा, इरफान से एक देशी कट्टा तथा शिकायतकर्ता का बैग व मोबाइल फोन, विकास से लूट के 1000 रुपये नगद तथा अमन से वारदात में प्रयोग किया गया ऑटो बरामद किया गया। उन्होंने आगे बताया कि चारों आरोपी आपस में दोस्त हैं और तिगांव के रहने वाले हैं।

### ट्यूबवेलों के शुरू होने से स्थानीय लोगों को राहत

# वार्ड 41 में पेयजल व्यवस्था को मिली मजबूती दो ट्यूबवैल शुरू, होगी निरंतर पेयजल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ वार्ड 41 के निवासियों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दाना पानी पार्क के सामने लगाए गए चार ट्यूबवेल में से दो ट्यूबवेल का बिजली कनेक्शन होने के बाद आज विधिवत रूप से संचालन शुरू कर दिया गया। दोनों ट्यूबवैलों से वार्ड 41 के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री



हरियाणा पंडित मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा ने कहा कि क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।


**एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड**
CIN-L65100DL1993PLC053936
पंजीकृत कार्यालय : 908, 9वां तल, मर्केंटाइल हाउस, 15 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली, दिल्ली-110001, भारत
Website: www.fmecinternational.com Email:fmecinternational@gmail.com Contact: 011-49954225

31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष हेतु अअंकेक्षित/अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2026 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2026 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| प्रचालनों से आय | 410.80 | 173.91 | 1,080.18 | 663.58 |
| कर से पूर्व लाभ | 102.61 | 37.97 | 299.35 | 216.72 |
| कर के बाद लाभ | 75.57 | 28.33 | 221.49 | 161.85 |
| कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ तथा कर के बाद अन्य व्यापक आय) | 75.57 | 28.33 | 221.49 | 161.85 |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 889.18 | 889.18 | 889.18 | 889.18 |
| पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार अन्य इक्विटी | - | - | 721.35 | 499.86 |
| अर्जन प्रति शेयर (वार्षिकृत नहीं) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के) | | | | |
| बेसिक (रु.) | 0.8499 | 0.3186 | 2.4910 | 1.8203 |
| डायल्यूटिड (रु.) | 0.8499 | 0.3186 | 2.4910 | 1.8203 |

**टिप्पणी :** उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 28 मई 2026 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये। 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष हेतु वित्तीय परिणाम सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, संशोधित अनुसार के नियमन 33 के अनुसरण में वैधानिक अंकेक्षक द्वारा अंकेक्षण के अधीन किए गए हैं। कम्पनी के वित्तीय परिणाम समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी सरकुलर्स, दिशा-निर्देशों और निर्देशों के साथ-साथ भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य मान्यताप्राप्त अकाउंटिंग प्रैक्टिसेज तथा समय-समय पर संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों के अनुसार तैयार किए गए हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लि.
हस्ता/-
(अपूर्व बंसल)
प्रबंध निदेशक
निवासी : ए-708, यूनेस्को अपार्टमेंट 55, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, ईस्ट, दिल्ली-110092
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 28.05.2026


# साली के साथ मिलकर की थी साढ़ू की हत्या, मुख्य आरोपी को क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने गिरफ्तार किया

### हत्या का मामला दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

थाना डबुआ क्षेत्र के अंतर्गत साढू की हत्या कर शव को कूडे में फेंकने के मामले में क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने मुख्य आरोपी जितेन्द्र उर्फ गुड्डू निवासी मामोता खुर्द, हाथरस उत्तर प्रदेश हाल उत्तम नगर, डबुआ फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 22-23 अप्रैल की रात को जितेन्द्र ने अपनी साली (मृतक जयवीर की पत्नी) के साथ मिलकर जयवीर की गला दबाकर हत्या की थी और फिर गुमराह करने के लिये दोनों ने जयवीर के शव को घर के ही जंगले में फांसी से लटका दिया। उसके उपरांत परिवार के अन्य सदस्यों के साथ 23 अप्रैल की सुबह जयवीर की डेड बॉडी को डबुआ-पाली रोड पर एक कूड़े के



ढेर में फेंक दिया था। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था और अलीगढ़ में छिपा हुआ था। जिसको माननीय अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। उन्होंने आगे बताया कि घटनाक्रम में क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने मृतक की पत्नी, उसके साले सहित 4 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

बता दें कि 23 अप्रैल को डबुआ-पाली रोड पर एक कूड़े के ढेर में जयवीर की डेड बॉडी मिली थी, जिस बारे उसके भाई धर्मवीर निवासी गांव नरहुली जिला एटा उप्र ने जयवीर की हत्या का अंदेशा जाहिर किया था।

### ट्रेनिंग नहीं लेने परअनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कहकर दबाव बनाना सही नहीं

# अपने कार्यक्षेत्र से बाहर टेली ईसीजी ट्रेनिंग लेने से हरियाणा की नर्सिंग एसोसिएशन का इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्रदेश में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर्स को टेली ईसीजी ट्रेनिंग करने के स्वास्थ्य विभाग के फरमान को प्रदेश की नर्सिंग ऑफिसर्स ने सिरे से नकार दिया है। नर्सिंग आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की ओर से कहा गया है कि स्वास्थ्य विभाग में कोई ईसीजी तकनीशियन भर्ती नहीं किए हैं, जिससे कि नर्सिंग कैडर पर एक ओर अतिरिक्त कार्य का भार डाल दिया गया है। यह न्यायसंगत नहीं है।

नर्सिंग आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष विनीता बांगड़ ने कहा कि उन्हें 24 मई 2026 को पता चला कि महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा सभी सिविल सर्जन को एक पत्र के माध्यम से हरियाणा में टेली ईसीजी ट्रेनिंग के लिए नर्सिंग स्टाफ की लगाई थी। यह कार्य नर्सिंग के कार्यक्षेत्र में नहीं आता है, लेकिन सभी जिलों के सिविल सर्जन के द्वारा हरियाणा में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ पर इस ट्रेनिंग के लिए दबाव बनाया गया। ट्रेनिंग नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को लिखा गया। नर्सिंग आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा ज्ञापन के माध्यम से डीजीएचएस के समक्ष इसका विरोध दर्ज करवाया गया।

पूरे हरियाणा में बहुत बड़े स्तर पर स्वास्थ्य विभाग ने ईसीजी मशीनें खरीदी हैं। इन्हें ऑपरेट करने के लिए स्वास्थ्य विभाग में कोई ईसीजी तकनीशियन भर्ती नहीं किए हैं। नर्सिंग कैडर पर एक ओर अतिरिक्त कार्य का भार एक पत्र के माध्यम से डाल दिया गया है। विनीता बांगड़ ने कहा कि नर्सिंग कैडर के अपने मरीजों की देखभाल के साथ-साथ और भी बहुत कार्य जैसे-फार्मेसी, लैब टेक्नीशियन, ब्लड कलेक्शन (जो कि लैब टेक्नीशियन का कार्य है), कोल्ड चेन, बिना डाक्टर के डिलीवरी, ब्लड ट्रांसफ्यूजन, टांके लगाना, केन्यूला लगाना, मरीजों के एडमिशन व डिस्चार्ज करना, रेफर बनाना, कम्प्यूटर का कार्य, बिना डाक्टरों के डिलीवरी करवाना तथा इवनिंग एवं नाइट में जहां डाक्टर उपलब्ध नहीं है वहां नर्सिंग आफिसर ही सेवाएं दे रहे हैं। अस्पतालों में वार्डों में मरीजों की ज्यादा संख्या व रेशो को देखते हुए नर्सिंग स्टाफ बहुत कम है। जिससे मरीजों की सेवा प्रभावित होती है। ऐसे में अन्य पैरामेडिकल का काम थोपे जाने से नर्सिंग कैडर डिप्रेशन और भारी तनाव का शिकार हो रहे हैं।


**हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर ए, जसौला, नई दिल्ली-110025
www.hindustantin.biz
Contact No. : 011-49998888, Fax : 011-49998822

**पर्यावरणानुकूल भविष्य बनाते हुए**

SCRIP CODE : 530315
CIN: L27109DL1958PLC003006
(रु. लाखों में)

31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

| विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2026 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2025 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2026 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय | 9,645.19 | 8,773.17 | 10,095.42 | 42,047.57 | 40,628.79 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 191.07 | 321.25 | 465.28 | 1,149.33 | 1,617.43 |
| कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 191.07 | 321.25 | 465.28 | 1,149.33 | 1,617.43 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 142.32 | 239.98 | 343.87 | 831.40 | 1,227.66 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 192.20 | 255.28 | 317.68 | 885.77 | 1,164.22 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 |
| पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व्स | | | | 21,292.04 | 20,489.47 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) (असाधारण मदों से पूर्व) (रु. में) | | | | | |
| बेसिक | 1.85 | 2.45 | 3.05 | 8.52 | 11.19 |
| डायल्युटेड | 1.85 | 2.45 | 3.05 | 8.52 | 11.19 |

**टिप्पणी :**
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 28 मई 2026 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गये।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.hindustantin.biz पर उपलब्ध हैं। इनको नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके भी देखा जा सकता है।
3. IND AS 109 के अनुसार, कम्पनी अन्य व्यापक आय के माध्यम से प्रत्यक्ष मूल्य (एफवीटीओसीआई) पर दर्ज किए गए इसके निवेशों का मूल्यांकन कर चुकी है। श्री उत्तम स्टील एंड पावर लिमिटेड में निवेश के उचित मूल्य का पूर्ववर्ती दर्ज किए गए उचित मूल्य रु. 638 प्रति शेयर से वृद्धि दर्शाते हुए रु. 683 प्रति शेयर पर स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता द्वारा मूल्यांकित किया गया है।
4. बोर्ड ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष हेतु प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के प्रति इक्विटी शेयर पर रु. 0.75 (7.5%) के अन्तिम लाभांश की अनुशंसा की है जो कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।
5. 21 नवम्बर 2025 को, भारत सरकार ने श्रम संहिताएं अधिसूचित की थी। इसके परिणामस्वरूप सम्बन्धों के इसके मूल्यांकन के अनुसरण में, कम्पनी ने 31 मार्च 2026 को समाप्त तीन माह और वर्ष क्रमशः हेतु लाभ और हानि के घनीभूत स्टैंडअलोन विवरण में "कर्मचारी लाभ व्यय" के तहत चार्जर्ड, पूर्व सर्विस लागत से उत्पन्न हुए रु. 5.46 लाख और रु. 3.79 लाख की एक बढ़ौतरी ग्रेचयुटी देनदारी को मान्यता दी है।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28 मई 2026

सैकड़ों उत्पाद ... एक कैन!

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड
संजय भाटिया
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00080533

## सड़कों पर नहीं हुई नमाज, खुले में कुर्बानी पर रहा कड़ा पहरा

# योगी सरकार की गाइडलाइन के तहत यूपी में मनाई बकरीद

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

यूपी के विभिन्न जिलों में मुस्लिम समुदाय के अकीदतमंदों ने ईदगाहों और मस्जिदों के भीतर बकरीद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की। राज्य सरकार की सख्त गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी ड्रोन कैमरों, सीसीटीवी और भारी बल के साथ मुस्तैद रहे. चंदौली, अयोध्या, हापुड़, संभल, औरैया, कौशांबी, गाजीपुर, फिरोजाबाद, सुल्तानपुर, सहारनपुर और आगरा में तैनात मजिस्ट्रेटों की निगरानी में खुले में कुर्बानी और सड़कों पर नमाज को पूरी तरह रोका गया। नमाजियों ने मुल्क में भाईचारे, तरक्की और खुशहाली की सामूहिक दुआएं मांगीं और सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक-दूसरे को गले लगाकर त्योहार की मुबारकबाद दी।

### चंदौली में ड्रोन कैमरों से नजर



चंदौली में बकरीद बेहद हर्षोल्लास व शांति के साथ संपन्न हुआ. सुबह होते ही लोग ईदगाह और मस्जिदों की तरफ बढ़े और नमाज अदा की। जिले में तकरीबन 280 से अधिक चिन्हित स्थानों पर नमाज का आयोजन किया गया था। चंदौली के एसपी आकाश पटेल ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी ईदगाहों पर भारी फोर्स तैनात की गई थी और संवेदनशील इलाकों पर ड्रोन कैमरों से पैनी नजर रखी गई थी।

### अयोध्या में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

अयोध्या में भी बकरीद शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। शहर के सिविल लाइन स्थित मुख्य ईदगाह में बड़ी संख्या में पहुंचे नमाजियों ने अकीदत के साथ सजदा किया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए डीएम शशांक त्रिपाठी और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर स्वयं सुबह से मौके पर डटे रहे।

### संभल में इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम से निगरानी और जोनल व्यवस्था

संभल में बकरा ईद की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए कड़े प्रशासनिक प्रबंध देखने को मिले। जिले को 5 जोन और 16 सेक्टर में विभाजित किया गया था, जहां प्रत्येक सेक्टर में पुलिस के साथ मजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिले के कुल 828 स्थलों पर नमाज शांतिपूर्ण ढंग से हुई और 14 निर्धारित स्थानों पर ही कुर्बानी की गई। तीन कंपनी पीएसी और आरआरएफ की तैनाती के साथ-साथ, ढाई सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों के जरिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से संवेदनशील मिश्रित आबादी वाले इलाकों की निगरानी की गई।

### गाजीपुर में 550 स्थानों पर नमाज और बच्चों को मिली टॉफी

गाजीपुर जनपद में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा की मौजूदगी में बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी के अनुसार, जनपद की लगभग 350 मस्जिदों और 150 ईदगाहों समेत कुल 550 स्थानों पर नमाज अदा की गई। शहर के विशेश्वरगंज स्थित मुख्य ईदगाह पर पहुंचे दोनों आला अधिकारियों ने नमाजियों को त्योहार की बधाई दी और नमाजी बच्चों के बीच टॉफियां बांटीं. शासन के निर्देशों के क्रम में जिले में कहीं भी सड़कों पर नमाज नहीं हुई और न ही खुले में कुर्बानी दी गई।

### बकरीद पर मस्जिद के बाहर नमाज पढ़ने से रोकने पर हंगामा

बुलंदशहर जिले में बकरीद के दिन मस्जिद के बाहर नमाज पढ़ने को लेकर विवाद हो गया। सपा के पूर्व विधायक चौधरी होशियार सिंह और जिला पंचायत सदस्य सुनील चरोरा ने पुलिस न मनमानी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। देखते ही देखते स्थिति बिगड़नी शुरू हो गई। हंगामे की सूचना पर पहुंचे सीओ विकास चौहान ने स्थिति को संभालने की कोशिश की लेकिन बात नहीं बन पाई। नौबत ऐसी आ गई कि मामले को सुलझाने के लिए सीओ को सपा नेताओं के सामने हाथ तक जोड़ने पड़ गए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## पेज एक का शेष

### श्रीराम की अयोध्या...

करने, भाषा और निर्णय लेने में परेशानी शामिल हैं। उनकी रुखसती से साहित्य जगत शोक में है। बशीर बद्र ने कई दशकों तक मुशायरों में हिस्सा लिया और अपनी अलग तरह की शायरी और लफ्जों की वजह से लोकप्रिय रहे। उनके निधन पर जाने-माने गीतकार और शायर जावेद अख्तर ने भी शोक जताया कि उर्दू आज और गरीब हो गई। नायाब शायर बशीर बद्र ने हमेशा के लिए रुखसत ले ली। उनकी शायरी हमारी यादों में हमेशा ताजा रहेगी। बशीर बद्र (पूरा नाम सैयद मोहम्मद बशीर) का जन्म 15 फरवरी 1935 को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में हुआ था। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की थी और वहीं से पीएचडी पूरी की। बाद में वे इसी विश्वविद्यालय में उर्दू के प्रोफेसर भी रहे। बशीर बद्र अपनी सरल, रूमानी और असरदार गजलों के लिए खास पहचान रखते हैं। उन्होंने गजल लेखन में आम बोलचाल और देसी शब्दों को खूबसूरती से शामिल कर उसे नई पहचान दी। उर्दू साहित्य और गजल लेखन में बेहतरीन योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 1999 में 'पद्मश्री' से सम्मानित किया था।

**भोपाल में डॉ. राहत से हुआ था निकाह:** भोपाल में बशीर बद्र की मुलाकात डॉक्टर राहत से हुई, जो बाद में उनकी जीवनसंगिनी बनीं। राहत ने मुश्किल दौर से गुजर रहे बशीर बद्र को संभाला और उन्हें फिर से सामान्य जीवन की ओर लौटने का हौसला दिया। धीरे-धीरे उनकी जिंदगी ने नई रफ्तार पकड़ी। बशीर बद्र अक्सर मुस्कुराते हुए कहा करते थे-खुदा ने मुझे गजलों का एक खूबसूरत शहर बख्शा है, और मैं इस पूरी सल्तनत को मोहब्बत के नाम करता हूं। भोपाल में उन्होंने नया आशियाना बसाया और एक बार फिर अपनी कलम के जरिए एहसासों को शब्द देना शुरू किया।

### रचनाओं से मानवता ...

रचनाओं के माध्यम से जीवन को संवेदनशीलता, अपनत्व और मानवता के साथ जीने का संदेश दिया। अपनी शायरी से जिंदगी को बेहद आसान बनाने के सूत्र दिए। ईश्वर दिवंगत को शांति और परिजनों व प्रशंसकों को यह दुःख सहने की शक्ति दें।

### दुश्मनी जमकर...

अली भुट्टो को बशीर बद्र का एक मशहूर शेर सुनाया था। यह शेर दोनों देशों के रिश्तों और संवाद की भावना को बेहद खूबसूरती से बयान करता है कि 'दुश्मनी जमकर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे, जब कभी हम दोस्त बन जाएं तो शर्मिंदा न हों।'

### जापान के लिए ...

माने जाते हैं।

**क्या है वेपोर हीट ट्रीटमेंट :** भारत से जापान भेजे जाने वाले आमों के लिए वेपोर हीट ट्रीटमेंट अनिवार्य होता है। यह एक रासायनिक-मुक्त प्रक्रिया है, जिसमें नियंत्रित तापमान और नमी के जरिए आमों को गर्म हवा में रखा जाता है ताकि उनमें मौजूद कीट और फल मक्खी के लार्वा खत्म हो सकें। हर निर्यात सीजन से पहले जापान के क्वारंटीन अधिकारी भारत के केंद्रों का निरीक्षण करते हैं। इसी क्रम में मार्च 2026 में उत्तर प्रदेश के रहमानपुर स्थित सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, जापानी अधिकारियों को वहां फ्यूमिगेशन और डिसइन्फेक्शन प्रक्रियाओं में कुछ तकनीकी कमियां मिलीं। हालांकि भारत और जापान — दोनों में से किसी भी सरकार ने सार्वजनिक रूप से इन खामियों का पूरा ब्यौरा साझा नहीं किया है। निरीक्षण के बाद जापान की योकोहामा प्लांट प्रोटेक्शन एसोसिएशन ने घोषणा की कि 25 मार्च के बाद जारी निरीक्षण प्रमाणपत्र वाले भारतीय आमों के शिपमेंट स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

**निर्यातकों को बड़ा झटका:** हालांकि जापान भारत के आमों का सबसे बड़ा बाजार नहीं है, लेकिन वहां भारतीय आमों को प्रीमियम श्रेणी में देखा जाता है और किसानों-निर्यातकों को बेहतर कीमत मिलती है। भारत दुनिया में सबसे अधिक आम उत्पादन करने वाला देश है। यहां हर साल लगभग 2.8 करोड़ मीट्रिक टन आम पैदा होते हैं। इनमें से अधिकांश घरेलू बाजार में खपत होते हैं, लेकिन जापान, यूरोप और खाड़ी देशों जैसे हाई-वैल्यू बाजारों में निर्यात से किसानों को अतिरिक्त आय मिलती है। निर्यातकों का कहना है कि जापान का यह कदम केवल व्यापारिक झटका नहीं है, बल्कि इससे भारत की कृषि गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली की साख पर भी असर पड़ सकता है। उन्हें आशंका है कि अन्य देश भी अब भारतीय आमों की जांच को लेकर ज्यादा सख्ती बरत सकते हैं।

**मौसम ने पहले ही तोड़ी किसानों की कमर:** महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में इस बार अत्यधिक गर्मी और एल नीनो प्रभाव के कारण आम की पैदावार बुरी तरह प्रभावित हुई है। किसानों का कहना है कि समय से पहले तापमान बढ़ने और अनियमित बारिश के कारण फूल झड़ गए और फलों का विकास प्रभावित हुआ। रत्नागिरी और देवगढ़ जैसे क्षेत्रों के अल्फांसो उत्पादकों का कहना है कि उत्पादन घटने से लागत भी नहीं निकल पा रही है। ऐसे में जापान जैसे प्रीमियम बाजार का बंद होना किसानों और निर्यातकों के लिए दोहरी मार साबित हो सकता है।

सरकार के सामने गुणवत्ता सुधार की चुनौतीः विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अपनी निर्यात गुणवत्ता प्रणाली को और मजबूत करना होगा। वीएचटी केंद्रों की निगरानी, तकनीकी मानकों का पालन और निर्यात पूर्व निरीक्षण को अधिक पारदर्शी बनाना जरूरी है। कृषि निर्यात से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भारत जल्द ही जापानी अधिकारियों की चिंताओं को दूर नहीं करता, तो इसका असर अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात पर भी पड़ सकता है। फिलहाल आम उत्पादकों और निर्यातकों की नजर भारत सरकार और जापानी एजेंसियों के बीच होने वाली बातचीत पर टिकी है। उम्मीद की जा रही है कि दोनों देश जल्द समाधान निकालेंगे ताकि भारतीय आमों की मिठास फिर जापानी बाजार तक पहुंच सके।

### राष्ट्रीय स्तर पर...

जिसमें संबंधित अधिकारी हर छोटी-बड़ी अपडेट उन तक पहुंचा रहे हैं। वहीं, इन सबके बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के मुख्यालय में 12 वीं कक्षा के मूल्यांकन और परीक्षा के बाद की प्रक्रिया की समीक्षा करने के लिए भी एक बैठक हुई। सीबीएसई मुख्यालय में हुई बैठक में धर्मेंद्र प्रधान के अलावा केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, सीबीएसई अध्यक्ष राहुल सिंह, आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो.वी.कामकोटी, आईआईटी कानपुर के निदेशक, मंत्रालय, केंद्रीय विद्यालय संगठन और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों जैसे एसबीआई, इंडियन बैंक, केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रतिनिधि शामिल हुए।

प्रधान ने ली पूरी जिम्मेदारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने सीबीएसई मुख्यालय में हुई बैठक में 12 वीं परीक्षा को लेकर सामने आ रहे तमाम तरह के विवाद को लेकर कहा कि मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। साथ ही उन्होंने छात्रों और उनके अभिभावकों को आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी सामने आने के बाद दोषी चाहे कोई भी हो। उसके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### तत्काल उचित कदम...

की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। किसी भी तरह की गड़बड़ी के संबंध में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिर चाहे दोषी सिस्टम के अंदर या बाहर कहीं का भी हो। उसके खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जाएगा। सभी मामलों का समाधान किया जाएगा।

### सीबीएसई ओएसएम...

हुए कहा कि उन पर व्यक्तिगत हमला करने से शिक्षा मंत्री अपने "अपराधों" से मुक्त नहीं हो सकते। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर सीबीएसई का ओएसएम कॉन्ट्रैक्ट दागी कंपनी को क्यों दिया गया ? राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में पूछा कि उस कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट किसके आदेश पर दिया गया? क्या कंपनी का बैकग्राउंड चेक किया गया था? यदि जांच हुई थी तो विवादित रिकॉर्ड के बावजूद कॉन्ट्रैक्ट क्यों दिया गया? और यदि जांच नहीं हुई, तो यह गंभीर लापरवाही किसकी जिम्मेदारी है? उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों ही स्थितियों में सरकार और शिक्षा मंत्रालय की भूमिका संदिग्ध बनती है। राहुल गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तव में छात्रों के भविष्य की चिंता करते, तो शिक्षा मंत्री को बहुत पहले पद से हटा दिया जाता।

### ये हैं छात्रों को...

गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह लगातार सरकार के डिजिटल इंडिया और वैज्ञानिक प्रक्रिया पर सवाल उठाते हैं। लेकिन राजनीति हम बाद में करेंगे। वर्तमान में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा छात्रों के मानसिक तनाव को और अधिक न बढ़ाते हुए किसी भी तरह से कम करना है।

### सिद्धारमैया ने दिया ...

मंत्रिमंडल के सहयोगियों को पद छोड़ने के अपने फैसले से अवगत कराया था। कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों के अनुसार डीके शिवकुमार उनके उत्तराधिकारी होंगे। सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बेंगलुरु स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित नाश्ते की बैठक में एक-दूसरे को गले लगाया। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के पैर भी छुए। इस्तीफा देने के बाद सिद्धारमैया ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैंने हाईकमान से कहा था कि गुरुवार को इस्तीफा दूंगा। इस्तीफे के बाद अगला नेता चुनना संवैधानिक प्रक्रिया है और राज्यपाल का कर्तव्य है कि नए नेता को मौका दें। उन्होंने भरोसा जताया कि कांग्रेस के पास 135 प्लस विधायकों और 2 निर्दलियों का समर्थन है, इसलिए सरकार पूरी तरह स्थिर है। सिद्धारमैया ने कहा कि हाईकमान ने उन्हें राज्यसभा जाने को कहा था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। उन्होंने साफ किया कि उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में दिलचस्पी नहीं है और वे कर्नाटक में एमएलए के रूप में सक्रिय रहेंगे।

### अपनी पहली विदेश...

प्रकोप की वजह से फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। गौरतलब है कि पूर्व में म्यांमार के राष्ट्रपति द्वारा अपना कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहले चीन की यात्रा करने को लेकर मीडिया में तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन अब उनकी भारत यात्रा का कार्यक्रम सामने के बाद इन सब पर पूरी तरह से विराम लग गया है।

**पीएम मोदी संग होगी बैठक:** मंत्रालय ने बताया कि म्यांमार के राष्ट्रपति के साथ एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत की यात्रा करेगा। जिसमें कई केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस साल अप्रैल महीने में म्यांमार के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद जनरल ह्लाइंग की यह पहली विदेश यात्रा होगी। जिसमें वह भारत आएंगे। यहां नई दिल्ली में उनकी 1 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के बीच मौजूद ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को भविष्य में और अधिक मजबूती प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। राष्ट्रपति ह्लाइंग व्यापार मंच के एक कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे।

**बोध गया, मुंबई जाएंगे म्यांमार के राष्ट्रपति:** यात्रा कार्यक्रम के मुताबिक, भारत में म्यांमार के राष्ट्रपति 30 मई को बोध गया और 2 जून को मुंबई भी जाएंगे। जिसका उद्देश्य भारत की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले शहर में व्यापारिक, उद्योग संबंधी चर्चाएं होंगी और बोध गया में जरूरी स्थलों का दौरा किया जाएगा।

**भारत के लिए म्यांमार का महत्व:** म्यांमार भारत की पड़ोस सबसे पहले, पूर्व की ओर देखो और महासागर नीति में प्रमुखता से शामिल रहा है। इन सबके बीच म्यांमार के राष्ट्रपति जनरल मिन आंग ह्लाइंग की इस स्वदेश यात्रा से इस बात की उम्मीद की जा सकती है कि दोनों देशों के बीच मौजूद बहुआयामी संबंध पहले के मुकाबले और अधिक गहराई के साथ प्रगाढ़ होंगे।

### भाजपा ने हरियाणा...

केवल सिंह ढिल्लो को पंजाब और अभिषेक देबरॉय को त्रिपुरा के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हरियाणा में मोहन लाल बड़ौली की जगह डॉ. अर्चना गुप्ता को पार्टी संगठन की कमान सौंपी गई है। डॉ. अर्चना गुप्ता हरियाणा की सक्रिय भाजपा नेता और चिकित्सक हैं। संगठनात्मक राजनीति में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। उन्होंने पार्टी में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं और महिला नेतृत्व को मजबूत करने में भूमिका निभाई है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उनसे संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं को मजबूत करने की उम्मीद की जा रही है। वैश्य बिरादरी से आने वाली गुप्ता को अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने महिलाओं को संगठन में भागीदारी देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।

पार्टी ने वीरेंद्र सचदेवा के स्थान पर दिल्ली की कमान केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा को अध्यक्ष बनाया है। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को प्रदेश अध्यक्ष बनाना आश्चर्य से भरा हुआ था। दिल्ली में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में लंबे समय के बाद भाजपा की जीत के बाद माना जा रहा था कि सचदेवा अध्यक्ष बने रहेंगे। चर्चा है कि पार्टी सचदेवा को राष्ट्रीय संगठन में कोई पद दे सकती है। सचदेवा को राज्यसभा में भी भेजा जा सकता है। हर्ष मल्होत्रा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली से सांसद हैं। वे केंद्र सरकार में मंत्री पद संभाल रहे हैं। लंबे समय से संगठनात्मक राजनीति में सक्रिय मल्होत्रा ने दिल्ली भाजपा में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। पंजाबी बिरादरी से आने वाले मल्होत्रा को लेकर चर्चा है कि अध्या बनने के बाद वे केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे सकते हैं। सरदार केवल सिंह ढिल्लो को पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। पंजाब में साल अगले साल 2027 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ढिल्लो बरनाला से दो बार विधायक रह चुके हैं और राज्य में उनकी पहचान एक ऐसे नेता के रूप में है, जो हमेशा से विकास को प्राथमिकता देता आया है। उनके बारे में कहा जाता है कि वो विकास से संबंधित कामों को लेकर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करते हैं। उन्होंने वर्ष 2022 में संगरूर लोकसभा उपचुनाव और 2024 में बरनाला विधानसभा उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी की ओर से चुनाव लड़ा था। अभिषेक देबरॉय की बात करें, तो वो त्रिपुरा भाजपा के सक्रिय नेता हैं, जिन्हें अब पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। वे लंबे समय से संगठन में काम कर रहे हैं और पार्टी के विभिन्न अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। पार्टी नेतृत्व को उनसे त्रिपुरा में संगठन मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने की उम्मीद है।

### भारत-चीन सीमा...

मंत्रालय ने गुरुवार को जारी किए गए एक बयान के जरिए बताया कि बीते 27 मई को हुई डब्ल्यूएमसीसी की इस बैठक में भारत का पूरा जोर दोनों देशों के बीच सीमा पार बहने वाली नदियों के विषय पर गठित किए गए विशेषज्ञ तंत्र की अगली बैठक जल्द से जल्द बुलाने पर रहा।

### परिसीमन, सीमा...

डब्ल्यूएमसीसी से जुड़े हुए अधिकारी भविष्य में भी कूटनीतिक और सैन्य आदान-प्रदान के लिए स्थापित तंत्र के जरिए लगातार एक दूसरे के संपर्क में बने रहेंगे। उनके बीच हुई वार्ता में भारत, चीन के विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) के बीच हुई 24 वीं वार्ता के परिणामों पर बनी सहमति को भी शामिल किया गया है।

**चीन में होगी अगली एसआर बैठक:** मंत्रालय के मुताबिक, दोनों एक दूसरे के साथ चीन में होने वाली विशेष प्रतिनिधियों की अगली बैठक को लेकर जरूरी तैयारियों को लेकर साथ मिलकर काम करेंगे। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्व एशिया) सुजीत घोष ने किया। जबकि चीनी दल का नेतृत्व बीजिंग के विदेश मंत्रालय के तहत आने वाले सीमा-समुद्री मामलों के विभाग के महानिदेशक होय यांकी ने किया। भारत के अधिकारियों के दल ने बैठक के बाद चीन के विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों को देखने वाले विभाग के महानिदेशक और चीन के उप-विदेश मंत्री होंग लेई से शिष्टाचार मुलाकात की है।

**2012 में हुआ गठन :** गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच वर्ष 2012 में डब्ल्यूएमसीसी का गठन हुआ था। जिसका मूल उद्देश्य भारत और चीन के बीच मौजूद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर उठने वाले तमाम सीमा संबंधी मामलों, तनाव घटाने और शांति स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र के रूप में की गई थी। जिसमें दोनों के राजनयिक, सैन्य अधिकारी शामिल होते हैं। गठन के बाद से लेकर अब तक डब्ल्यूएमसीसी की दो दर्जन से ज्यादा बैठकें हो चुकी हैं।

### हर राज्य की खेती...

का विषय है और बेहतर परिणाम राज्यों से ही आते हैं जबकि केंद्र सरकार सहयोगी की भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि खरीफ और रबी फसलों की तैयारी, बोनी के लिए उपयुक्त बीजों की उपलब्धता और कृषि मिशनों को प्रभावी ढंग से जमीन तक पहुंचाने को लेकर सम्मेलन में व्यापक चर्चा की जा रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सम्मेलन से पहले राज्यों के साथ वर्चुअल बैठकें आयोजित की गई थीं जिनमें विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई थी। इसी आधार पर राज्य अपनी तैयारियों के साथ सम्मेलन में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि राज्यों को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उन पर गंभीरता से चर्चा कर समाधान निकालना जरूरी है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पहले यह सम्मेलन केवल एक दिन का होता था, लेकिन इतने बड़े देश में एक दिन में पूरी चर्चा संभव नहीं है, इसलिए अब पहले दिन अधिकारी समूहों में बैठकर अलग-अलग राज्यों के साथ विस्तार से विचार-विमर्श करेंगे और दूसरे दिन राज्यों के कृषि मंत्री भी इसमें शामिल होंगे।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि दलहन और तिलहन के लिए अलग-अलग मिशन बनाए गए हैं। राज्यों के साथ मिलकर बेहतर बीज, सीड रिप्लेसमेंट रेट बढ़ाने, डेमोंस्ट्रेशन और प्रोसेसिंग व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बागवानी क्षेत्र में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसमें अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर और कॉटन मिशन पर भी चर्चा होगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने जलवायु परिवर्तन को कृषि क्षेत्र के लिए बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि बदलते मौसम और अनियमित बारिश के कारण खेती की परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। गर्मी लगातार बढ़ रही है, कई बार एक साथ अत्यधिक बारिश होती है और फिर लंबे समय तक अंतराल रहता है। ऐसे माहौल में खेती को सुरक्षित और टिकाऊ बनाए रखने के लिए जरूरी कदमों पर भी चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में प्राकृतिक खेती, सॉइल हेल्थ कार्ड और उर्वरकों के संतुलित उपयोग जैसे विषयों पर विशेष फोकस रहेगा।

### सीबीआई ने लंबी ...

जमानत रद्द कर दी थी। हाईकोर्ट ने देर रात 17 पन्नों का आदेश जारी किया। इसमें कहा- मामले की गंभीरता, सबूत और जांच की स्थिति को देखते हुए आरोपी पक्ष को राहत देना उचित नहीं था। गुरुवार सुबह नई दिल्ली से सीबीआई की आधा दर्जन महिला पुलिसकर्मियों-अधिकारियों के भोपाल पहुंचने के बाद गिरफ्तारी की पटकथा लिखी गई। तकरीबन शाम 6 बजे सीबीआई की टीम गिरिबाला सिंह का मेडिकल कराने भोपाल एम्स ले जाने के लिए घर से निकली। लेकिन, बिना मेडिकल कराए ही गिरिबाला को सीधे जांच एजेंसी मैनिट स्थित अपने अस्थायी कैंप में ले गई। शुक्रवार को संभवतः सीबीआई उन्हें कोर्ट में पेश कर सकती है। ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा ने कहा कि यह कर्म है। जहां जैसा कर्म करोगे, वैसा लौट कर आता है।

### फूंक फूंक कर ...

बाद गिरफ्तारी की है। सीबीआई की रिमांड पर चल रहे गिरिबाला के बेटे समर्थ सिंह 29 मई को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

#### लिस्ट में 2 ओबीसी, 1 दलित

## उत्तर प्रदेश में भाजपा के पांच जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में पांच जिलाध्यक्षों की लिस्ट जारी की है। यूपी भाजपाअध्यक्ष पंकज चौधरी ने प्रदेश के 5 जिलों के नए जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान किया है। सूची में पार्टी ने सामाजिक समीकरण साधने की कोशिश करते हुए दो ओबीसी और एक दलित वर्ग नेता को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। भाजपा की ओर घोषित नई सूची में अंबेडकर नगर से दिलीप देव पटेल, वाराणसी से रामसकल पटेल, चंदौली से काशीनाथ सिंह, गोरखपुर



महानगर से रमेश प्रसाद गुप्ता और देवरिया से काली प्रसाद को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। दिलीप देव पटेल और रामसकल पटेल ओबीसी वर्ग से आते हैं, जबकि काली प्रसाद दलित समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं।

#### लखनऊ के स्कूल में होता है मतांतरण

## निजी बस से लाए जा रहे थे 30 ग्रामीण, एक को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

जालौन में विश्व हिंदू परिषद की सूचना पर पुलिस ने बुधवार रात निजी बस से लखनऊ जाए जा रहे 30 ग्रामीणों को छुड़ा लिया। पुलिस ने मामले में जालौन निवासी विवेक कुमार दोहरे को गिरफ्तार किया है, जबकि दो फरार हैं। तीनों के खिलाफ विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि आरोपित ग्रामीणों को लखनऊ के उतरेटिया में आयोजित प्रार्थना सभा में ले जा रहा था। कुठौंद थाना प्रभारी जगदंबा प्रसाद



दुबे ने बताया कि विहिप कार्यकर्ताओं की सूचना पर एक निजी बस को रोका गया। बस में 30 महिला व पुरुष सवार थे। पूछताछ में ग्रामीणों ने मतांतरण की बात से इन्कार किया, लेकिन बस में सवार तीन महिलाओं के पास ईसाई मत से जुड़ी धार्मिक पुस्तकें मिलीं।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनिल पुत्रः शुभाष पताः ग्राउंड फ्लोर, मकान नं. 131—सी के सामने, बाल्मीकि मोहल्ला, रणहोला, नई दिल्ली—110041** ने **Ct. Case No. 834/2024 U/s 135 Electicity Act, थानाः रणहोला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनिल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct. Case No. 834/2024 U/s 135 Electicity Act, थानाः रणहोला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुनिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 07.07.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री राकेश कुमार
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
इलेक्ट्रीसिटी कोर्ट—01 (केन्द्रीय)
कोर्ट नं. 409, एक्सटेंशन ब्लॉक
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5105/OD/2026 (Court Matter)



## सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड

पंजी. कार्यालय एवं वर्क्स : खसरा नं. 62, डी1/3 इंडस्ट्रीयल एरिया, राजारामपुर, सिकंद्राबाद, बुलंदशहर, यू.पी. 203205 आईएन
CIN: L17112UP1993PLC022479 Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: samtexfashions.com, Ph. No.: 011-49025972

### 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31.03.2026 अंकेक्षित | 31.12.2025 अअंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित | 31.03.2026 अंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित | 31.03.2026 अंकेक्षित | 31.12.2025 अअंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित | 31.03.2026 अंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 0.14 | - | 0.07 | 0.14 | 0.22 | 6.03 | - | 1.4 | 7.69 | 3.13 |
| 2 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | -7.18 | -8.36 | -7.01 | -31.82 | -29.57 | -10.07 | -6.46 | -3.18 | -37.08 | -39.56 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -7.18 | -8.36 | -7.01 | -31.82 | -29.57 | -10.07 | -6.46 | -3.18 | -37.08 | -39.56 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -7.18 | -8.36 | -7.01 | -31.82 | -29.57 | -10.07 | -6.46 | -3.18 | -37.08 | -39.56 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (कर के बाद अवधि हेतु निहित लाभ/हानि और कर के बाद अन्य व्यापक आय) | -6.64 | -8.32 | -6.99 | -31.18 | -29.23 | 7.26 | 2.09 | -3.01 | 4.19 | -28.09 |
| 6 | भुगतान किए गए इक्विटी शेयर्स | 1490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | | | | -1,521.75 | -1,490.56 | | | | -25451.39 | -25455.57 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) बेसिक (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.04 | -0.04 | 0.01 | 0.01 | 0.00 | 0.01 | -0.04 |
| 9 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) डायल्युटेड (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.04 | -0.04 | 0.01 | 0.01 | 0.00 | 0.01 | -0.04 |

टिप्पणी :
1. सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के अनुसार, उपरोक्त परिणाम कम्पनी के अंकेक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन किए गए हैं और समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है तथा 28 मई 2026 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।
2. ये परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) तथा लागू सीमा तक अन्य मान्यताप्राप्त अकाउंटिंग प्रैक्टिसेज और नीतियों के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
3. अन्तिम अवधियों के आंकड़े वर्तमान तिमाही के वर्गीकरणों की पुष्टि के लिए, जहां आवश्यक हुआ रिग्रुप्ड कर लिये गये हैं।
4. 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही हेतु आंकड़े 31 मार्च 2026 को समाप्त पूर्ण वित्तीय वर्ष के सम्बन्ध में अंकेक्षित आंकड़ों और 31 दिसम्बर 2025 तक अअंकेक्षित प्रकाशित वर्ष से तिथि आंकड़ों के बीच बैलेंसिंग आंकड़े हैं, वित्तीय वर्ष की तृतीय तिमाही की समाप्ति होने के नाते जो सीमित समीक्षा के अधीन किए गए थे।
5. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टाक एक्सचेंज के पास दायर किए गए तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। समाप्त वर्ष के समेकित एवं स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.samtexfashions.com पर भी उपलब्ध है और ये नीचे दिये गये क्यूआर कोड के माध्यम से देखे भी जा सकते हैं।

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 28.05.2026

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/-
अतुल मित्तल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00223366

रोचक
शिखर चंद जैन

# इन घरों को देखकर कहोगे OMG!

बच्चो, अधिकतर घर एक निश्चित शेप, साइज और डिजाइन में बने होते हैं। लेकिन तुम्हें जानकर अचरज होगा कि दुनिया में कुछ ऐसे अजब-अनोखे घर भी बनाए गए हैं, जिनको देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। इनकी अजीबो-गरीब संरचना को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। ऐसे ही कुछ बेहद अनूठे घरों के बारे में जानो।

### क्रेजी हाउस वियतनाम



**वियतनाम के** दा लाट में स्थित क्रेजी हाउस को कोई पहली बार देखे तो यह किसी हॉरर मूवी का हिस्सा लगता है। यह किसी विशाल डेड ट्री जैसा दिखता है। इस घर में सीधी लाइन में दीवारें या परफेक्ट एंगल वाले कॉर्नर नहीं हैं। इसमें सीढ़ियां गुफाओं जैसी लगती हैं और खिड़कियां मकड़ी के जालों जैसी। मजेदार बात यह है कि यहां के हर कमरे का नाम किसी जानवर के नाम पर रखा गया है, जैसे- टाइगर रूम, ईगल रूम आदि। वास्तुकार डेंग वियत नगा ने अपनी अनोखी कल्पना को साकार रूप देने के लिए इस क्रेजी हाउस का निर्माण किया था। *



### उल्टा घर पोलैंड

**पोलैंड के** सिजमबार्क में एक ऐसा घर मौजूद है, जिसे देखकर तुम अचरज में पड़ जाओगे। इस उल्टे घर यानी इनवर्स हाउस की छत जमीन पर और फर्श आसमान की ओर है। अटपटी बनावट के कारण इस घर के अंदर जाने पर लोगों को अकसर चक्कर आने लगते हैं क्योंकि उनका बैलेंस बिगड़ जाता है। मजे की बात यह है कि इस घर के अंदर फर्नीचर भी छत से उल्टा लटका रहता है। *

### हाउस एनए जापान



**जापान के** टोक्यो शहर में स्थित हाउस एनए, पूरी तरह कांच से बना है। यह पेड़ों की शाखाओं की तरह अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर बना है। प्राचीन काल में जिस तरह इंसान, पेड़ों पर, खुले माहौल में रहते थे, आर्किटेक्ट सु फुजीमोटो इस घर में रहने वालों को कुछ उसी तरह का अनुभव देना चाहते थे। इसलिए उन्होंने ऐसा अनोखा घर बनाया। जापान में निजी घरों के अलावा, कई सार्वजनिक स्थलों पर भी इस तकनीक का उपयोग किया गया है। *

### क्यूब हाउस नीदरलैंड

**नीदरलैंड देश** के रॉटरडैम में ऐसे कई घर हैं, जिन्हें क्यूब हाउस कहा जाता है। इन घरों के ऊपरी सिरे पर



45 डिग्री के एंगल पर झुके हुए पीले रंग के क्यूब्स बने हैं। यहां का हर घर एक पेड़ का प्रतिनिधित्व करता है। इस तरह देखा जाए तो सारे घर मिलकर एक 'शहरी जंगल' बनाते हैं। घर के अंदर की दीवारें और खिड़कियां तिरछी बनी हैं, जिससे फर्नीचर सेट करना मुश्किल होता है। ये क्यूब हाउस बाहर से बहुत ही अट्रैक्टिव नजर आते हैं, जिन्हें देखने दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। *

### ड्रिना रिवर हाउस सर्बिया

**सर्बिया देश** के बाजिना बास्ता में स्थित छोटा-सा लकड़ी का घर ड्रिना रिवर हाउस, 1968 से सर्बिया



की ड्रिना नदी के बीच एक चट्टान पर टिका हुआ है। इसे कुछ तैराकों ने आराम करने के लिए बनाया था। हैरानी की बात यह है कि यह नदी में कई बार भयानक बाढ़ आई, लेकिन यह छोटा सा घर आज भी अडिग खड़ा है। यह घर दुनिया के सबसे शांत और अकेले घरों में से एक माना जाता है। *



### हॉबिट हाउस वेल्स

**यूरोपीय देश** वेल्स के पेमब्रोक शायर में स्थित हॉबिट हाउस, बिल्कुल वैसा ही दिखता है जैसा 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' फिल्म में दिखाया गया है। इसे साइमन डेल ने बनाया था। इस घर को तैयार करने में उन्होंने मिट्टी, पत्थर और लकड़ियों का इस्तेमाल किया। पूरी तरह से ईको-फ्रेंडली इस घर में बिजली के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाता है। इस घर को बनाने में 3,000 पाउंड (लगभग 4 लाख रुपए) का खर्च आया था। *



### कासा डो पेनेडो पुर्तगाल


**पुर्तगाल में** स्थित कासा डो पेनेडो को 'पत्थर का घर' कहा जाता है क्योंकि यह चार बड़े प्राकृतिक ग्रेनाइट पत्थरों के बीच बना है। इसका निर्माण 1972 में एक फैमिली के हॉलिडे होम के रूप में किया गया था। इसमें बुलेटप्रूफ खिड़कियां और एक पत्थर का बना स्विमिंग पूल भी है। इस घर में बिजली का कनेक्शन नहीं है। अपने अनोखे डिजाइन और आस-पास के प्राकृतिक वातावरण के कारण देश-विदेश के पर्यटक इस घर को देखने आते हैं। *



छोटी कहानी
पावनी

मीनू और मोनू ने गर्मियों में कुछ नया करने की सोची। इसके लिए दोनों ने मां से कुछ पैसे भी मांगे। मां ने तुरंत वो पैसे निकाल कर दे दिए, जो उन्होंने मजेदार बचत करके जमा किए थे। आखिर मां की यह मजेदार बचत क्या थी?

# मजेदार बचत



गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी थीं। मीनू और मोनू इन छुट्टियों में कुछ नया सीखना चाहते थे। दोनों मां के पास आकर बोले, 'मां हमें कुछ नया करना है।'

मीनू-मोनू की बातें सुनकर मां बोलीं, 'वाह! बहुत अच्छा विचार है बच्चो। तुम दोनों इस बार गर्मी की छुट्टियों में कुछ न कुछ नया जरूर सीखो।'

'मगर मां, इसके लिए तो हमें कुछ एक्स्ट्रा पैसे चाहिए।' मीनू-मोनू एक साथ बोले। 'ओह, तो इसमें परेशानी की कौन-सी बात है। यह लो मजेदार बचत का गुल्लक। इसमें से ले लो रुपए।' मां ने एक गुल्लक लाकर उनके सामने रख दी।

'मजेदार बचत! अरे यह कैसी बचत है मां?' मीनू-मोनू को हैरानी हुई।

मां ने बताया, 'यह तुम दोनों की ही बचत है। यह बचत हमने इस तरह की है, तुम्हें मालूम ही नहीं पड़ा। याद करो, जब-जब तुम बाहर से समोसा, कचौरी वगैरह खाने की जिद करते थे, मैं घर पर ही बना देती थी। इस तरह कई बार हुआ। इससे काफी पैसे बच गए, जो मैंने गुल्लक में डाल दिए।'

मीनू-मोनू को मां की बातें सुनकर बड़ा अच्छा लगा। मां ने आगे भी बताया, 'इतना ही नहीं, तुम दोनों ने कितनी ही बार पानी की बचत की, बेवजह पानी नहीं बहने देते थे। बिजली की भी बचत की। प्रत्येक रविवार को तुम दोनों बाहर बैठकर पढ़ते थे। पानी भी जरूरत भर खर्च करते थे। इससे बिजली और पानी का बिल कम आया। उस बचत के रुपए भी मैं इसी गुल्लक में डाल देती थी। तो यह एक तरह से तुम दोनों की ही कमाई है बच्चो।' मां यह कहकर हंस दीं।

दोनों बच्चे पैसों से भरी गुल्लक देखते ही रह गए। मोनू बोला, 'अरे वाह मां। हमने इतनी बचत कर ली!'

मीनू और मोनू ने गुल्लक को तोड़कर रुपए गिने। मीनू खुशी से बोली, 'ओह, यह तो बहुत ही अधिक पैसे हैं मां। हमारा काम तो इससे कम पैसों में हो जाएगा।'

'तो ठीक है, जितने पैसे तुम दोनों को चाहिए, रख लो। जो बच जाएं, उनकी एक और गुल्लक बना लो।' मां बोलीं।

मीनू-मोनू दोनों उत्साहित स्वर में बोले, 'मां, हम जरूर गुल्लक बनाएंगे और मजेदार बचत करेंगे। हम हमेशा पानी और बिजली बचाएंगे, इसके अलावा जहां हम बचत कर सकते हैं, करेंगे।' 'मुझे तुम पर गर्व है बच्चो।' मां दोनों को गले लगाते हुए बोलीं। *

कविता / गोविंद भारद्वाज

# मेरी साइकिल...!

सबको पीछे छोड़ घुमाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
कच्चा हो या पक्का रस्ता,
साधन लगता सबको सस्ता।
रोज सुबह मैं पढ़ने जाता,
रखकर पीछे अपना बस्ता।
ट्रिन-ट्रिन का शोर मचाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
पैडल मार मैं इसे चलाऊं,
गली-गली में रोज घुमाऊं।
सर्कस के जोकर के जैसे,
दो पहियों पर खूब नचाऊं।
हरदम मेरा साथ निभाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
कभी न मांगे खर्चा-पानी,
कम न होती इसकी रवानी।
कसरत और जॉगिंग में तो,
अव्वल रहती सदा कहानी।
प्रदूषण से सबको बचाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!



## बूझो तो जानें



1. एक गुफा में बत्तीस चोर
सबके तन हैं श्वेत,
खाने वाली चीजों पर ये
जुटते हैं समवेत।



2. एक बक्से में चालीस चोर
सबका मुंह है काला,
पैर पकड़ जिसका भी रगड़ो
वो झट करे उजाला।

3. एक वृक्ष में बारह शाखें
बावन उनके होती आंखें,
तीन सौ पैंसठ जिसमें फूल
क्या कहलाए बोलो मूल?

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. दांत, 2. माचिस, 3. वर्ष

## जीके क्विज-207



1. हाल ही में भारत के किस शहर में हाइड्रोजन बस सेवा शुरू की गई है?
2. इंटरनेशनल बुकर लिटरेचर प्राइज 2026 के विजेता कौन बने हैं?
3. भारत के किस राज्य ने देश में सबसे पहले एआई मंत्रालय बनाया है?
4. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
5. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
6. पिछले दिनों किस पर्वतारोही ने 32वीं बार माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया?
7. भारत का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र कहां स्थापित किया गया था?
8. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
9. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
10. सांची का स्तूप किस राज्य में स्थित हैं?



बच्चो, जीके क्विज-207 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-206 का उत्तर :** 1. सी. जोसेफ विजय, 2. क्रिस्टोफर कोलंबस, 3. फॉस्टिनो ऑरो, 4. 5 जून, 5. हर्षवर्धन, 6. रामकृष्ण परमहंस, 7. भारत रत्न, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. दादाभाई नौरोजी, 10. शुक्र

**जीके क्विज-206 का सही उत्तर देने वाले :** प्रीति-रायपुर, पूरब-बिलासपुर, गरिमा-गरियाबंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, मोहनीश-गरियाबंद, तेजस-रोहतक, दिव्या-हिसार, संचित-महासमुंद



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

इन दिनों गर्मी की छुट्टियों में पिंकू देर तक सोता था। दादी ने कई बार उसे टोका कि सुबह उठकर ताजी हवा का आनंद लिया करे। पिंकू की आदत नहीं सुधरी। लेकिन कुछ समय बाद ही, एक नन्ही गिलहरी ने पिंकू की देर से उठने की आदत सुधार दी। बच्चो, है ना हैरान करने वाली बात!

# गिलहरी ने सुधारा पिंकू को



पिंकू के स्कूल में गर्मी की छुट्टियां चल रही थीं। वह आजकल देर तक सोता था। उसकी दादी उससे बार-बार कहतीं, 'सुबह जल्दी उठा करो। गर्मियों की सुबह बहुत सुहानी होती है। बाहर टहलने जाओ, ताजी हवा खाओ। सूरज सिर पर आने के बाद उठने से क्या फायदा?' जवाब में पिंकू दादी से यही कहता, 'दादी, आप भी ना! पूरे साल तो जल्दी उठकर स्कूल ही जाता हूं। कम से कम छुट्टियों में तो चैन से सोने दें।'

दादी उसे समझातीं, 'बेटा, तुम दिन में भी थोड़ा सो सकते हो। सुबह जब जल्दी उठकर पार्क में खेलने जाओगे तो तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा, तुम स्वस्थ रहोगे।'

दादी की बातों का कोई असर पिंकू पर नहीं होता। वह रात को देर तक अपने पसंदीदा टीवी शोज देखता, सुबह दस बजे से पहले नहीं उठता। पिंकू को सोते समय शांति पसंद थी। वह अपना कमरा बंद करके, सभी पर्दे लगाकर सोता था, ताकि उसकी नींद में कोई रुकावट न आए। उसका देर से उठने का सिलसिला लगातार चल रहा था। एक दिन सुबह-सुबह हल्का-सा शोर सुनकर पिंकू की नींद टूट गई। यह आवाज घर के अंदर से नहीं आ रही थी। उसने गौर किया, बाहर लॉन की तरफ से उसकी खिड़की के शीशे पर कोई ठक-ठक कर रहा है। पिंकू एक बार तो डर गया। उसने पास ही रखी स्मार्ट वॉच को उठाकर टाइम देखा, सुबह के पांच बज रहे थे। उसे समझ में नहीं आया कि इतनी सुबह भला कौन आएगा? पिंकू फिर से सोने की कोशिश करने लगा। लेकिन यह क्या? ठक-ठक की आवाज आना तो बंद ही नहीं हुई। पिंकू की नींद पूरी तरह उचट गई। वह उठा और धीरे-धीरे कदम बढ़ाते हुए खिड़की के पास आया, पर्दा हटा कर देखा, उसे कोई नहीं दिखाई दिया। पिंकू फिर से बिस्तर पर आकर लेट गया। उसने फिर से सोने की कोशिश की। जैसे ही आंख लगी, फिर से खिड़की पर ठक-ठक होने लगी। पिंकू एक बार फिर खिड़की के पास गया और पर्दा हटाकर देखा, लेकिन इस बार भी उसे कोई नहीं दिखाई दिया। पिंकू वापस बिस्तर पर आकर लेट गया। थोड़ी ही देर में कुछ सोचकर वह उठा, वहीं खिड़की के पास की दीवार से सटकर खड़ा हो गया, जैसे ही आवाज आई, उसने खिड़की का पर्दा हटाकर जो देखा, देखकर दंग रह गया। एक नन्ही-सी गिलहरी खिड़की के कांच के पास आकर ठक-ठक कर रही थी। पिंकू को मन ही मन अपने पर हंसी आई, 'मैं बेकार ही डर रहा था।'

अब तो यह रोज का सिलसिला हो गया था। सुबह ठीक पांच बजे वही ठक-ठक की आवाज चालू हो जाती थी। पिंकू सो नहीं पाता। उसे ऐसा लगने लगा, मानो वह गिलहरी दादी की सहेली हो, दादी ने उसे जगाने की ट्रेनिंग दी है। एक दिन सुबह ठक-ठक की आवाज से परेशान होकर पिंकू उठा, उसने अपने स्लीपर पहने और बाहर लॉन में आ गया। लॉन में वही नन्ही गिलहरी उछल-कूद कर रही थी। बाहर दादी की चप्पलें नहीं रखी हुई थीं, मतलब दादी वॉक पर चली गई थीं। पिंकू की नजर गार्डन के फूल-पौधों पर पड़ी, वो मुरझाए से लग रहे थे। दादी रोज वॉक से लौटकर पौधों को पानी देती थीं। पिंकू ने एक पल कुछ सोचा, फिर वहां रखा हुआ पाइप नल में लगाया और पौधों को पानी देने लगा। एक गमले में उसने थोड़ा ज्यादा पानी भर दिया था। वह दूसरे गमले की तरफ बढ़ा ही था, नन्ही गिलहरी जाकर पानी भरे उस गमले से पानी पीने लगी। पिंकू को यह दृश्य बहुत प्यारा लगा। पिंकू ने गिलहरी से यों ही प्यार से पूछा, 'तुम मुझे सुबह जल्दी क्यों जगा देती हो?'


गिलहरी ने एक बार और पानी पिया और फुदकती हुई थोड़ा दूर चली गई। अगले दिन फिर उसी ठक-ठक की आवाज से पिंकू की आंख खुल गई। उसने जाकर पौधों को पानी दिया, नन्ही गिलहरी ने भी गमले में भरे पानी को पिया। पिंकू ने तभी देखा- गिलहरी के साथ-साथ पानी पीने चिड़िया भी आ गई है। 'अच्छा, तो नन्ही गिलहरी मुझे इसलिए जगाती है ताकि मैं समय पर पौधों को पानी दूं और उनकी प्यास भी बुझ जाए।' पिंकू ने मन ही मन सोचा।

अब तो पिंकू की नींद रोज सुबह पांच बजे अपने आप खुल जाती थी। वह पौधों को पानी देने के बाद नन्ही गिलहरी को 'गुड मॉर्निंग' कहकर अपनी साइकिल लेकर पार्क की ओर निकल जाता था, जहां उसके दोस्त पहले से ही खेल रहे होते थे। वहां वह थोड़ी देर अपने दोस्तों के साथ खेलता। देर से उठने की आदत की वजह से पिंकू सुबह जल्दी उठने के फायदे नहीं जानता था। लेकिन अब वह जान और समझ गया था। गिलहरी ने पिंकू की देर से उठने की आदत सुधार दी थी। पिंकू की इस बदली हुई आदत से दादी भी खुश थीं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

# अच्छी-अच्छी सीख देतीं रोचक कहानियां

बच्चों के प्रिय बाल साहित्यकार हैं गोविंद शर्मा। इनकी एक नई किताब आई है 'पानी में पैसा', जिसमें उनकी लिखी ग्यारह कहानियां संकलित हैं। इस किताब में नैतिकता, मानवता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विविध विषयों पर प्रेरक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी 'पानी में पैसा' नदी की स्वच्छता का गंभीर संदेश देती है। कहानी कहती है, प्रदूषण के कारण पानी में पैसा ही नहीं, आदमी भी नहीं दिखता। 'झबरू की समझ' एक वफादार कुत्ते की सूझबूझ की कहानी है, जो चोरों को पकड़ने में मदद करता है। 'देखिए और सीखिए' कहानी लालच ना करने और दूसरों का आदर करने की सीख देती है। कहानी 'घंटी तो बंधी थी' सीख देती है कि मोबाइल की लत में ऐसे भी न खोएं कि कोई बड़ा नुकसान हो जाए, किसी बड़े संकट में फंस जाएं। कहानी 'यह ताला भी खुलेगा' में शिक्षा के प्रति जिज्ञासा और लगन का सुंदर चित्रण है। 'बंदर की इंसानियत' कहानी दया-करुणा का पाठ पढ़ाती है। 'रंग मिल गए' और 'पहला दिन : शुभ दिन' जैसी कहानियां हमारे भीतर मेलजोल और सौहार्द की भावना विकसित करती है।





इस कहानी संग्रह की भाषा बोलचाल और बालमन के अनुकूल है। कहानियों में छोटे-छोटे वाक्यों का प्रयोग किया गया है, जिससे बच्चो तुम्हें ये कहानियां पढ़ने और समझने में आसानी होगी। संग्रह की कहानियां सीख देने के साथ, तुम्हारा मनोरंजन भी करती हैं। *

**किताब**: पानी में पैसा (कहानी संग्रह),
**लेखक**: गोविंद शर्मा, **मूल्य**: 150 रुपए,
**प्रकाशक**: साहित्यागार पब्लिकेशन, जयपुर

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फूलों के बाग की सैर करने आई नन्ही परी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1. परी की जादुई छड़ी में लगे स्टार का कलर अलग है। 2. परी के बाएं पंख के ऊपरी हिस्से में अधिक धारियां बनी हुई हैं। 3. परी के दाहिने पैर के शू का कलर अलग है। 4. परी के बेल्ट का कलर बदला हुआ है। 5. नीचे जमीन पर घास का एक गुच्छा अधिक है। 6. एकदम बाईं तरफ फूल में एक पंखुड़ी कम है।

## नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए प्रत्येक चित्र के बगल में अंग्रेजी में उसका नाम भी लिखा गया है। प्रत्येक नाम का फर्स्ट लेटर मिसिंग है। तुम हर नाम के नीचे दिए गए सर्कल्स में से सही लेटर चुनकर इन नामों को पूरा करो।



शहरों के बीच दूरी और यात्रा समय को कम करना उद्देश्य

# एरियल डिस्टेंस के आधार पर बनेंगे आधा दर्जन नए ग्रीनफील्ड हाईवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में पहली बार एरियल डिस्टेंस के आधार पर हाईवे विकसित किए जाएंगे। प्रदेश सरकार करीब आधा दर्जन नए ग्रीनफील्ड हाईवे बनाने की तैयारी कर रही है, जिनकी कुल लंबाई 1100 किलोमीटर से अधिक होगी। इन हाईवे को अधिकतम सीधा बनाने की योजना है, ताकि शहरों के बीच दूरी और यात्रा समय कम किया जा सके। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, इन हाईवे के बनने के बाद बड़े शहरों के बीच यात्रा में एक से तीन घंटे तक की बचत होगी।

परियोजनाओं का निर्माण ग्रीनफील्ड मॉडल पर किया जाएगा और इन्हें एक्सक्लूसिव कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। इन हाईवे पर लोकल वाहनों को सीधे प्रवेश नहीं मिलेगा। हर 50 किलोमीटर पर एंट्री और एग्जिट पॉइंट बनाए जाएंगे। इसके अलावा जहां ग्रामीण सड़कें या स्थानीय आवागमन होगा, वहां फ्लाईओवर, ओवरब्रिज और अंडरपास बनाए जाएंगे, ताकि गांवों का संपर्क प्रभावित न हो। हाईवे सामान्य जमीन स्तर से 5 से 7 फीट ऊपर बनाए जाएंगे और दोनों तरफ सुरक्षा रेलिंग लगाई जाएगी, जिससे मवेशियों और वाहनों की अनियंत्रित एंट्री रोकी जा सके।

**मप्र में पहली बार लागू होगा मॉडल, हर 50 किमी पर होगा एंट्री-एग्जिट पॉइंट**

निजी एजेंसी करेगी रूट तय, राहगीरों को होगा लाभ


प्रतीकात्मक फोटो।

हाईवे का अंतिम रूट निजी एजेंसी द्वारा फिजिबिलिटी सर्वे के आधार पर तय किया जाएगा। कोशिश रहेगी कि सड़कें अधिकतम सीधी रहें, लेकिन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार मोड़ दिए जाएंगे। इससे विस्थापन कम होगा और शहरों को बायपास सुविधा भी मिलेगी।

### प्रस्तावित हाईवे और यात्रा समय में कमी

सागर-सतना हाईवे : 295 किमी की मौजूदा दूरी घटकर 235 किमी होगी। यात्रा समय 6-7 घंटे से घटकर करीब 3 से 3.30 घंटे रह जाएगा।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा भोपाल

भोपाल-मंदसौर हाईवे को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। इसके बाद भोपाल से दिल्ली की यात्रा करीब 8 घंटे में पूरी हो सकेगी, जबकि अभी 10 से 12 घंटे लगते हैं। करीब 11,550 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना में सिर्फ 13 इंटरचेंज प्रस्तावित हैं।

### रूट तय होने के बाद कुछ ऐसा रहेगा खाका

- भोपाल-इंदौर हाईवे : दूरी 190 किमी से घटकर 160 किमी होगी। सफर 3-4 घंटे के बजाय 2 से 2.30 घंटे में पूरा होगा।
- भोपाल-मंदसौर हाईवे : 313 किमी की दूरी घटकर 255 किमी होगी। यात्रा समय 4-5 घंटे से घटकर 2-3 घंटे रह जाएगा।
- जबलपुर-भोपाल मार्ग : 350 किमी से घटकर 320 किमी होगा और यात्रा समय 8-9 घंटे से घटकर 5-6 घंटे हो जाएगा।
- सागर-जबलपुर हाईवे : दूरी 54.4 किमी से घटकर 48 किमी होगी। यात्रा समय 1 घंटे से घटकर 35-40 मिनट रह जाएगा।
- इंदौर-उज्जैन मार्ग : 199 किमी से घटकर 140 किमी होगा और यात्रा समय 4-5 घंटे से घटकर करीब 2 से 2.15 घंटे हो जाएगा।

### डीपीआर का काम शुरू हो चुका है...

कई परियोजनाओं की डीपीआर तैयार करने का काम शुरू हो चुका है। इन हाईवे के निर्माण से प्रदेश में व्यावसायिक गतिविधियों और माल परिवहन को नई गति मिलेगी।

**सुखबीर सिंह**, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए शिवप्रकाश

**भोपाल।** भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने बुधवार को माँ नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत अनूपपुर के जिला प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

### रेल मंत्री ने पन्ना के जंगल में रेलवे लाइन पर दिए निर्देश

**भोपाल।** ललितपुर–सिंगरौली रेल लाइन परियोजना बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण रेल कनेक्टिविटी परियोजना है। यह परियोजना मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ती है। सिंगरौली ललितपुर रेलवे लाइन पन्ना के जंगलों से गुजरती है यह लाइन मध्य प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र को झांसी भोपाल के मेन लाइन से जोड़ती है।

### जनजातीय विद्यार्थियों को मिल रहीं बेहतर शिक्षा

**भोपाल।** प्रदेश के जनजातीय विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जनजातीय कार्य विभाग लगातार कार्य कर रहा है। यह बात जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कही। उन्होने कहा कि सरकार जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जनजातीय समाज का हर बच्चा आधुनिक शिक्षा से जुड़े और अपने सपनों को पूरा कर सके।

विश्व धरोहर खजुराहो में आयोजित हुआ योग महोत्सव

# योग और खजुराहो दोनों भारतीय संस्कृति के प्रमुख स्तंभ: डॉ यादव

**मुख्यमंत्री ने वीडियो संदेश से किया संबोधित**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय योग परम्परा को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर स्वस्थ, जागरूक एवं आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। योग और खजुराहो, दोनों ही सदियों से भारतीय संस्कृति के अभिन्न स्तंभ रहे हैं।

हमारी सरकार योग के प्रचार के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। योग को प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाने के लिए आयुष विभाग द्वारा इन दिनों 'घर-घर योग-हर व्यक्ति निरोग' अभियान भी चलाया जा रहा है। डॉ यादव ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 25 दिवसीय काउंटडाउन के अवसर पर यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में आयोजित 'योग महोत्सवः 2026' कार्यक्रम को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया।


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

### आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्र और राज्य सरकार के आयुष मंत्रालय के अधिकारियों और जिला प्रशासन, छतरपुर को खजुराहो में इस विशेष आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को केंद्रीय आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी और सांसद खजुराहो विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया।

### योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने अभियान

सीएम ने कहा कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस से पहले काउंटडाउन इवेंट से देशभर में लाखों लोग जुड़ रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी भी योग को सहर्ष स्वीकार कर रही है। हम योग को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ जोड़कर एक स्वस्थ, जागरुक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से हम योग को हर नागरिक के जीवन का हिस्सा बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। केन्द्रीय आयुष मंत्रालय का यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की राष्ट्रव्यापी तैयारियों में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। यह कार्यक्रम योग के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के प्रति केन्द्र और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।

गेहूं उपार्जन और जलसंकट के चलते सरकार नहीं देगी राहत

# आईएएस संतोष वर्मा और कलेक्टर्स नहीं जाएंगे मिड करियर ट्रेनिंग पर

**वर्तमान में मध्यप्रदेश के 11 आईएएस अधिकारी मसूरी में हैं मिड करियर ट्रेनिंग पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ब्राह्मण बेटियों को लेकर विवादित टिप्पणी के बाद चर्चा में आए आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा को सरकार मिड करियर ट्रेनिंग पर नहीं भेजेगी। उनके थर्ड फेज की ट्रेनिंग पहले ही रोक दी गई थी और अब चौथे चरण की ट्रेनिंग में भी उन्हें शामिल नहीं किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, संतोष वर्मा के खिलाफ लगे आरोपों के बाद कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन उस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है। ऐसे में उन्हें फिलहाल ट्रेनिंग के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा प्रदेश के कलेक्टरों को भी इस बार मिड करियर ट्रेनिंग से छूट नहीं मिलेगी। सरकार ने गेहूं उपार्जन, जलसंकट, जनगणना और मतदाता सूची से जुड़े कार्यों को देखते हुए कलेक्टरों को ट्रेनिंग पर नहीं भेजने का फैसला किया है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 11 आईएएस अधिकारी मसूरी में मिड करियर ट्रेनिंग पर हैं। यह ट्रेनिंग 11 मई से शुरू हुई थी और 5 जून को समाप्त होगी। इस बैच में संतोष वर्मा को पहले ही रोक दिया गया था। बताया गया है कि इस चरण में केवल सिवनी कलेक्टर को ही ट्रेनिंग पर भेजा गया, जबकि अन्य कलेक्टरों को प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण नहीं भेजा गया। मिड करियर ट्रेनिंग का चौथा चरण 15 जून से 10 जुलाई के बीच प्रस्तावित है। इसमें वर्ष 2000 से 2012 बैच तक के अधिकारियों को शामिल किया जाना है। हालांकि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी, भंडारण, परिवहन व्यवस्था, जल संकट और जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के चलते इस बार भी कई कलेक्टरों को ट्रेनिंग से बाहर रखा जा सकता है।

### आईएएस आईपीएस और आईएफएस अफसरों का बढ़ा डीए

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने आईएएस, आइपीएस और आईएफएस अधिकारियों को बड़ा तोहफा दिया है। राज्य सरकार ने ऑल इंडिया सर्विस अधिकारियों के महंगाई भत्ते यानी डीए में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। अब इन अधिकारियों को 58 प्रतिशत की जगह 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। सरकार का यह फैसला 1 जनवरी 2026 से प्रभावी माना जाएगा। बताया जा रहा है कि यह निर्णय केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय की 22 अप्रैल 2026 को जारी अधिसूचना के आधार पर लिया गया है। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी के बाद प्रदेश के आईएएस, आइपीएस और आईएफएस अधिकारियों के वेतन में भी इजाफा होगा। राज्य सरकार के इस फैसले को अधिकारियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।

## मंत्री राकेश शुक्ला पहुंचे भाजपा प्रदेश कार्यालय, कार्यकर्ताओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश कार्यालय में संगठन और सरकार के बेहतर तालमेल के लिए नई व्यवस्था शुरू की गई है। इसके तहत मंत्रियों और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद और समस्याओं के निराकरण की व्यवस्था जारी है। इसी क्रम में बुधवार को मंत्री राकेश शुक्ला ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे और प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री शुक्ला ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का तत्काल समाधान भी किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है।

## बूथ पर किसानों संग 'मन की बात' सुनेंगे जनप्रतिनिधि प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने बूथ अध्यक्षों को लिखा पत्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विशेष रणनीति तैयार की है।

इस बार कार्यक्रम किसानों के बीच सुनाने पर जोर दिया जा रहा है। हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश के बूथ अध्यक्षों को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि 31 मई को होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम में किसानों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। पत्र में कहा गया है कि मध्य प्रदेश कृषि प्रधान राज्य है, जहां बड़ी संख्या में किसान खेती-किसानी से जुड़े हैं। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेशभर के कृषि आधारित क्षेत्रों में किसान मोर्चा के समन्वय से बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें किसानों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' सुनी जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि इस आयोजन में सरपंच से लेकर सांसद तक सभी जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम के दौरान किसानों से संवाद भी किया जाएगा और राज्य सरकार की किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### बहुसंख्यक सांप्रदायिकता सबसे बड़ी चुनौतीः सिंह

**भोपाल।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह ने केंद्र सरकार और मौजूदा राजनीतिक माहौल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू की विचारधारा और संविधान में शामिल मूल्यों को बदलने की कोशिश की जा रही है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद पंडित नेहरू ने भारतीय संविधान में जिन सिद्धांतों और मूल्यों को स्थान दिलाया था, आज उन्हें कमजोर करने और बदलने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति देश के सामने स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू की जो विचारधारा थी, उसका भारतीय संविधान में उल्लेख करवाया गया था। उसे भी इस प्रकार से बदलने का काम किया जा रहा है, वह आप सबके सामने है। सांप्रदायिकता के मुद्दे पर बोलते हुए दिग्विजय सिंह ने नेहरू के विचारों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नेहरू सांप्रदायिकता को समाज के लिए बेहद खतरनाक मानते थे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि नेहरू जी कहा करते थे कि सांप्रदायिकता बहुत खराब चीज है। यह द्वेष पैदा करती है, नफरत पैदा करती है। लेकिन अल्पसंख्यकों की सांप्रदायिकता से ज्यादा खतरनाक बहुसंख्यकों की सांप्रदायिकता होती है और वही आज हम सबके सामने सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि देश को संविधान की मूल भावना, सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस दौरान पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।


दिग्विजय सिंह

सोनीपत, अंबाला और पंचकूला में 'शहर की सरकार' को कमान

# सीएम सैनी की उपस्थिति में तीनों जगह मेयरों और पार्षदों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ


**सोनीपत।** शपथ ग्रहण समरोह के बाद मेयर राजीव जैन व पार्षदों के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत/अंबाला/पंचकूला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के नगर निगमों में विकास कार्यों को नई रफ्तार दी जाएगी और जनता से किए गए वादों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है।मुख्यमंत्री ने अंबाला, पंचकूला और सोनीपत में आयोजित नगर निगमों के मेयर एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोहों में शिरकत की। सोनीपत में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में आयोजित समारोह में नव-निर्वाचित महापौर राजीव जैन एवं पार्षदों ने शपथ ली। अंबाला नव-निर्वाचित मेयर अक्षिता सैनी व पार्षदों पंचकूला में नव-निर्वाचित मेयर शाम लाल बंसल व पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्यमंत्री ने नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ खरा उतरना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगमों की नई टीमें मिलकर शहरों के विकास को तीन गुना गति से आगे बढ़ाएंगी। बेहतर सड़कें, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, सीवरेज, बिजली और आधुनिक शहरी सुविधाओं के विस्तार पर तेजी से कार्य किया जाएगा।

## डिप्टी सीएम ने किया 'एयर एम्बुलेंस एमपी' मोबाइल ऐप का शुभारंभ

**अब तक 140 जीवनरक्षक मिशनों को सफलता पूर्वक दे चुकी अंजाम**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में 'एयर एम्बुलेंस एमपी' पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। शुक्ल ने कहा कि पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके तहत किसी भी नागरिक को समय पर उपचार के अभाव में जीवन न गंवाना पड़े। नए पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए अनुरोध की प्रक्रिया अब और अधिक सरल एवं तेज होगी। पोर्टल में एयर एम्बुलेंस फ्लीट की रियल टाइम ट्रैकिंग, सेवा अनुरोधों का सुगम डिजिटल प्रवाह, सेवा प्रदाताओं को तत्परता के लिये रियल टाइम नोटिफिकेशन तथा अनुमोदन प्राधिकारी को समयबद्ध स्वीकृति के लिए अलर्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही पूरी प्रक्रिया में जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश में यह सेवा अब तक 140 जीवनरक्षक मिशनों को सफलतापूर्वक पूरा कर चुकी है। इनमें नवजात शिशुओं, हृदय रोग, ट्रॉमा, न्यूरोलॉजिकल आपात स्थितियों एवं अंग प्रत्यारोपण से जुड़े मामलों का सफल एयर मेडिकल ट्रांसफर शामिल है।

## निसान ग्रेवाइट सीएनजी ने ट्विन-सिलेंडर रेट्रोफिटमेंट किट लॉन्च की

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट के लिए सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट लॉन्च करने का एलान किया। सेगमेंट में पहली बार स्मार्ट ट्विन-सिलेंडर टेक्नोलॉजी पेश की गई है, जिससे 7-सीटर मॉड्यूलैरिटी और यूजएबिलिटी दोनों बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसे 16 राज्यों में 82,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रेवाइट सीएनजी को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे ग्राहकों को ज्यादा स्मार्ट, ज्यादा किफायती और पर्यावरण के दृष्टिकोण से ज्यादा बेहतर समाधान मिलेगा। साथ ही इस किट के लगने के बाद भी तीसरी पंक्ति में पर्याप्त जगह रहेगी, जिससे कम्फर्ट और रोजाना की गतिविधियों की व्यावहारिकता बनी रहेगी।निसान एंड इन्फिनिटी के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट एवं मिडल ईस्ट, केएसए, सीआईएस व भारत के प्रेसिडेंट श्री थियरी सबाग ने कहा, भारत निसान के लिए लगातार रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है और हम यहां ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप प्रासंगिक, सुगम और भविष्य के लिए तैयार मोबिलिटी सॉल्यूशंस एवं प्रोडक्ट उपलब्ध कराने पर फोकस कर रहे हैं। ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट के साथ सीएनजी विकल्प की पेशकश इस दिशा में उल्लेखनीय कदम है। ग्रेवाइट सीएनजी के साथ हम ऐसे ग्राहकों को प्रमाणित एवं व्यावहारिक समाधान दे रहे हैं, जो परिवार के लिए भरपूर स्पेस, रोजाना की आवाजाही और प्रमुख सीएनजी मार्केट्स में कम लागत पर यात्रा का विकल्प चाहते हैं।

1 से 7 जुलाई तक थाईलैंड के नाखोन रत्चासिमा सिटी में होगा आयोजन

# आगामी एशियाई अंडर-18 गर्ल्स वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए रायपुर की रेणु पारीक सिन्हा भारतीय कोच नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की रेणु पारीक सिन्हा को आगामी एशियाई अंडर-18 गर्ल्स वालीबाल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया गया है। सिन्हा भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) रायपुर में असिस्टेंट वालीबाल कोच के रूप में पदस्थ हैं। इस चैंपियनशिप का आयोजन एक जुलाई से सात जुलाई 2026 तक थाईलैंड के नाखोन रत्चासिमा सिटी में होगा।

इस अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में एशिया की मजबूत टीमें भाग लेंगी। रेणु सिन्हा की कोचिंग, अनुशासन और खिलाड़ियों को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने की क्षमता को देखते हुए भारतीय टीम के कोच पद की जिम्मेदारी दी गई है। खेल एक्सपर्ट का मानना है उनके अनुभव और रणनीति का लाभ भारतीय टीम को जरूर मिलेगा। उन्होंने कई होनहार खिलाड़ियों को नेशनल लेवल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में एशिया के सभी प्रमुख देशों की टीमें शिरकत करेंगी। खिताब के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। सिन्हा लंबे समय से रायपुर साई सेंटर में उभरते हुए खिलाड़ियों को तराशने का काम कर रही हैं। इस नियुक्ति से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि खेल जगत में हर्ष की लहर है। यह उनकी मेहनत और बेहतरीन कोचिंग रणनीतियों पर राष्ट्रीय मुहर है।

### पति भी रह चुके अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी

रेणु के पति दीपेश कुमार सिन्हा रायपुर यातायात विभाग में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। वे स्वयं अंतरराष्ट्रीय वालीबाल खिलाड़ी रह चुके हैं। करीब 10 वर्षों तक भारतीय वालीबाल टीम का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। रेणु का परिवार पहले से ही खेल से जुड़ा हुआ है। दीपेश सिन्हा ने अपने खेल करियर के दौरान देश के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर कई मेडल जीत चुके हैं। खेल के प्रति समर्पण उनके परिवार से शुरू से ही है।

तेज धूप में अनावश्यक बाहर न निकलने की भी दी सलाह

# मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों से गर्मी के दिनों में सतर्कता बरतने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों से सतर्कता बरतने और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस कठिन मौसम में लोगों को अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ आसपास के जरूरतमंद लोगों और पशु-पक्षियों का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, घर से बाहर निकलते समय पानी साथ रखने और तेज धूप में अनावश्यक रूप से बाहर जाने से बचने की सलाह दी है।

### बुजुर्गों, मजदूरों, बच्चों का ध्यान रखने की अपील

उन्होंने खास तौर पर बच्चों, बुजुर्गों, मजदूरों और खुले में काम करने वाले लोगों का ध्यान रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति की तबीयत खराब होती दिखाई दे तो उसे तुरंत छांव या ठंडी जगह पर ले जाकर पानी, ओआरएस या अन्य तरल पदार्थ उपलब्ध कराएं और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सहायता लें।

## चिंतन

# सिद्धा के इस्तीफे से कांग्रेस में नई चुनौतियों की शुरुआत

लंबी उहापोह के बाद कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने विधानसभा चुनाव से करीब दो साल पहले इस्तीफा देकर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के लिए रास्ता साफ कर दिया। सवाल यह है कि क्या यह कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर कांग्रेस के भीतर वर्षों से चल रहे सत्ता संघर्ष का अंत है या एक नए संघर्ष की शुरुआत है। डीके सोमवार को शपथ ले सकते हैं। सिद्धारमैया ने साफ कर दिया है कि उन्होंने राज्यसभा के जरिये केंद्र की राजनीति में जाने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है और प्रदेश की राजनीति में ही सक्रिय रहने का फैसला किया है। यही कांग्रेस व डीके कैंप में बेचैनी की वजह है। राज्य में शीर्ष पद पर रहने के बाद सिद्धारमैया का केंद्र में न जाना साबित करता है कि वे भविष्य में फिर इस पद पर दावेदारी करेंगे। यही नहीं, प्रदेश में डीके की एक भी गलती को भुनाने का वह कोई भी मौका नहीं छोड़ेंगे। यानी अगले दो साल तक वह सीधे या परोक्ष तौर सरकार के साथ रहते हुए विपक्ष की ही भूमिका में रहेंगे। यही कांग्रेस की चिंता है। डीके की शपथ से पहले भी कर्नाटक में जबरदस्त नाटक देखने को मिलेगा। सिद्धारमैया हाईकमान को दबाव में लाकर अपने समर्थकों को कैबिनेट में प्रमुख पद दिलाने की कोशिश करेंगे। इन हालात में डीके के लिए सरकार चलाना कितना कठिन होगा, यह समझा जा सकता है। कर्नाटक की राजनीति में खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रुचि है। उनके पुत्र प्रियांक भी सर्वोच्च पद के दावेदार रहे हैं। कांग्रेस में सत्ता संघर्ष 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत के बाद हुए एक अनौपचारिक सत्ता-साझेदारी समझौते से जुड़ा माना जाता है। शिवकुमार समर्थक लगातार दावा करते रहे हैं कि सरकार गठन के समय सत्ता साझा करने पर सहमति बनी थी। हालांकि, सिद्धारमैया ने कभी सार्वजनिक रूप से ऐसे किसी समझौते को स्वीकार नहीं किया और प्रशासन पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी। चुनावों के बाद से ही मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। शिवकुमार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे और चुनाव उनके नेतृत्व में ही लड़ा गया था, इसलिए वह शीर्ष पद पर अपनी स्वाभाविक दावेदारी मान रहे थे। तब पार्टी ने शिवकुमार को मनाकर उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया था और ढाई साल के बाद कमान देने का वादा किया था। बाद में हाईकमान द्वारा डीके खेमे की ओर से लगातार दबाव डालने के बावजूद कुछ भी साफ नहीं किया जा रहा था। इससे डीके का धैर्य चूक रहा था। यह दोनों नेताओं के बीच तनाव की वजह भी बना रहा। पिछले वर्ष नवंबर में, जब कर्नाटक सरकार ने अपने कार्यकाल का आधा हिस्सा पूरा कर लिया, तब कांग्रेस नेतृत्व ने कथित तौर पर शिवकुमार को असम विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का राजनीतिक पर्यवेक्षक नियुक्त कर इस तनाव को कम करने की कोशिश की, लेकिन रोटेशनल मुख्यमंत्री व्यवस्था को लेकर अटकलें जारी रहीं। पिछले कुछ वर्षों में शिवकुमार ने अपने धार्मिक संपर्कों को भी काफी बढ़ाया है। उन्होंने कर्नाटक और देशभर के प्रमुख मंदिरों के लगातार दौरे किए। उनकी धार्मिक छवि को लेकर कांग्रेस के भीतर बहस भी छिड़ गई थी। शिवकुमार ने सार्वजनिक रूप से सिद्धारमैया के साथ टकराव को बढ़ाने से काफी हद तक परहेज किया, हालांकि उनके समर्थकों ने दबाव बनाए रखा। अब ऐसा ही दबाव सिद्धारमैया नहीं बनाएंगे, ऐसा नहीं लगता। कुल मिलाकर कर्नाटक में कांग्रेस की चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं, बल्कि यह नई चुनौतियों की शुरुआत है।



तैयारी
प्रमोद भार्गव

# अब बख्शे नहीं जाएंगे घुसपैठिए

> पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा घुसपैठियों को देश से बाहर करने की मुहिम से तय है कि देश का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा बने इन बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की विदाई तय है। अधिकारी ने बंगाल में भाजपा की जीत के साथ ही, सबका विकास, सबका साथ नारे को बदलते हुए तय कर दिया है कि जिसका साथ, उसका विकास किया जाएगा। बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है। जो यहां के जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। यह अच्छी बात है कि अब इनकी नाक में नकेल डालकर बाहर का रास्ता दिखाने की मुहिम युद्ध स्तर पर चल रही है।

नक्सल समस्या की तरह अब घुसपैठियों की समस्या का निदान भी होने जा रहा है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा घुसपैठियों को देश से बाहर करने की मुहिम से तय है कि देश का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा बने इन बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की विदाई तय है। अधिकारी ने बंगाल में भाजपा की जीत के साथ ही, सबका विकास, सबका साथ नारे को बदलते हुए तय कर दिया है कि जिसका साथ, उसका विकास किया जाएगा। घुसपैठियों के बंगाल में बसने और लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री रहते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के तहत मिल रहा था। किंतु अधिकारी ने 'डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट' नीति लागू करने और जिला स्तर पर होल्डिंग सेंटर बनाने का निर्णय लेकर जता दिया है कि आखिरकार अवैध प्रवासियों को बाहर जाना ही होगा। इसी कड़ी में गृहमंत्री अमित शाह ने प्लेटफार्म एक्स पर ऐलान कर दिया कि 'घुसपैठ और अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के लिए वर्तमान और भविष्य के लिए बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में आबादी का संतुलन बिगड़ने की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने की बात कही थी, जो अब कर दी गई है। यह समिति धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या बदलाव के तरीके की जांच व समीक्षा करेगी।' यह समिति सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में काम कर एक साल के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है। जो यहां के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। बड़ी संख्या में घुसपैठ करके आए मुस्लिमों ने उनके न केवल आजीविका के संसाधनों को हथिया लिया है, बल्कि कृषि भूमि पर भी काबिज हो गए हैं। इस कारण राज्यों का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगड़ रहा है। लिहाजा यहां के मूल निवासी और घुसपैठियों के बीच जानलेवा हिंसक झड़पें भी होती रहती हैं। नतीजतन अवैध और स्थायी नागरिकों की पहचान के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता पत्रक बनाने की पहल की थी। इसके मुताबिक 1971 से पहले असम में रह रहे लोगों को मूल नागरिक माना गया है। इसके बाद के लोगों को अवैध नागरिकों की सूची में दर्ज किया गया है। दरअसल घुसपैठिए अपनी नागरिकता सिद्ध नहीं कर पाते हैं, तो यह उन राजनीतिक दलों को वजूद बचाए रखने की दृष्टि से खतरे की घंटी है, जो मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए घुसपैठ को बढ़ावा देकर अवैध नागरिकता को वैधता देने के उपाय करते रहे हैं। पहले सीपीएम और बाद में तृणमूल इन घुसपैठियों को न केवल शरण देते रहे हैं, बल्कि उनके आधार, राशन और वोटर कार्ड भी बनवाते रहे हैं। नतीजा रहा कि बंगाल का हर चौथा वोटर मुस्लिम बताया जा रहा है। छह जिले तो ऐसे हैं, जहां मुस्लिमों की आबादी 66 प्रतिशत से भी अधिक हैं। इस कड़ी में मुर्शिदाबाद जिले में 66.27, मालदा में 51.27, उत्तर दिनाजपुर 49.92,



वीरभूमि में 37.06, दक्षिण 24 परगना 35.57 और नादिया में 26.27 प्रतिशत मुस्लिमों की आबादी हो गई है। इस बिगड़े जनसंख्यात्मक घनत्व का ही परिणाम रहा कि 34 साल सीपीएम और 15 साल तृणमूल ने बंगाल पर शासन करते हुए घुसपैठियों को संरक्षण देते रहे। यदि असम में अवैध घुसपैठ की बात करें तो 1951 से 1971 के बीच यहां के मतदाताओं की संख्या अचानक 51 प्रतिशत बढ़ गई। 1971 से 1991 के बीच यह संख्या बढ़कर 89 फीसदी हो गई। 1991 से 2011 के बीच मतदाताओं की तादाद 53 प्रतिशत बढ़ी। जबकि देश के अन्य हिस्सों में मुस्लिमों की आबादी में बढ़ोत्तरी 13.4 प्रतिशत से 14.2 फीसदी तक ही हुई। असम में 35 प्रतिशत से अधिक मुस्लिमों वाली 2001 में विधानसभा सीटें 36 थी, जो 2011 में बढ़कर 39 हो गईं।

गौरतलब है कि 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्र होने के बाद से 1991 तक हिंदुओं की जनसंख्या में 41.89 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि इसी दौरान मुस्लिमों की जनसंख्या में 77.42 फीसदी की बेलगाम वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह 1991 से 2001 के बीच असम में हिंदुओं की जनसंख्या 14.95 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मुस्लिमों की 29.3 फीसदी बढ़ी। घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाने के लिए कांग्रेसियों ने इन्हें बड़ी संख्या में मतदाता पहचान पत्र एवं राशन कार्ड तक हासिल कराए। कांग्रेस की तरूण गोगाई सरकार इसी बूते 15 साल सत्ता में रही। लेकिन लगातार घुसपैठ ने कांग्रेस की हालत पतली कर दी थी। फलस्वरूप भाजपा सत्ता में आ गई। इस अवैध घुसपैठ के दुष्प्रभाव पहले अलगाववाद के रूप में देखने में आ रहे थे, लेकिन बाद में राजनीति में प्रभावी हस्तक्षेप के रूप में बदल गए। असम को बांग्लादेश से अलग ब्रह्मपुत्र नदी करती है। इस नदी का पाट इतना चौड़ा और दलदली है कि इस पर बाड़ लगाना या दीवार बनाना नामुमकिन है। केवल नावों पर सशस्त्र पहरेदारी के जरिए घुसपैठ को रोका जाता है। प्रधानमंत्री राजीव गांधी सरकार ने तत्कालीन असम सरकार के साथ मिलकर फैसला लिया था कि 1971 तक जो भी बांग्लादेशी असम में घुसे हैं, उन्हें नागरिकता दी जाएगी और बाकी को भारत की जमीन से निर्वासित किया जाएगा। इस फैसले के तहत ही अब तक कई बार एनआरसी ने नागरिकों की वैध सूची जारी करने की कोशिश की, लेकिन मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति के चलते कांग्रेस, वामपंथी और तृणमूल एनआरसी का विरोध करते रहे हैं। अतएव 2005 में सर्बानंद सोनोवाल बनाम भारत संघ मामले में असम में अवैध प्रवासियों के पहचान से जुड़े एक पुराने कानून को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि असम में होने वाली भारी घुसपैठ ने राज्यों के नागरिकों के जीवन को आमूलचूल प्रभावित किया है। यह स्थिति एक तरह के अघोषित बाहरी आक्रमण जैसी है। बांग्लादेश के साथ भारत की कुल 4097 किलोमीटर लंबी सीमा-पट्टी है, जिस पर जरूरत के मुताबिक सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। इस कारण गरीबी और भुखमरी के मारे बांग्लादेशी असम और बंगाल में घुसे चले आते हैं। यहां इन्हें कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल अपने-अपने वोट बैंक बनाने के लालच में भारतीय नागरिकता का सुगम आधार उपलब्ध करा देते हैं। मतदाता पहचान पत्र जहां इन्हें भारतीय नागरिकता का सम्मान हासिल करा देता है, वहीं राशन कार्ड की उपलब्धता इन्हें बीपीएल के दायरे में होने के कारण मुफ्त अनाज की सुविधा दिला देती हैं।

आसानी से बन जाने वाले बहुउद्देशीय पहचान वाले आधार कार्ड भी इन घुसपैठियों ने बड़ी मात्रा में हासिल कर लिए हैं। इन सुविधाओं की आसान उपलब्धता के चलते देश में घुसपैठियों की तादाद चार करोड़ से भी ज्यादा बताई जा रही है। यह अच्छी बात है कि अब इनकी नाक में नकेल डालकर बाहर का रास्ता दिखाने की मुहिम युद्ध स्तर पर चल रही है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## श्रद्धांजलि

प्रो. आरके जैन



# डॉ. बशीर बद्र : उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो


उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो...बशीर बद्र की यह पंक्ति आज स्वयं एक विदाई का सन्नाटा बनकर गूंज रही है। उर्दू शायरी का वह नर्म, रोशन और संवेदनशील सितारा अब अस्त हो गया है। केवल एक शायर नहीं गया, बल्कि एक पूरी भावनात्मक परंपरा मौन हो गई। 28 मई 2026 को भोपाल में लंबी बीमारी के बाद 91 वर्ष की आयु में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन उनकी शायरी अब भी सांसों में जीवित है। वे केवल शब्द नहीं रचते थे, बल्कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाली भावनाओं की पूरी दुनिया बसाते थे- जहां दर्द भी सुंदर लगता था और उम्मीद भी बहुत करीब। उनका जाना एक खालीपन नहीं, बल्कि एक ऐसी खामोश मौजूदगी है जो हर एहसास में धीरे-धीरे उतरती रहती है। जब शब्दों की रोशनी खुद इतिहास बन जाए, तो समझिए कोई शायर अमर हो चुका होता है। मशहूर



उर्दू शायर और गज़लकार पद्मश्री बशीर बद्र का जाना साहित्य जगत के लिए एक ऐसा आघात है, जिसने भावनाओं की सबसे नाजुक परत को हिला दिया। वे उन विरले शायरों में थे जिनके शब्द मंच से उतरकर सीधे जीवन की सांसों में बस जाते थे। उनका जाना केवल शरीर का अंत नहीं, बल्कि उस आवाज़ का ठहर जाना है जिसने सादगी को भी शिखर बना दिया। फिर भी, उनकी ग़ज़लें आज भी हर टूटे दिल में जीवित हैं और हर याद में चुपचाप रोशनी बनकर चलती रहती हैं। जहां शब्द जन्म लेते हैं और संवेदना उन्हें आकार देती है, वहीं से एक असाधारण सफ़र शुरू होता है। 15 फरवरी 1935 को अयोध्या (तब फैजाबाद) में जन्मे बशीर बद्र बचपन से ही शायरी की ओर आकर्षित थे और सात वर्ष की उम्र में ही शेर कहने लगे थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पीएचडी के बाद उन्होंने वहीं उर्दू के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया, फिर मेरठ कॉलेज में 17 वर्षों तक विभागाध्यक्ष रहे। फारसी, हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी पर उनकी गहरी पकड़ ने उनकी शायरी को समृद्ध और बहुआयामी बनाया। जब जीवन की सबसे गहरी आग इंसान के भीतर उतर जाए, तो शब्द भी राख से जन्म लेते हैं। 1987 के मेरठ दंगों ने बशीर बद्र को भीतर तक तोड़ दिया- उनका घर, यादें और अनमोल अनप्रकाशित रचनाएं सब-कुछ जलकर राख हो गया। इस त्रासदी ने उन्हें लंबे समय तक लेखन से दूर कर दिया और उनका जीवन गहरे खालीपन में डूब गया। लेकिन भोपाल में डॉ. राहत बद्र के साथ नए सिरे से मिली जीवन-धारा ने उन्हें फिर से शब्दों की ओर लौटा दिया। उसी पीड़ा से निकली उनकी अमर पंक्ति-"लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में..."-आज भी मानवीय संवेदना की सबसे तीखी और सजीव अभिव्यक्ति मानी जाती है। शब्दों को सजाने के बजाय उन्हें जीने की कला बशीर बद्र की शायरी की सबसे बड़ी पहचान थी। उन्होंने जटिल अलंकारों की जगह जीवन की सीधी, सरल भाषा को अपनाया और उसी में गहराई भर दी। प्रेम, विरह, अकेलापन और सामाजिक यथार्थ उनकी ग़ज़लों में सहजता से उतरते थे। उनकी प्रमुख कृतियाँ 'इकाई', 'इमेज', 'आमद', 'आहट', 'आस' और 'कुल्लियात-ए-बशीर बद्र' आधुनिक उर्दू साहित्य की अमूल्य धरोहर बन गईं। 'आस' के लिए उन्हें 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और उसी वर्ष पद्म श्री से सम्मान मिला। साथ ही उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से चार बार, बिहार उर्दू अकादमी से एक बार तथा 1980 में न्यूयॉर्क के 'पोएट ऑफ द ईयर' सम्मान ने उनकी वैश्विक पहचान को और मजबूत किया। कुछ पंक्तियां समय को भी पीछे छोड़ देती हैं और स्मृतियों में हमेशा के लिए बस जाती हैं- ऐसी ही शायरी बशीर बद्र की पहचान है। उनकी मशहूर पंक्तियां "उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो..." और "दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे..." आज भी लोगों की ज़ुबान पर जीवित हैं, जो रिश्तों और भावनाओं को एक नई दृष्टि देती हैं। उनके 18,000 से अधिक शेर और असंख्य ग़ज़लें फिल्मों, रेडियो और मुशायरों में लगातार गूंजती रही हैं। उनकी शायरी ने उर्दू ग़ज़ल को आम इंसान की भाषा बना दिया, जहां हर व्यक्ति अपने दर्द और अपनी पहचान को महसूस कर सकता है। जब यादें साथ छोड़ने लगती हैं, तब भी शब्द अपनी रोशनी नहीं खोते-बशीर बद्र के जीवन का अंतिम चरण इसका साक्षात प्रमाण रहा। डिमेंशिया ने धीरे-धीरे उनकी स्मृतियों पर धुंध छा दी, लेकिन उनकी पत्नी डॉ. राहत बद्र उनकी रचनाएं सुनाकर उन्हें फिर से जीवित करती रहीं। उनकी ग़ज़लें समय की सीमाओं को पार कर आज भी लोगों को जोड़ती हैं, और यही साबित करती हैं कि सच्ची रचना कभी मरती नहीं-वह हमेशा अपने पाठकों के भीतर जीवित रहती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित
## दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

# सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित
## प्रेरणा

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहा- मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहा- मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूं। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोला- मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूं। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोका- यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पेट्रोल-डीजल वाहनों का विकल्प इलेक्ट्रिक वाहन

अमरीका और ईरान युद्ध के कारण हमारे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है। इससे आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ रहा है, खासतौर पर जिनका कारोबार अपने निजी वाहनों के जरिए होता है, डीजल की कीमत में वृद्धि से सार्वजनिक वाहनों में सफर भी महंगा हो सकता है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम ई-बस सेवा योजना को हरी झंडी देकर चंडीगढ़ के लिए लगभग 25 इलेक्ट्रिक बसों का वर्चुअल तरीके से शुरुआत की। छत्तीसगढ़ में भी ऐसी पहल हो चुकी है। यहां की सरकार ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अच्छी पहल करते हुए नई इलेक्ट्रिक बसें और अन्य सरकारी वाहन ही खरीदने का मन बनाया है। सरकार इससे अपने यहां डीजल और पेट्रोल का प्रयोग भी कम करेगी। *- विकास चौधरी, दुर्ग*

## X ट्रेंड

### सावरकर को श्रद्धांजलि




महान क्रांतिकारी और प्रतिभाशाली राष्ट्रवादी विचारक वीर सावरकर को हार्दिक श्रद्धांजलि! उनका वीरता और बुद्धि से परिपूर्ण व्यक्तित्व राष्ट्र की प्रत्येक पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।
**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### खाद्यान्न उत्पादन



देश में खाद्यान्न उत्पादन का अब तक का उच्चतम स्तर दर्ज किया गया है। कल ही हमने तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया। इस वर्ष खाद्यान्न का कुल अनुमानित उत्पादन 3,765.63 लाख टन है, जो पिछले वर्ष से 188 लाख टन अधिक है।
**- शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषिमंत्री

### समस्याओं का समाधान



सत्ता हमारे लिए सुख का साधन नहीं, बल्कि जनता की सेवा का माध्यम है। ग्राम चौपाल के माध्यम से राजस्थान सरकार आज हर गांव तक पहुंच रही है, ताकि समस्याओं का समाधान मौके पर किया जा सके और विकास योजनाएं समाज के सबसे दूरस्थ व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें।
**- भजनलाल शर्मा,** सीएम, राजस्थान

### राजनीतिक प्रतीक



भारतीय सार्वजनिक विमर्श के विशाल रंगमंच पर, जहाँ रूपक लंबे समय से औजार और हथौड़े दोनों का काम करते आए हैं, तिलचट्टे का एक कीड़े से राजनीतिक प्रतीक के रूप में उभरना एक गहरा परिवर्तन दर्शाता है।
**- राम गोपाल वर्मा,** फिल्मकार

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# अगले पांच साल में तापमान में होगी रिकॉर्ड वृद्धि : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र की नयी जलवायु रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि अगले पांच वर्षों के दौरान पृथ्वी का तापमान कई बार उस अंतरराष्ट्रीय सीमा से ऊपर जा सकता है, जिसे अब तक सुरक्षित माना जाता रहा है।



रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान पृथ्वी के सबसे गर्म वर्ष का रिकॉर्ड भी कई बार टूट सकता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने यह भी अनुमान जताया है कि 2030 तक आर्कटिक क्षेत्र का तापमान करीब 1.66 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। इसके साथ ही अमेजन क्षेत्र में गंभीर सूखे और वनाग्नि का खतरा भी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कोयला, तेल और गैस के इस्तेमाल से बढ़ रही वैश्विक गर्मी के कारण बाढ़, सूखा और भीषण गर्मी जैसी चरम मौसमी घटनाएं अधिक होंगी। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु एजेंसी और ब्रिटेन के मौसम विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 से 2030 के बीच औसत वैश्विक तापमान के औद्योगिक क्रांति से पहले के स्तर की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की 75 प्रतिशत आशंका है। यही वह सीमा है जिसे 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में सुरक्षित माना गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि तापमान में मामूली वृद्धि भी मौत, खतरे और जीव-जंतुओं की प्रजातियों के नुकसान का कारण बन सकती है।

## ऑफ बीट

# लगातार गाड़ी चलाते समय थकान क्यों महसूस होती है

चाहे आप रोज दफ्तर आने-जाने के लिए गाड़ी चला रहे हों या समुद्र किनारे लंबी यात्रा पर निकले हों, लगातार 'ड्राइविंग' शरीर और दिमाग दोनों को



थका सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गाड़ी चलाना एक बेहद जटिल काम है, जिसमें दिमाग के कई हिस्सों को एक साथ काम करना पड़ता है। इनमें योजना बनाना, सतर्क रहना और आसपास की चीजों को समझना शामिल हैं। लेकिन जब आप थक जाते हैं, तो दिमाग के ये हिस्से पहले की तरह प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाते। यही वजह है कि चालक की थकान को सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता है। हालिया शोध बताते हैं कि ऑस्ट्रेलिया की सड़कों पर हुए हादसों में से 20 से 30 प्रतिशत उनींदे होकर गाड़ी चलाना एक प्रमुख कारण रहा। इसका असर हर उम्र और अनुभव वाले चालकों पर पड़ सकता है। ड्राइविंग के दौरान दिमाग कैसे काम करता है-ड्राइविंग एक ऐसा कार्य है जिसमें ध्यान, सतर्कता, चीजों को पहचानने की क्षमता, शरीर की गतिविधियों पर नियंत्रण और तेज निर्णय लेने जैसी कई मानसिक प्रक्रियाएं एक साथ सक्रिय रहती हैं। एक शोध विश्लेषण में पाया गया कि गाड़ी चलाने के दौरान दिमाग के बहुत से खास हिस्से सक्रिय हो जाते हैं।

कर्नाटक के 'नाटक' का आखिरकार हो गया समापन

# मुख्यमंत्री पद को लेकर 3 साल की रस्साकशी 3 दिन में हो गई खत्म

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद के लिए 3साल पहले शुरू हुई जद्दोजहद आखिरकार खात्म हो गई है। 2023 में मई के महीने में ही कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी थी। तब 2कद्दावर नेताओं- सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार में मुख्यमंत्री बनने की होड़ मची थी।

कांग्रेस आलाकमान ने सिद्धारमैया को सीएम बनाने को मंजूरी दी, वहीं शिवकुमार को डिप्टी सीएम पद से संतोष करना पड़ा। तब यह भी अटकलें लगी थीं कि दोनों नेताओं के बीच ढाई-ढाई साल सीएम पद पर रहने की सहमति बनी है।

### 3 साल पहले लगी थी सीएम पद की होड़

तीन साल पहले मई 2023 में जब कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी, तब मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया औरशिवकुमार के बीच कड़ी होड़, जिसे गेम ऑफ थ्रोन्स भी कहा गया, शुरू हो गई थी। दोनों ही दिग्गजों ने इस शीर्ष पद के लिए अपनी मजबूत दावेदारी और पैरवी पेश की थी। उस समय दोनों ही नेताओं ने अपनी ताकत दर्शाते हुए सीएम पद पर दावा रखा था।

## मई 2023 में बनी थी सिद्धारमैया के नेतृत्व में सरकार



### यह था सिद्धारमैया का पक्ष

सिद्धारमैया ने अपने पास राजनीति का लंबा अनुभव और पार्टी के 135 नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों में से 90 का समर्थन होने की बात कही थी। इसके अलावा, अल्पसंख्यक, पिछड़े वर्गों और दलितों खासकर कुरुबा और मुस्लिम समुदायों के बीच उनका एक बहुत मजबूत और व्यापक जनाधार था।

### यह था शिवकुमार का पक्ष

शिवकुमार ने कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में पार्टी को मुश्किल समय से निकालते हुए राज्य में चुनाव अभियान का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया था और कांग्रेस को एक शानदार जीत दिलाई थी। उन्हें राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों के नेताओं का भी कड़ा समर्थन हासिल है।

### कथित गुप्त समझौते की होती रही चर्चा

सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद के लिए कड़े मुकाबले को सुलझाने के लिए कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने हस्तक्षेप किया और एक कथित समझौता कराया। इस समझौते के तहत सिद्धारमैया को राज्य का मुख्यमंत्री और शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। शिवकुमार के समर्थकों का लगातार यह दावा करते रहे हैं कि सरकार गठन के समय ढाई-ढाई साल के लिए रोटेशनल मुख्यमंत्री का फॉर्मूला तय किया गया था।

ये रही भावी सीएम शिवकुमार की 'अमीरी'

## 852 करोड़ का शॉपिंग मॉल, आलीशान घर और नेटवर्थ 1,400 करोड़ रु.के पार

शिवकुमार की गिनती सबसे अमीर नेताओं में की जाती है। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान चुनाव आयोग को सौंपे गए हलफनामे में शिवकुमार ने अपनी चल-अचल संपत्ति का खुलासा किया था। उनके नाम पर शॉपिंग मॉल समेत अन्य महंगी कमर्शियल प्रॉपर्टीज हैं, वहीं शेयर बाजार में भी उन्होंने करोड़ों रुपए का निवेश किया है।

### 4 करोड़ के शेयर, सोना भी करोड़ों का

शिवकुमार ने शेयर बाजार में भी करोड़ों का निवेश किया है। यूनियन बैंक से लेकर बैंक ऑफ बड़ोदा तक, कौस्तुभा प्रोजेक्ट्स से लेकर वीक्रॉस डेवपलर्स तक के शेयरों में उन्होंने पत्नी समेत 4.20 करोड़ लगाए हैं।

### अचल संपत्ति बेशुमार

शिवकुमार व पत्नी के नाम पर 30 करोड़ की एग्रीकल्चर लैंड दर्ज है। 84 करोड़ से ज्यादा कीमत के कई घर और फ्लैट हैं, जो दिल्ली से बेंगलुरु तक में हैं।

## खबर संक्षेप

### डब्ल्यूएफआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी



**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट को एशियन गेम्स 2026 चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति देने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को बेंच करेगी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच डब्ल्यूएफआई की याचिका पर सुनवाई करेगी।

### केरलम में ईडी अफसरों पर हमले, 8 गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** केरलम के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के आवास के बाहर ईडी की गाड़ी पर हुए हमले के मामले में केरल पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। राज्य पुलिस महानिदेशक रवदा आजाद चंद्रशेखर ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। चंद्रशेखर ने कहा हमने अन्य शामिल लोगों की भी पहचान कर ली है।

### आप नेता जयपाल को सरेआम मारी गोली



**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में आप से जुड़े नेता जयपाल सिंह बाऊ को सरेआम गोली मारने की घटना सामने आई है। इस गोलीबारी के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जयपाल को अमृतसर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि घटना अमृतसर के कोट आत्मा राम इलाके की है।

### लू की चपेट में कई हिस्से श्रीगंगानगर सबसे गरम



**जयपुर।** राजस्थान में बृहस्पतिवार को सीमावर्ती श्रीगंगानगर जिले में अधिकतम तापमान 47.1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य में भीषण गर्मी का दौर अभी जारी रहेगा। गुरुवार को राज्य के अधिकांश भाग लू और भीषण गर्मी के चपेट में रहे। विभाग के अनुसार श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान सबसे अधिक 47.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

### तृणमूल कार्यालय से 300 पहचान पत्र जब्त



**कोलकाता।** कोलकाता के तंगरा इलाके में बृहस्पतिवार को तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय कार्यालय से कथित तौर पर बड़ी संख्या में मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और राशन कार्ड बरामद किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 57 के तंगरा सेकेंड लेन में स्थित पार्टी कार्यालय में एक अलमारी से करीब 300 पहचान पत्र बरामद हुए हैं।

गांधीनगर में 340 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास, सावरकर को दी श्रद्धांजलि

# घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकालेगी सरकार बनेगी सख्त नीति डेमोग्राफी चेंज पर : अमित शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को गुजरात के गांधीनगर में कलोल और गांधीनगर (उत्तरी) विधानसभा क्षेत्रों में 340 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इस दौरान उन्होंने एक प्राथमिक पाठशाला का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 दिनों में उन्हें गांधीनगर जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में करीब 1200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई विकास की नीति के कारण आज गांव आत्मनिर्भर और सुविधासंपन्न बन रहे हैं।

### हर गांव में होंगे बगीचे, तालाब और लाइब्रेरी

अमित शाह ने कहा कि अब गांवों में स्कूल, शिक्षक, स्वास्थ्य सुविधाएं और स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले कलोल और गांधीनगर (उत्तरी) विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में बगीचे और तालाब का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांवों में छोटी-छोटी लाइब्रेरी भी बनाई जाएंगी, ताकि युवा नशे और बुरी आदतों से दूर रहकर अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकें। शाह ने कहा कि खेल-कूद, पुस्तकालय और हरित वातावरण एक संतुलित समाज निर्माण के लिए जरूरी हैं।



### वीर सावरकर को याद किया

वीर सावरकर की जयंती पर शाह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 'वीर' की उपाधि उन्हें किसी सरकार ने नहीं, बल्कि देश की जनता ने दी थी। सावरकर ने अपना पूरा जीवन भारत की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। सावरकर ने अपनी पुस्तक '1857 का स्वातंत्र्य समर' में उसे स्वतंत्रता संग्राम के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि सावरकर ने कालापानी की जेल में अमानवीय यातनाएं झेलीं, लेकिन राष्ट्रभक्ति से कभी समझौता नहीं किया। सावरकर ने अस्पृश्यता के खिलाफ भी अभियान चलाया। पतित पावन मंदिर की स्थापना कर सभी के लिए खोला।

### देशभर से घुसपैठियों को बाहर निकालना सरकार का संकल्प

अपने संबोधन में अमित शाह ने पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश सीमा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि बंगाल में नई सरकार बनने के बाद सीमा सुरक्षा बल को 600 हेक्टेयर भूमि सौंप दी गई है और चिकन नेक कॉरिडोर की 121 हेक्टेयर जमीन भी केंद्र सरकार को दी गई है। उन्होंने दावा किया कि पहले बंगाल में रोज घुसपैठ होती थी, लेकिन अब घुसपैठिए स्वयं वापस जाने लगे हैं। शाह ने कहा कि राज्य सरकार ने डिटेंशन सेंटर बनाए हैं और अवैध रूप से भारत में रह रहे लोगों की पहचान का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा, देशभर से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर बाहर निकालना हमारी सरकार का संकल्प है।

### डेमोग्राफिक चेंज पर बनेगी उच्च स्तरीय समिति

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में हो रहे 'कृत्रिम जनसांख्यिकीय बदलाव' का अध्ययन करने के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की है। यह समिति जनसंख्या परिवर्तन के कारणों, उसके प्रभाव और उसे रोकने के उपायों पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो समिति नए कानून बनाने की भी सिफारिश करेगी। शाह के अनुसार, समिति एक वर्ष के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी।

### गांधीनगर बनेगा देश का सबसे विकसित लोकसभा क्षेत्र

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी से विकास हो रहा है और गुजरात में 25 वर्ष पहले शुरू हुआ विकास अभियान अब अपने चरम पर पहुंच चुका है। उन्होंने विश्वास जताया कि गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र आने वाले समय में देश का सबसे विकसित संसदीय क्षेत्र बनेगा।

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर जानकारी दी

## केवल ढांचा तैयार न करें,अब विकास को तेजी से पूरा भी करें

### विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उन्होंने बुधवार को प्रगति की 51वीं बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें देशभर की कई अहम विकास परियोजनाओं की समीक्षा की गई। यह बैठक 'सेवा तीर्थ' में आयोजित हुई। प्रधानमंत्री ने 30,000 करोड़ से अधिक लागत वाली विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इनमें रेलवे, बिजली और सड़क संपर्क से जुड़ी परियोजनाएं शामिल थीं, जो 9 राज्यों में फैली हैं। इसमें समय-सीमा, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और लंबित मुद्दों के समाधान पर विशेष ध्यान दिया गया। केन-बेतवा लिंक परियोजना और स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा था कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल ढांचा तैयार करना नहीं है बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना जरूरी है। उन्होंने राज्यों से ठोस कचरा प्रबंधन, अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र को पूरा करने की बात कही।



समीक्षा बैठक में पीएम मोदी

### रूफटॉप सोलर सिस्टम को बढ़ावा दें

प्रधानमंत्री ने शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर सिस्टम को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा था कि इसे मिशन मोड में लागू किया जाना चाहिए, ताकि बिजली की लागत कम हो, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हो और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले। उन्होंने इसके विस्तार की आवश्यकता बताई। प्रधानमंत्री ने वधावन बंदरगाह को एक आधुनिक मल्टी-मॉडल विकास मॉडल के रूप में विकसित करने की बात कही। उन्होंने कहा था कि इसे राष्ट्रीय स्तर के एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में तैयार किया जाना चाहिए।

### 'केन-बेतवा नदी जोड़ो' की प्रस्तुति दी गई

बैठक में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना को भी एक मॉडल परियोजना के रूप में प्रस्तुत किया गया। पीएम मोदी ने कहा था कि ऐसी परियोजनाएं राज्यों के बीच सहयोग और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग का उदाहरण बन सकती हैं। उन्होंने जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और कुशल सिंचाई प्रणाली को मजबूत करने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि सरकारी परियोजनाओं में देरी से लागत बढ़ती है और आम जनता को सुविधाओं का लाभ देर से मिलता है। इसलिए सभी मंत्रालयों और राज्यों को अधिक सक्रिय होकर समयबद्ध तरीके से काम पूरा करना चाहिए।

मथुरा में भंडारे को लेकर खूनी संघर्ष

## ताबड़तोड़ फायरिंग में 6 लोग घायल, गांव में फोर्स तैनात

एजेंसी ▶▶| मथुरा

गांव महोली में भंडारे को लेकर 2 पक्षों के बीच विवाद खूनी संघर्ष और फायरिंग तक पहुंच गया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। गोली से 6 लोग घायल हो गए है। एक की हालत गंभीर है। विवाद एक पक्ष की ओर से पार्षद पुष्पा देवी उर्फ गुड्डी प्रधान और दूसरे पक्ष की ओर से चंद्रपाल सिंह के समर्थकों के बीच हुआ।



### घटना के बाद गांव में फैला तनाव

दोनों ओर से लाठी-डंडे चले और फिर फायरिंग शुरू हो गई। घटना में दोनों पक्षों के 6लोग गगंभीर घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हरिओम नामक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्ष ठाकुर समाज से हैं। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

भूमिहीन गरीब परिवारों को भी पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए राज्यों से भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया

## शिवराज ने पीएमएवाई-जी के तहत 12 राज्यों को 10,021 करोड़ की मदर सैंक्शन जारी की

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने 'सभी के लिए आवास' के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

'सभी के लिए आवास' के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत 12 राज्यों को 10,021.42 करोड़ रूपये की मदर सैंक्शन केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी की उपस्थिति में जारी की। इन राज्यों में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु एवं



उत्तर प्रदेश शामिल हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राजस्थान के मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, असम के मंत्री अतुल बोरा, झारखंड की मंत्री दीपिका पांडे, ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव रोहित कंसल समेत केंद्र और विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश का कोई भी गरीब कच्चे मकान में न रहे। इसी संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण प्रारंभ की गई थी। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत 4.95 करोड़ घरों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 3.91 करोड़ घरों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा 3.05 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। चौहान ने कहा कि 'यदि घर अच्छा होता है तो जीवन आसान बनता है। हम केवल मकान नहीं बना रहे हैं, बल्कि ऐसे घर बना रहे हैं जहां सड़क, बिजली, पानी, गैस और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध हों।' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने राज्यों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि कई राज्यों ने हेल्पलाइन, शिकायत निवारण प्रणाली, वर्षा जल संचयन, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका संवर्धन तथा राजमिस्त्री प्रशिक्षण जैसे सराहनीय प्रयास किए हैं, जिनके कारण योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी आई है।

चुनाव हारते ही टीएमसी में अंदरूनी कलह चरम पर

## पार्टी प्रवक्ता डॉ. सेन ने दिया इस्तीफा, नहीं करूंगा समर्थन

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजनीति में टीएमसी को फिर बड़ा झटका लगा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. शांतनु सेन ने राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। डॉ. सेन ने इस्तीफा पार्टी प्रमुख ममता बेनर्जी को भेजा है। उन्होंने साफ कहा कि मौजूदा हालात में वह ऐसा करने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं हैं। जब जनता ने आरजी कर केस, अभया केस और भ्रष्टाचार को लेकर हमें खारिज कर दिया है।



### मौजूदा हालात में हम मानसिक रूप से तैयार नहीं

#### काकोली ने बिरला को लिखा पत्र

### अपनी ही पार्टी के नेता कल्याण बेनर्जी की शिकायत की



अब बंगाल में कलह सार्वजनिक हो गई है। टीएमसी नेता काकोली घोष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी के खिलाफ शिकायत की गई है। घोष ने स्पीकर से अपनी पार्टी के चीफ व्हिप कल्याण के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराने की अनुमति मांगी है।

#### कल्याण ने किया पलटवार

### उनकी मंशा पर उठता है सवाल



टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने काकोली घोष द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों पर कहा कि सदन में किसी भी घटना की जानकारी तुरंत स्पीकर को दी जानी चाहिए। अगर सदन के भीतर कोई घटना होती है तो स्पीकर के संज्ञान में लाना जरूरी होता है। कल्याण ने आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि असली मुद्दा यह है कि किसने क्या कहा और कब कहा। उन्होंने आरोप लगाने वालों की मंशा पर भी संदेह जताया कि पूरे मामले के पीछे कोई उद्देश्य है।

टीएमसी सांसद रॉय ने की सीएम सुवेंदु की तारीफ

### हमने ऐसा मेहनती नेता नहीं देखा



टीएमसी के सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने सीएम सुवेंदु अधिकारी और उनकी सरकार की तारीफ की है। रॉय ने कहा कि वे बहुत ही ज्यादा मेहनती हैं। अभी-अभी तक जो भी काम सरकार ने किए हैं, उससे आम जनता बहुत खुश हैं। सरकार सही रास्ते पर है।

एडीआर की रिपोर्ट में खुलासा

## क्षेत्रीय दलों के खजाने में 51% गिरावट, पर खर्च 20 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सियासत में सक्रिय क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की आय आधे से अधिक घट गई है। पर, उनका खर्चा आय से अधिक रहा। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। 36 क्षेत्रीय दलों के ऑडिट से पता चला कि 2024-25 में इनकी आय वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले 51.57 प्रतिशत गिर गई। उनका खर्च वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले 20 प्रतिशत बढ़ गया। इनमें से 21 दलों ने अपनी घोषित कमाई से अधिक खर्च किया



है। यह रिपोर्ट 27 मई को जारी हुई है। एडीआर ने चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध 36 दलों के ऑडिट खातों का विश्लेषण किया। इन 36 क्षेत्रीय पार्टियों की आय वित्त वर्ष 2024-25 में 1,192.94 करोड़ रुपए रही। यह वित्त वर्ष 2023-24 के 2,463.17 करोड़ रुपये से 1,270.23 करोड़ कम रही। इन दलों की आय में 51.57 प्रतिशत की गिरावट आई।

# टाटा ने लांच की देश की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार, कीमत 6.99 लाख से शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने अपने इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर सेगमेंट की एंट्री लेवल टियागो हैचबैक का फेसलिफ्ट मॉडल लांच कर दिया है। अब ये फेसलिफ्ट मॉडल की सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स के साथ आता है। कंपनी इस इलेक्ट्रिक हैचबैक पर अपनी दूसरी कारों की तरह लाइफटाइम बैटरी वारंटी दे रही है। साथ ही, फास्ट चार्जिंग को भी सपोर्ट करेगी।

- कंपनी बैटरी पर दे रही लाइफ टाइप गारंटी

कंपनी ने इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत सिर्फ 6.99 लाख रुपए रखी है। यानी ये देश की सबसे सस्ती ई-कार है। वहीं, इस कार को बैस सर्विस के साथ भी खरीद पाएंगे। इसके लिए कंपनी ने इसकी कीमत 4.69 लाख रुपए तय की है। यानी ग्राहकों को प्रति किलोमीटर 2.60 रुपए का खर्च आएगा। भारतीय बाजार में इसका मुकाबला एमजी कॉमेट ईवी और सिट्रोन ईसी3 से होगा।

## एक बार की चार्जिंग पर 285 किलोमीटर का रेंज

*5.7 सेकंड में 0-60 केपीएच की स्पीड : अपडेटेड टियागो ईवी में चार-लेवल वाली रीजेनरेटिव ब्रेकिंग और सिटी, स्पोर्ट ड्राइव मोड भी मिलते हैं। टाटा का दावा है कि 24 किलोवॉट प्रतिहावर वाला वर्जन 5.7 सेकंड में 0-60केपीएच की स्पीड पकड़ लेता है। टाटा मोटर्स 24 किलोवॉटप्रतिहावर वाले वर्जन के हाई-वोल्टेज बैटरी पैक पर पहले रजिस्टर्ड ओनर्स को लाइफटाइम अनलिमिटेड किलोमीटर की वारंटी भी दे रही है। 19.2 किलोवॉट प्रतिहावर वाले वर्जन पर पहले की तरह ही 8 साल/1.6 लाख किमी की बैटरी वारंटी मिलती रहेगी।*

*ईवी अब 40 फीसदी तेजी से चार्ज: कंपनी के मुताबिक, इसकी रियल-वर्ल्ड सी75 रेंज क्रमश: 160 से 170किमी और 205 से 215किमी है। टाटा का कहना है कि टियागो ईवी अब 40 प्रतिशत तेजी से चार्ज होती है। ये 18 मिनट में 100किमी की रेंज जोड़ देती है। यह डीसी फास्ट चार्जिंग को भी सपोर्ट करती है, जिससे 30किलो वॉट डीसी फास्ट चार्जर का इस्तेमाल करके दोनों बैटरी को 35 मिनट में 10 से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। स्टैंडर्ड तौर पर, टियागो ईवी में 3.3किलो वॉट और 7.2किलो वॉट एसी चार्जिंग के ऑप्शन मिलते हैं।*




**टाटा टियागो ईवी फेसलिफ्ट का इंटीरियर** : इंटीरियर की बात कें तो, टियागो ईवी में पूरी तरह से नया डिजाइन किया गया डुअल-टोन डैशबोर्ड मिलता है, जिसमें एक फ्री-स्टैंडिंग 10.25-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम और एक सेमी-डिजिटल टीएफटी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर है जो ब्लूटूथ फंक्शनैलिटी को भी सपोर्ट करता है।

### टाटा टियागो ईवी फेसलिफ्ट का एक्सटीरियर

अपडेटेड टियागो ईवी के एक्सटीरियर की बात करें तो इसमें नया डिजाइन किया गया फ्रंट फेशिया मिलता है, जिसमें स्लीक एलईडी हेडलैंप, आईब्रो जैसी नई एलईडी डीआरएल और बॉडी कलर की बंद ग्रिल डिजाइन शामिल है। टाटा ने बम्पर को भी नए सिरे से डिजाइन किया है, जिसके किनारों पर नए फॉक्स एयर वेंट्स दिए गए हैं।

### टाटा टियागो ईवी फेसलिफ्ट के बैटरी पैक और रेंज

टियागो ईवी दो बैटरी पैक ऑप्शन के दिए गए हैं, जिसमें 19.2 किलोवॉटप्रतिहावर और 24 किलोवॉटप्रतिहावर शामिल हैं। छोटे बैटरी वाले वर्जन से 62एचपी और 110एनएम पावर मिलती है, जबकि बड़े बैटरी पैक से 75एचपी और 114एनएम पावर मिलती है। 24 किलोवॉटप्रतिहावर वाले वर्जन की दावा की गई एमआईडीसी रेंज अब 285किमी है, जो पहले 293किमी थी। वहीं 19.2 किलो वॉट प्रतिहावर वाले वर्जन की दावा की गई रेंज थोड़ी बढ़कर 223किमी से 226किमी हो गई है।

### छह कलर ऑप्शन उपलब्ध

पीछे की तरफ, इस हैचबैक में अब कनेक्टेड एलईडी टेल-लैंप और एक नया बम्पर मिलता है। इसके बाहरी हिस्से की अन्य खासियतों में डुअल-टोन ब्लैक रूफ, शार्क-फिन एंटीना और डोर के हैंडल पर क्रोम फिनिश शामिल हैं। टाट, टियागो ईवी को 6 कलर ऑप्शन में खरीद पाएंगे। इसमें देहरादून ड्यू, सोबो सर्ज, पैंगोंग पल्स, माथेरान मॉनसून, प्योर ग्रे और प्रिस्टीन व्हाइट शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### जीएमआर एयरपोर्ट्स को 400 करोड़ रुपए का मुनाफा




**नई दिल्ली।** हवाई अड्डा परिचालन से जुड़ी कंपनी जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड (जीएएल) वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में घाटे से उबरकर 400.49 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ में आ गई है। कंपनी को वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 252.66 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

### आर्केड डेवलपर्स को 109 करोड़ रुपये का घाटा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी आर्केड डेवलपर्स को वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 109.45 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 33.26 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आर्केड डेवलपर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 199.06 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान अवधि में 134.34 करोड़ रुपये थी।

## सूचना

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

### एक मुलाकात में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने व्यापक दृष्टिकोण पेश किया

# वर्ष 2047 तक भारत आने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या होगी 10 करोड़

- वर्ष 2030 तक पर्यटन का जीडीपी में सात फीसदी होगा योगदान
- भारत अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में कमजोर स्तर से निकलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री शेखावत ने बुधवार को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि आर्थिक वृद्धि, बेहतर बुनियादी ढांचे और पर्यटन विकास के विकेंद्रीकरण के दम पर भारत अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में कमजोर स्तर से निकलकर वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थान हासिल करेगा।


*भारत के पर्यटन क्षेत्र के लिए एक व्यापक दृष्टि पेश करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि वर्ष 2030 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इस क्षेत्र का योगदान सात प्रतिशत से अधिक हो जाएगा और 2047 तक विदेशी पर्यटकों की संख्या एक करोड़ से बढ़कर 10 करोड़ हो जाएगी।*

### वर्ष 2023-24 में 8.4 करोड़ लोगों को दिया रोजगार

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2024 में भारत को पर्यटन से लगभग 35 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा आय हुई, जो देश के जीडीपी का करीब एक प्रतिशत है। इसके साथ वित्त वर्ष 2023-24 में यात्रा एवं पर्यटन क्षेत्र ने प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से लगभग 8.4 करोड़ लोगों को रोजगार दिया था।

### पर्यटन विदेशी मुद्रा कमाने वाले तीन शीर्ष क्षेत्रों में शामिल

इस सवाल पर कि क्या वर्ष 2047 तक पर्यटन रोजगार देने और विदेशी मुद्रा कमाने वाले शीर्ष तीन क्षेत्रों में शामिल हो सकता है, शेखावत ने कहा, /"मैं 'सकता है' शब्द हटाना चाहता हूं। ऐसा जरूर होगा।/" उन्होंने कहा कि जहां विदेशी मुद्रा आय जीडीपी में एक प्रतिशत का योगदान देती है, वहीं समग्र पर्यटन उद्योग का योगदान छह प्रतिशत से थोड़ा कम है।





*वर्ष 2025 में 300 करोड़ घरेलू यात्राएं की गईं*

*भारत में वर्ष 2025 के दौरान करीब 300 करोड़ घरेलू यात्राएं की गईं, जिनमें अवकाश, चिकित्सा, विवाह, तीर्थ या अन्य कारणों से की गई यात्राएं शामिल हैं। अगर कोई व्यक्ति उज्जैन के महाकाल मंदिर जाता है, तो हम उसे पर्यटक मानने से इनकार नहीं कर सकते। वह घर से निकलकर दूसरे शहर गया, कम से कम एक रात ठहरा और वापस आया। इसका आकलन करूं, तो यह संख्या 294 करोड़ होगी। इस आंकड़े में 2025 के महाकुंभ में गए 66 करोड़ लोग शामिल नहीं हैं।/"*

### वर्तमान में विदेशी पर्यटकों की संख्या एक करोड़

केंद्रीय मंत्री ने कहा, /"हम इसे (विदेशी पर्यटकों की संख्या) वर्ष 2047 तक 10 करोड़ तक ले जाएंगे।/" वर्तमान में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या करीब एक करोड़ है। केंद्रीय मंत्री ने स्वीकार किया कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या के मामले में भारत अभी भी थाइलैंड, फ्रांस और सिंगापुर जैसे देशों से पीछे है। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह तुलना पूरी तरह उचित नहीं है क्योंकि इसमें घरेलू पर्यटन शामिल नहीं हैं।

### कृषि के बाद पर्यटन रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र होगा

शेखावत ने कहा कि जिस दिन पर्यटन क्षेत्र का योगदान अर्थव्यवस्था में 10 प्रतिशत हो जाएगा, उस दिन यह रोजगार सृजन के मामले में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र बन जाएगा और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को पीछे छोड़ देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारत को लेकर एक 'नया विमर्श' गढ़ा है और दुनिया में इसे देखने का नजरिया बदल रहा है।

### देश में गुणवत्तापूर्ण होटलों की कमी

शेखावत ने माना कि कमजोर बुनियादी ढांचा, स्वच्छता की कमी, सुरक्षा एवं प्रदूषण को लेकर बनी धारणा, संपर्क की कमी, गुणवत्तापूर्ण होटल कमरों की संख्या पर्याप्त नहीं होना और महंगे होटल विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में बाधा हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती आर्थिक समृद्धि के कारण अधिक भारतीय देश के भीतर यात्रा कर रहे हैं, जिससे होटल के कमरे भर रहे हैं और मांग बढ़ने से किराया भी बढ़ रहा है।

# रेटिंग सुधार से रिलायंस ने जापान से रिकॉर्ड वित्तपोषण जुटाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




- अब तक का सबसे बड़ा समुराई ऋण जुटाया

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 में किसी भारतीय कंपनी द्वारा अब तक का सबसे बड़ा 'समुराई ऋण' जुटाया। इसके साथ ही कंपनी ने वैश्विक स्तर पर अपनी तरह के तीन वित्तपोषण सौदे भी पूरे किए। समुराई लोन अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजार का एक विशेष शब्द है। जब जापान से बाहर की कोई विदेशी कंपनी या सरकार, जापानी बैंकों और वित्तीय संस्थानों से जापानी मुद्रा 'येन' में ऋण लेती है, तो उसे 'समुराई लोन' कहा जाता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स द्वारा दिसंबर, 2025 में रिलायंस की अंतरराष्ट्रीय साख रेटिंग 'बीबीबी प्लस' से बढ़ाकर 'ए-माइनस' किए जाने के बाद कंपनी की वैश्विक पूंजी बाजारों तक पहुंच और मजबूत हुई है। यह रेटिंग भारत की संप्रभु रेटिंग से दो स्तर ऊपर है। एसएंडपी ने कहा कि रिलायंस के उपभोक्ता कारोबार का योगदान बढ़ने और आय की स्थिरता बेहतर होने के कारण रेटिंग में सुधार किया गया। कंपनी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस ने 10 जापानी और ताइवानी बैंकों के माध्यम से 'समुराई लोन' के तहत 91.9 अरब जापानी येन (लगभग 62.5 करोड़ डॉलर) जुटाए।

### एशिया का तीसरा सबसे बड़ा वित्तपोषण सौदा

यह किसी भारतीय कंपनी द्वारा इस तरह का सबसे बड़ा और समग्र रूप से किसी एशियाई कंपनी द्वारा तीसरा सबसे बड़ा वित्तपोषण सौदा है।

## पीसी ज्वेलर का लाभ 61 प्रतिशत बढ़कर 153 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** पीसी ज्वेलर लिमिटेड का 31 मार्च, 2026 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 61 प्रतिशत बढ़कर 152.89 करोड़ रुपये रहा है। कुल आमदनी बढ़ने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 94.78 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 946.26 करोड़ रुपये हो गई, जो एक वर्ष पहले समान अवधि में 700.10 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष के 577.70 करोड़ रुपये से बढ़कर 714.46 करोड़ रुपये हो गया।

## एलआईसी ने रियल एस्टेट संपत्तियों से बेहतर रिटर्न पाने का रखा लक्ष्य

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अपनी रियल एस्टेट संपत्तियों से मिलने वाले प्रतिफल या रिटर्न को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित रही है। इसके साथ ही बीमा कंपनी 60,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अपनी विशाल संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन के लिए अलग अनुषंगी कंपनी बनाने के विकल्प पर भी विचार कर रही है। एलआईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरईस्वामी ने कहा, ''हमारे पास काफी रियल एस्टेट संपत्तियां हैं, जिनमें कुछ विरासत में मिली हैं और कुछ पिछले 70 वर्षों में खरीदी गई हैं। इनका उपयोग अपने कामकाज के साथ निवेश के रूप में भी किया जाता है, जिससे हमें आय होती है।

# रुपये को अभी और गिरने दे आरबीआई : सुब्बाराव

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- पूर्व आरबीआई गवर्नर ने कहा, बाहरी दबाओं को अभी और झेलने दे
- ब्याज दर बढ़ाने की जगह तरलता प्रबंधन को मिले प्राथमिकता

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि बाहरी दबावों को झेलने के लिए केंद्रीय बैंक को रुपये में कुछ और गिरावट आने देनी चाहिए और महंगाई का जोखिम बढ़ने पर ब्याज दर बढ़ाने के बजाय तरलता प्रबंधन जैसे उपायों को प्राथमिकता देनी चाहिए। सुब्बाराव ने खास बातचीत में कहा कि विनिमय दर को संभालने के लिए मौद्रिक नीति का सहारा केवल 'अंतिम उपाय' के तौर पर लिया जाना चाहिए। वर्ष 2008 से लेकर 2013 तक आरबीआई के गवर्नर रह चुके सुब्बाराव ने कहा, ''रुपये के स्तर को बचाने के बजाय उसे परिस्थितियों के अनुरूप समायोजित होने देना चाहिए, क्योंकि कमजोर रुपया बाहरी झटकों को झेलने में मदद करता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा, ''यदि आरबीआई को ऐसा लगता है कि महंगाई की स्थिति इसकी मांग करती है, तो वह मौद्रिक नीति को सख्त कर सकता है।

भू-राजनीतिक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया संकट के कारण रुपया दबाव में है और इस महीने की शुरुआत में यह डॉलर के मुकाबले 97.15 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया।

### महंगाई की रुझान का आकलन करना जरूरी होगा

सुब्बाराव ने कहा कि मौजूदा स्थिति में दर बढ़ाने के बजाय इंतजार करना और महंगाई के रुझान का आकलन करना बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि यदि महंगाई में तेज बढ़ोतरी होती है, तो पहले तरलता या नकदी प्रबंधन के जरिये सख्ती की जा सकती है, न कि सीधे दर बढ़ाकर। एमपीसी की बैठक तीन से पांच जून के बीच प्रस्तावित है, जिसमें नीतिगत दर पर निर्णय लिया जाएगा।

## मुकेश अंबानी ने लगातार छठे साल नहीं लिया कोई वेतन



**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी ने लगातार छठे वर्ष अपनी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) से कोई वेतन नहीं लिया है। उनके लिए लाभांश ही कमाई का मुख्य जरिया बना हुआ है। कंपनी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 69 वर्षीय अंबानी ने वित्त वर्ष 2025-26 में वेतन, भत्ते, सुविधाओं और सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में कोई राशि नहीं ली। अंबानी ने वित्त वर्ष 2008-09 से 2019-20 तक अपने वार्षिक पारिश्रमिक को 15 करोड़ रुपये पर सीमित रखा था।

**कोविड महामारी के मद्देनजर स्वेच्छा से वेतन छोड़ा :** इसके बाद वित्त वर्ष 2020-21 से उन्होंने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर स्वेच्छा से अपना वेतन छोड़ दिया था। उन्होंने तब यह निर्णय लिया था कि जब तक कंपनी और उसके सभी व्यवसाय अपनी पूर्ण कमाई क्षमता पर वापस नहीं आ जाते, वह वेतन नहीं लेंगे।

## आशियाना हाउसिंग का शुद्ध लाभ बढ़कर 21 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी आशियाना हाउसिंग लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली बढ़त के साथ 20.98 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 20.34 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आशियाना हाउसिंग लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 335.18 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान अवधि में 229.48 करोड़ रुपये थी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सरायपाली, जिला- महासमुन्द (छ.ग.)**
Email ID- cmonppsaraipali@gmail.com

क्र./207/न.पा.प./लो.नि.वि./2026-27 **// ई-निविदा संशोधन सूचना //** सरायपाली, दिनांक 27.05.2026

नगर पालिका परिषद सरायपाली क्षेत्रांतर्गत जल प्रदाय योजना के तहत (अमृत 2.0) हेतु तृतीय ई-निविदा सूचना क्र. 174 दिनांक 20.05.2026 (सिस्टम टेंडर क्र. 191337) लागत राशि 10978.85 लाख रू. को जारी की गई थी। जिसका ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने के अंतिम तिथि 05.06.2026 समय 17:30 बजे तक निर्धारित गई थी चूंकि उक्त ई-निविदा प्रक्रिया में तकनीकी समस्या आने के कारण उक्त ई-निविदा क्र. 174 को संशोधन किया जाता है, संशोधन अनुसार टेंडर सिस्टम क्र. 191337 के स्थान पर टेंडर सिस्टम क्र 191806 तथा ऑनलाईन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.06.2026 एवं भौतिक दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11.06.2026 एवं निविदा खोले जाने की अंतिम तिथि 12.06.2026 समझा जावे शेष नियम व शर्तें पूर्व की भांति यथावत रहेगी। विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं https://uad.cg.gov.in/ में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सरायपाली

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **1. संजय कुमार दीक्षित** पुत्र स्व. बाबू राम, निवासी 706, कोरल–ए, शालीमार सिटी, साहिबाबाद, गाजियाबाद (उ.प्र.), और दूसरा पता: सी–1269, एलआईजी फ्लैट्स, लोनी रोड के पूर्व, नंद नगरी, दिल्ली और **2. मनीष कुमार कौशिक** पुत्र जगमोहन कौशिक निवासी 14/डी, श्रद्धानंद गली, शिव मंदिर के पास, बाबरपुर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 07/26 धारा 406/420/120बी भा.द.स. के तहत थाना आनंद विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. संजय कुमार दीक्षित** और **2. मनीष कुमार कौशिक** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. संजय कुमार दीक्षित** और **2. मनीष कुमार कौशिक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इनके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 07/26 धारा 406/420/120बी भा.द.स. के तहत थाना आनंद विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्तों **1. संजय कुमार दीक्षित** और **2. मनीष कुमार कौशिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **02.07.2026** को हाजिर हों।

आदेशानुसार: श्री मनीष जैन,
अति. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
जिला शाहदरा, कमरा नं. 62, तृतीय तल,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/7020/SHD/2026

## राशिफल

**मेष:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष:** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क:** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक:** आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**धनु:** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर:** वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## शब्द पहेली - 6240




**बाएँ से दाए**


1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 6239 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | | अ | | बी | र | ब | ल |
| | ला | | वा | | म | हि | मा | | ल | व |
| म | | | य | की | न | | र | | | कु |
| त | क | ली | फ | | चै | त्र | | क | ल | श |
| वा | | ड | | रा | न | | गै | | ह | |
| ला | प | र | वा | ह | | का | र | गु | जा | री |
| | र | | दा | | अ | स्त | | मा | | मा |
| प्र | ख | र | | पा | प | | म | न | च | ला |
| जा | | | शा | | ह | न | न | | | गू |
| प | र | | पि | ह | र | | ह | | शा | |
| ति | जा | र | त | | ण | | र | ह | म | त |



आॅरेंज कैप



वैभव सूर्यवंशी
652 रन
राजस्थान

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
26 विकेट
बेंगलुरु

# सचिन ने वैभव को बताया चमत्कार तो सूर्यवंशी के जवाब ने जीत लिया दिल

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

आईपीएल में 27 मई को न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 15 साल के वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक पारी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स को सिर्फ मैच ही नहीं जिताया, बल्कि पूरे क्रिकेट जगत को उनका मुरीद बना दिया।

सचिन तेंदुलकर ने उनकी बल्लेबाजी को 'चमत्कार' बताया। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उन्हें भविष्य का 'स्टार' कहा, जबकि युवराज सिंह ने नया निकनेम देते हुए उन्हें 'बॉस बेबी' बुलाया। वहीं मोहम्मद कैफ ने वैभव सूर्यवंशी को भारतीय क्रिकेट का 'वंडर बॉय' करार दिया। खास बात यह रही कि वैभव सूर्यवंशी ने भी इन दिग्गजों की तारीफों का बेहद विनम्र और दिल जीत लेने वाले अंदाज में जवाब दिया। वैभव सूर्यवंशी के जवाबों ने सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया।

### वैभव का बैट स्विंग जबरदस्त : सचिन

सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'वैभव सूर्यवंशी का बैट स्विंग जबरदस्त रहा है। इससे भी ज्यादा कमाल की बात यह है कि वह लेग स्टम्प की ओर आती गेंदों पर कितनी खूबसूरती से अपना फ्रंट फुट हटाकर जगह बनाते हैं। इसी सहूलियत की वजह से वह उस तरह से खेल पाते हैं जैसा वह खेलते हैं। यह पारी किसी चमत्कार से कम नहीं थी!''

### यह किसी सपने जैसा : वैभव

सचिन तेंदुलकर की पोस्ट का जवाब देते हुए वैभव सूर्यवंशी ने लिखा, 'धन्यवाद सर। मेरे लिए इसका बहुत बड़ा मतलब है। आपने भी लगभग इसी उम्र में खेलना शुरू किया था और अब मेरी तरह 15 साल का एक लड़का आपका आशीर्वाद पा रहा है। यह किसी सपने जैसा लग रहा है।'







### तुमने सबकी सांसें ही रोक दीं : सूर्यकुमार

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने लिखा, 'हिम्मत बनाए रखो बच्चे। क्या शानदार पारी खेली है। तुमने सबकी सांसें ही रोक दीं थीं। एक बड़ा सितारा तैयार हो रहा है।



**सूर्या को जवाब** देते हुए वैभव सूर्यवंशी ने लिखा, 'बहुत-बहुत धन्यवाद कप्तान। आपके जैसे टी20 के बादशाह से ये सुनना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मिस्टर 360, मैं भी आपसे वे कमाल के शॉट्स सीखना चाहूंगा।'

### बॉस बेबी' ने तोड़ा 'यूनिवर्स बॉस' का रिकॉर्ड : युवराज

युवराज सिंह ने लिखा, 'बॉस बेबी' ने 'यूनिवर्स बॉस' का रिकॉर्ड तोड़ दिया! अविश्वसनीय, यह बच्चा कमाल का है, इसे खेलते देखना बहुत अच्छा लगता है। युवराज की पोस्ट पर वैभव

**सूर्यवंशी ने लिखा,** 'बहुत-बहुत धन्यवाद युवी अंकल। आपसे 'बॉस बेबी' का खिताब मिलना मेरे लिए अब तक की सबसे बड़ी तारीफ है। मुझे अब भी इस बात का अफसोस है कि मैं तीन रन से अपने शतक से चूक गया, लेकिन इस बात की बहुत खुशी है कि हम मैच जीत गए!'

## खबर संक्षेप



### फ्रेंच ओपन : महिला युगल से हटीं वीनस और हैली

**पेरिस।** सात बार की मेजर एकल विजेता वीनस विलियम्स और हैली बैप्टिस्ट की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के महिला युगल से हटने का फैसला किया। उन्होंने गुरुवार को हटने का फैसला किया और आयोजकों ने इसका कोई कारण नहीं बताया। लेकिन बैप्टिस्ट को बुधवार को वांग जियायू के खिलाफ अपने दूसरे दौर के एकल के दौरान बाएं पैर पर अजीब तरह से गिरने के बाद रिटायर होना पड़ा था। अब ड्रॉ में अमेरिकी जोड़ी की जगह यूडिस चोंग और वेरोनिका रेजवेक ने ली। वीनस अगले महीने 46 साल की हो जाएंगी। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के एकल में वाइल्ड-कार्ड से प्रवेश किया था। वह पहले दौर में हार गईं और ऑस्ट्रेलियन ओपन एकल मुख्य ड्रॉ में हिस्सा लेने वाली सबसे उम्रदराज महिला बन गईं थीं। वीनस 2002 में अपनी छोटी बहन सेरेना से फ्रेंच ओपन एकल फाइनल हार गईं।

### यूनिटी कप: सेमीफाइनल में जमैका से हारी भारतीय टीम



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम लंदन में यूनिटी कप के सेमीफाइनल में जमैका से 0-2 से हारकर बाहर हो गई। जमैका के लिए कर्टनी क्लार्क ने आठवें और काहेम डिक्सॉन ने 78वें मिनट में गोल दागे। अब तीसरे स्थान के प्लेआफ मुकाबले में भारत का सामना जिम्बाब्वे से होगा, जिसे दूसरे सेमीफाइनल में नाइजीरिया ने हराया। वहीं फाइनल में पिछले साल की तरह नाइजीरिया की टक्कर जमैका से होगी। भारत के लिए नोफाल पीएन और रिकी शाबोंग ने सीनियर टीम में पदार्पण किया। भारतीय टीम का ब्रिटेन में यह पहला मैच था। फीफा रैंकिंग में 71वें स्थान पर काबिज जमैका ने आक्रामक शुरुआत करके आठवें ही मिनट में बढ़त बना ली। डिक्सॉन 17वें मिनट में बढत दुगुनी करने के करीब पहुंचे लेकिन गुरप्रीत संधू ने गोल नहीं होने दिया।

### एनएसएफ में होगी आईटी सलाहकार नियुक्ती




**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने कहा कि वह अहमदाबाद में होने वाले 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बेहतर तालमेल के लिए अपनी डिजिटल प्रणाली को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) में आईटी सलाहकारों की नियुक्ति करेगा। यह योजना राष्ट्रीय खेल डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र (एनएसडीई) के व्यापक ढांचे का हिस्सा है। हालांकि मंत्रालय ने अभी यह साफ नहीं किया है कि वह प्रत्येक संघ में कितने पेशेवरों को नियुक्त करना चाहता है, इसके लिए क्या समय-सीमा या मापदंड होंगे। खेल मंत्रालय वर्तमान में 40 से अधिक राष्ट्रीय संघों को मान्यता देता है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, ' इस पहल का उद्देश्य संघ विशिष्ट डिजिटल प्रणाली को सुव्यवस्थित करना और प्रतियोगिताओं, राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों, खिलाड़ियों की भागीदारी, प्रशासन प्रक्रियाओं और वास्तविक समय में तालमेल के लिए अधिक प्रभावी योजना बनाना है।

**क्वालीफायर-2 : आज शाम 7.30 बजे से गिल और सूर्यवंशी का आमना-सामना**

# 'वंडर किड' को रोकने की चुनौती, जीटी के टॉप ऑर्डर को दिखना होगा दमखम

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों के सामने सबसे बड़ी चुनौती 'वंडर किड' वैभव सूर्यवंशी के बल्ले पर अंकुश लगाने की होगी जबकि उनके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को भी आक्रामक खेल दिखाना होगा। दोनों टीमों के बीच पिछले मुकाबले में मोहम्मद सिराज ने शॉर्ट गेंद पर सूर्यवंशी को आउट किया था लेकिन इससे पहले उनकी गेंद पर शानदार छक्का पड़ा था। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को भी सूर्यवंशी ने नहीं बख्शा। पंद्रह बरस के इस बल्लेबाज ने एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंद में 97 रन बनाए। बल्लेबाजों की मददगार इस पिच पर सूर्यवंशी एक बार फिर हर गेंद को पीटना चाहेंगे और गेंदबाज के रसूख की वह परवाह नहीं करते। इसलिए जसप्रीत बुमराह से लेकर पैट कमिंस तक सभी की गेंदों पर उन्होंने छक्के लगाए हैं।





### आरआर को करना होगा फिनिशिंग पर काम

कुछ मैचों में सूर्यवंशी शॉर्ट गेंद पर विकेट गंवा बैठे हैं और गुजरात के गेंदबाज इसी पर फोकस करना चाहेंगे। रॉयल्स की सफलता की कुंजी सूर्यवंशी और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर साबित हुए हैं। सूर्यवंशी के शानदार फॉर्म के आगे यशस्वी जायसवाल छिप से गए हैं। ध्रुव जुरेल ने तीसरे नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की है। कप्तान रियान पराग ने कहा था कि रॉयल्स को बुधवार को 260 रन बनाने चाहिए थे लेकिन डैथ ओवरों में विकेट लगातार गिरते गए । उन्हें अपनी फिनिशिंग पर काम करना होगा।

### सुदर्शन के प्रदर्शन में निरंतरता

दूसरी ओर गुजरात के पास एक और आईपीएल फाइनल में पहुंचने का मौका है, जिसे पिछली बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने हराया था। गुजरात की टीम बल्लेबाजी में शीर्ष तीन शुभमन गिल, साइ सुदर्शन और जोस बटलर पर निर्भर है। अगर ये नहीं चले तो बड़ा स्कोर बनना मुश्किल है। अगर रॉयल्स ने 250 से अधिक रन बना लिए तो गिल और सुदर्शन पर दबाव आ जाएगा। सुदर्शन के प्रदर्शन में निरंतरता है लेकिन वह पहली गेंद से पीट नहीं सकता।

### गुजरात की असली ताकत गेंदबाजी

गेंदबाजी गुजरात की ताकत है लेकिन धर्मशाला में आरसीबी के खिलाफ डैथ ओवरों में उसके गेंदबाज नहीं चले थे जब आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने शानदार पारी खेली थी। गुजरात को अपनी फील्डिंग में भी काफी सुधार करना होगा। पिछले मैच में राहुल तेवतिया का फॉर्म भी उसके लिए अच्छा संकेत है। भीषण गर्मी के बावजूद सूर्यवंशी की बल्लेबाजी देखने के लिए हजारों की संख्या में क्रिकेटप्रेमियों के स्टेडियम में आने की उम्मीद है।

### आरआर के खिलाफ जीटी का रिकॉर्ड शानदार

आरआर के खिलाफ जीटी का रिकॉर्ड शानदार रहा है। आरआर और जीटी के बीच आईपीएल में अब तक कुल 10 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 7 मुकाबलों में जीत जीटी के हाथ लगी है, जबकि राजस्थान रॉयल्स सिर्फ 3 मैच ही जीत सकी है। गुजरात टाइटंस अपने इस दमदार रिकॉर्ड को दूसरे क्वालीफायर में भी बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

**मैच का समय** : शाम 7.30 से

**नॉर्वे चेस**

# प्रज्ञानानंदा ने दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी कार्लसन को दी शिकस्त



एजेंसी ▶▶| मुंबई

ओस्लो। आर प्रज्ञानानंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को नॉर्वे शतरंज के तीसरे दौर के रोमांचक मुकाबले में हराकर पूरे तीन अंक ले लिए जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश का खराब फॉर्म जारी रहा। गुकेश को अलीरजा फिरोजा ने आर्मागेडोन (सडन डैथ टाइब्रेकर) पर हराया चूंकि बाजी ड्रॉ रही थी। इस साल टूर्नामेंट में कार्लसन चिर परिचित फॉर्म में नहीं दिख रहे थे लेकिन 7 बार के चैंपियन को उसके देश में हराना विश्व शतरंज की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक रोमानिया में शानदार प्रदर्शन करके आए प्रज्ञानानंदा ने उस लय को कायम रखा। इस जीत के बाद उनके 4.5 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। फिरोजा 7.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। गुकेश के 3.5 अंक है और वह छह खिलाड़ियों के ओपन वर्ग में चौथे स्थान पर हैं। कार्लसन 1.5 अंक लेकर छठे स्थान पर है।

### यह सिक्के की उछाल जैसा : प्रज्ञानानंदा

प्रज्ञानानंदा ने जीत के बाद कहा,'इस जीत में जश्न मनाने जैसा कुछ नहीं है। यह सिक्के की उछाल जैसा है, जिसमें मैं भी जीत सकता था और मैग्नस भी। मुझे इस प्रदर्शन पर बहुत गर्व नहीं है लेकिन खुश हूं कि पहले हाफ में अच्छा खेला लेकिन टाइम कंट्रोल में बाजी किसी भी तरफ जा सकती थी।'

### प्रज्ञानानंदा ने 2024 में हराया था कार्लसन को

प्रज्ञानानंदा ने 2024 में इसी टूर्नामेंट में क्लासिकल प्रारुप में पहली बार कार्लसन को हराया था। फिरोजा रोमानिया में लगी चोट के कारण व्हीलचेयर पर आयोजन स्थल से गए और मून बूट पहनकर आए थे। उन्हें दर्द हो रहा था लेकिन उससे पार पाते हुए उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। गुकेश का खराब फॉर्म चिंता का सबब है क्योंकि उन्हें इस साल के आखिर में जावोखिर सिंडारोव के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबला खेलना है।

**महिला टी20 विश्व कप**

# अंपायर, मैच रेफरी का ऐलान चार भारतीयों को मिली जगह



एजेंसी ▶▶| दुबई

इंग्लैंड एवं वेल्स में 12 जून से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप में अंपायरिंग करने के लिए आईसीसी ने 18 सदस्यीय महिला अधिकारियों की सूची जारी की है, जिसमें मैच रैफरी जीएस लक्ष्मी सहित चार भारतीय अंपायर शामिल हैं।

यह लगातार तीसरा चरण होगा, जिसमें अधिकारियों के पैनल में सभी महिलाएं शामिल हैं। कैन्डेस ला बोर्ड, गायत्री वेणुगोपालन, केरिन क्लास्टे और शथीरा जाकिर जेसी पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। अंपायरों की सूची में दो अन्य भारतीय वृंदा राठी और जननी एन हैं।

### क्लेयर पोलोसाक छठी बार करेंगी अंपायरिंग

विश्व कप में 33 मैच के दौरान 14 अंपायर और 4 मैच रैफरी काम करेंगे, जिनमें 2024 चरण के दल के 9 सदस्य भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया की क्लेयर पोलोसाक सबसे अनुभवी हैं, जो इस टूर्नामेंट में छठी बार हिस्सा लेंगी और पहले 22 मैच में अंपायरिंग कर चुकी हैं। जैकलीन विलियम्स और किम कॉटन ने अब तक 19-19 मैच में अंपायरिंग की है और दोनों इंग्लैंड और वेल्स में अपने पांचवें टी20 विश्व कप का रिकॉर्ड बनाएंगी। तीन मैच रैफरी शांड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी और मिशेल परेरा 2024 चरण का भी हिस्सा थीं। चौथे रैफरी के रूप में न्यूजीलैंड की टुडी एंडरसन को शामिल किया गया है।

### मैच अधिकारियों की सूची

**अंपायर:** लॉरेन एजेनबाग, किम कॉटन, अन्ना हैरिस, शथीरा जाकिर जेसी, केरिन क्लास्टे, कैन्डेस ला बोर्ड, जननी एन, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसाक, वृंदा राठी, सुजैन रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, जैकलीन विलियम्स, गायत्री वेणुगोपालन , मैच रेफरी: टुडी एंडरसन, शांड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा विनेश और डब्ल्यूएफआई का मामला

### ट्रायल में हिस्सा लेने को लेकर मचा बवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलवान विनेश फोगाट को एशियाई खेल 2026 के चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है।



न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और आलोक अराधे की पीठ शुक्रवार को महासंघ की याचिका पर सुनवाई करेगी। 22 मई को उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने विनेश को एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति देते हुए कहा था कि डब्ल्यूएफआई की चयन नीति भेदभावपूर्ण थी क्योंकि मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करने वाली उनके जैसी दिग्गज खिलाड़ी के नाम पर विचार नहीं किया गया। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि 30 और 31 मई को होने वाले चयन ट्रायल की महासंघ की ओर से वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी । इस दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय ओलंपिक संघ का एक स्वतंत्र पर्यवेक्षक भी मौजूद होगा।

# सिंगापुर ओपन : क्वार्टर फाइनल में सिंधू और लक्ष्य, प्रणय हारे

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने गुरुवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि एचएस प्रणय कई गलतियों की वजह से बाहर हो गए।

सिंधू ने 37 मिनट के भीतर जापान की रिको गुंजी को 21-9, 21-12 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया की आन से यंग से होगा। सिंधू कभी भी ओलंपिक चैंपियन को हरा नहीं सकी हैं और आठ बार



पराजित हो चुकी हैं। पिछली हार पिछले साल चाइना ओपन में मिली थी।

### अब लक्ष्य का सामना कोकी वातानाबे से

लक्ष्य ने भी क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है क्योंकि दूसरे वरीय कुनलावुत विदितसर्ण ने महज दो अंक के बाद पीठ की समस्या के कारण रिटायर होने का फैसला किया। अब 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य का सामना जापान के कोकी वातानाबे से होगा। पुरुष युगल में चौथी वरीयता प्राप्त सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कड़े मुकाबले में चीनी ताइपै के ली झि हुइ और यांग पो सुआन को एक घंटे तक चले मुकाबले में 21-15, 11-21, 21-18 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अब उनका सामना मलेशिया के खाइ शिंग कांग और आरोन ताइ से होगा।

**फ्रेंच ओपन : नहीं खेलूंगा फ्रांसीसी खिलाड़ी के खिलाफ : नोवाक**

# क्ले कोर्ट में दर्शकों ने हूटिंग के बाद बजाई ताली, गुस्से में दिखे जोकोविच

एजेंसी ▶▶| पेरिस

सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन में दर्शकों के बर्ताव से काफी नाखुश हैं। जोकोविच ने कहा कि उम्मीद है कि टूर्नामेंट में उन्हें अब फ्रांस के किसी भी खिलाड़ी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जोकोविच वैलेंटिन रॉयर के खिलाफ हुए मैच में दर्शकों की ओर से की गई लगातार हूटिंग से गुस्से में नजर आए। जोकोविच ने दूसरे राउंड में रॉयर पर चार सेट में 6-3, 6-2, 6-7(9), 6-3 से जीत हासिल करके अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तरफ कदम बढ़ाया। टूर्नामेंट के लगातार दूसरे मुकाबले में जोकोविच का सामना फ्रांस के खिलाड़ी से हुआ। पहले राउंड में जोकोविच ने जियोवानी मपेट्शी पेरीकार्ड को हराया था। मैच के दौरान



एक समय ऐसा आया जब जोकोविच ने भीड़ की हूटिंग के बाद ताली बजाई और अंपायर ने शांत रहने को कहा। अंपायर ने कहा, 'लेडीज एंड जेंटलमैन, कृपा दोनों खिलाड़ियों की इज्जत करें। जोकोविच ने तुरंत कहा, उनमें कोई इज्जत नहीं है। सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं बाकी टूर्नामेंट में किसी और फ्रेंच खिलाड़ी के साथ नहीं खेलूंगा।

### शुरुआती दो सेट में जोकोविच का ज़बरदस्त खेल

शुरुआती दो सेट में जोकोविच का ज़बरदस्त खेल देखने को मिला। तीन बार के रोलैंड-गैरोस (फ्रेंच ओपन) विजेता रॉयर के पैटर्न को समझ रहे थे और कई लेजर-फोकस्ड शॉट मार रहे थे। हालांकि, रॉयर पीछे हटने को तैयार नहीं थे और उन्हें लगातार अच्छे खेल का इनाम तीसरे सेट में मिला। उन्होंने तीसरे सेट में अपना हुक्ड फोरहैंड मारकर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। टाई-ब्रेक में जोकोविच ने मैच पॉइंट 6-5 पर बनाए रखा। फिर से रॉयर ने हार नहीं मानी और 24 ग्रैंड स्लैम विजेता खिलाड़ी को पीछे रखने के लिए जोरदार शॉट्स खेले और फुर्तीले मूवमेंट का इस्तेमाल किया। कुछ पॉइंट बाद जोकोविच का एक बैकहैंड लंबा चला गया, जिससे पेरिस के फैंस जोरदार नारे लगाने लगे।

### रॉयर अपने प्रदर्शन के लिए श्रेय के हकदार : जोकोविच

*जोकोविच ने कहा, मुझे राहत मिली है। जाहिर है कि जब आप मैच जीतते हैं तो अलग महसूस होता है। मुश्किल हालात में यह दोनों खिलाड़ियों के लिए बहुत जरूरी जीत है। बहुत गर्मी थी, और मुझे लगता है कि रॉयर इस मुकाबले के अपने प्रदर्शन के लिए बहुत श्रेय के हकदार हैं। यह बहुत मुश्किल मैच था, शुरू से ही एक चुनौती थी। यह नॉर्मल है कि इस तरह के हालात और माहौल में कोर्ट पर चीजें मुश्किल हो जाती हैं। मुझे उम्मीद है कि टूर्नामेंट के आखिर तक मुझे किसी और फ्रेंच खिलाड़ी से दोबारा नहीं खेलना पड़ेगा।*

# साइप्रस में इयू के विदेश मंत्रियों से मिले जयशंकर
# यूक्रेन जंग और पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय संकट पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ निकोसिया

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को साइप्रस में यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान मंत्रियों ने उभरते बहुध्रुवीय व्यवस्था में अवसरों, व्यावहारिक सहयोग और अपने साझा हितों पर चर्चा की।

विदेश मंत्री जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के मंत्रियों की अनौपचारिक जिम्निच बैठक में शामिल होने के लिए लिमासोल में आकर बहुत अच्छा लगा। यूरोपीय संघ और इस क्षेत्र के साथ हमारी साझेदारी कई क्षेत्रों में लगातार गहरी होती जा रही है। उभरते बहुध्रुवीय व्यवस्था में अवसरों, व्यावहारिक सहयोग और हमारे साझा हितों पर चर्चा की गई।

> जयशंकर ने कहा कि यूरोपीय संघ और इस क्षेत्र के साथ हमारी साझेदारी कई क्षेत्रों में लगातार गहरी होती जा रही है। उभरते बहुध्रुवीय व्यवस्था में अवसरों, व्यावहारिक सहयोग और हमारे साझा हितों पर चर्चा की गई

## कई देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर हुई बातचीत


ईयू के विदेश मंत्रियों के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर

## भू-आर्थिक चुनौतियों पर विचार-विमर्श

*जिम्निच फोरम यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक है, जो प्रमुख भू-आर्थिक चुनौतियों, सुरक्षा और रणनीतिक मामलों पर चर्चा करने के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है। जयशंकर ने जिम्निच फोरम से इतर नीदरलैंड, पोलैंड, फ्रांस, स्लोवाकिया और एस्टोनिया के विदेश मंत्रियों और पोलैंड के उप प्रधानमंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की के साथ भी बैठकें कीं। बता दें, विदेश मंत्री एस. जयशंकर बुधवार को यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की एक अनौपचारिक बैठक में भाग लेने के लिए साइप्रस पहुंचे।*

### रूस-यूक्रेन के बीच स्थायी शांति हो


विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने यूक्रेनी समकक्ष एंड्री सिबिहा से भी मुलाकात में रूस-यूक्रेन संघर्ष पर स्थायी शांति की प्रतिबद्धता जताई और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

### ईयू संग एफटीए पर चर्चा


जयशंकर ने यूरोपीय संघ की विदेश मामलों और सुरक्षा नीति की उच्च प्रतिनिधि काजा कल्लास से भारत-यूरोपीय संघ के साथ हुए एफटीए को तेज गति देने और पश्चिम एशिया हालात पर भी बातचीत की।

### सऊदी अरब के विदेश मंत्री से मुलाकात


विदेश मंत्री जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ बैठक की, जहां दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचारों पर बात की।

### स्पेन के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाएंगे


जयशंकर ने स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस से मुलाकात में रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

## खबर संक्षेप

### इबोला के चलते हाई अलर्ट पर सभी एयरपोर्ट

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर इबोला के बढ़ते खतरों को देखते हुए एयरपोर्ट हेल्थ आर्गेनाइजेशन



(एपीएचओ) ने देश के सभी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया है। अब दुनिया के किसी भी कोने से भारत पहुंचने वाले हर यात्री को इस सख्त सुरक्षा घेरे से गुजरना होगा। नए प्रोटोकाल के तहत, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से उतरने वाले सभी यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जा रही है। 21 दिनों का विस्तृत यात्रा इतिहास देना होगा। स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों की वर्तमान स्थिति भी बतानी होगी।

### सऊदी जेल से 20 साल बाद लौटा अब्दुल रहीम

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में मौत की सजा का सामना कर रहे अब्दुल रहीम 20 साल बाद बकरीद पर घर



लौटे। लोगों ने क्राउडफंडिंग के जरिए ब्लड मनी के लिए 34 करोड़ रुपए जुटाए,रहीम नवंबर 2006 में सऊदी अरब गए थे। रियाद में रहीम को एक परिवार के दिव्यांग बेटे अनस अल फायिस की देखभाल का जिम्मा सौंपा गया था।


## ओमान के दखल पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दी चेतावनी
# स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर किसी का नियंत्रण नहीं नाजुक बातचीत के समय दखल अस्वीकार्य

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओमान को चेतावनी दी है कि वह ईरान के साथ चल रही नाजुक बातचीत में दखल न दे, यह अस्वीकार्य है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर नजर रखेगा।

व्हाइट हाउस में कैबिनेट बैठक के दौरान पत्रकारों ने ट्रंप से पूछा कि क्या वह ऐसे छोटे समय के समझौते को मानेंगे, जिसमें ईरान और ओमान इस अहम समुद्री रास्ते को मिलकर नियंत्रित करें। इस पर ट्रंप ने कहा कि यह समुद्री रास्ता सबके लिए खुला रहेगा। यह अंतरराष्ट्रीय पानी है।

### ईरान को किसी भी तरह के प्रतिबंधों से राहत नहीं मिलेगी


कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते डोनाल्ड ट्रंप

### जल्दबाजी में नहीं करेंगे समझौता

*ट्रंप ने कहा कि वह मिडटर्म चुनावों के राजनीतिक दबाव की वजह से ईरान के साथ किसी समझौते में जल्दबाजी नहीं करेंगे। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अभी चर्चा में चल रही शर्तों से संतुष्ट नहीं है और अगर उसकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वह फिर से सैन्य कार्रवाई कर सकता है। कैबिनेट बैठक के दौरान ट्रंप ने कहा कि ईरान को अपने उच्च स्तर पर समृद्ध यूरेनियम के भंडार को छोड़ने के बदले में किसी तरह की प्रतिबंधों से राहत नहीं मिलेगी।*

### कुवैत पर मिसाइल से हमला

कुवैत की सेना ने कहा है कि उनके एयर डिफेंस ने एक मिसाइल हमले का पता लगाया है। कुवैती सेना ने कहा कि एयर डिफेंस ने मिसाइल और ड्रोन्स को हवा में ही मार गिराया, जिससे तेज धमाका हुआ। कुवैत की सरकार ने सभी नागरिकों से सुरक्षा सलाह को मानने की अपील की।

### इजराइल हमले में 14 लोगों की मौत

इजराइल और हिजबुल्ला के बीच संघर्ष में इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के कई शहरों पर भीषण हवाई हमले किए हैं। इनमें तायर, सिडोन और नबातिएह जैसे इलाके शामिल हैं। तायर के पास एक ड्रोन हमले में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सिडोन में एक अपार्टमेंट बिल्डिंग पर हुए हमले में पांच लोगों की जान चली गई और कई घायल हुए। सिडोन में हुए हमले में विस्थापित परिवारों के रहने वाले मकानों को भी निशाना बनाया गया, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 2 मार्च से जारी इजराइली हमलों में मरने वालों की संख्या 27 मई तक बढ़कर 3,269 हो गई है, जबकि 9,840 लोग घायल हुए हैं।

### ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह पर हमला

ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट शहर के पूर्वी इलाके में गुरुवार तड़के करीब 1:30 बजे तीन धमाकों की आवाज सुनी गई। यह शहर होर्मुज स्ट्रेट के पास स्थित है। एयर डिफेंस सिस्टम तुरंत सक्रिय कर दिए गए। अमेरिका ने दावा किया कि उसने यह हमला आत्मरक्षा में किया है। ईरान का कहना है कि अमेरिका ने हमला करके पहले से ही नाजुक सीजफायर को चुनौती दी है।

### 'डोनाल्ड ट्रंप' नाम के भैंसे की कुर्बानी पर रोक

बांग्लादेश में सुनहरे बालों की वजह से 'डोनाल्ड ट्रंप' नाम से मशहूर भैंसे को बकरीद की कुर्बानी से बचा



लिया गया है और ढाका के राष्ट्रीय चिड़ियाघर में भेज दिया है। यह 700 किलो का एक दुर्लभ एल्बिनो भैंसा है। इसके सिर पर हल्के रंग के बालों का गुच्छा है। मालिक मोनिरुज जमान ने इसे सरकार को दे दिया।

## ऑस्ट्रेलिया की संसद में अल्बनीज बोले
# पीएम मोदी की मेजबानी करना हमारे लिए बेहद सम्मान की बात


एंथनी अल्बनीज और पीएम मोदी फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने पीएम नरेंद्र मोदी के जल्द ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर बड़ा बयान दिया है। कैनबरा में संसद को संबोधित करते हुए अल्बनीज ने कहा कि भारत, जो पहले ही दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है, इस दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने भारत को ऑस्ट्रेलिया का बेहद महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए दोनों देशों के मजबूत होते रिश्तों की जमकर तारीफ की। पीएम ने कहा मुझे जल्द ही पीएम मोदी की मेजबानी करने का अवसर मिलेगा, और यह मेरे लिए बेहद सम्मान की बात होगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में भारत के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अल्बनीज के संबोधन का वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा कि जब ऑस्ट्रेलिया के पीएम भारत के बारे में इतनी मजबूती और उत्साह के साथ बात करते हैं, तो भारत में उच्चायुक्त के रूप में काम करना और भी गर्व की बात बन जाता है।

### भारत की विकास यात्रा से सबके लिए अवसर

पीएम अल्बनीज ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि सिर्फ एक देश की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया केवल प्रशांत महासागर का देश नहीं, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे दोनों देशों के रिश्ते और गहरे होते हैं। उन्होंने 2022 में हुए आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए कहा कि इस समझौते ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई मजबूती दी है। साथ ही शिक्षा, संस्कृति और क्रिकेट जैसे क्षेत्रों ने भी दोनों देशों को आपस में करीब लाने का काम किया है।

# रूस से डोभाल की पाकिस्तान को दो टूक, आतंकवाद को लेकर नहीं चलेंगे दोहरे मापदंड
## रूस में अपने समकक्ष एनएसए सर्गेई शोइगु के साथ हुई भारत के एनएसए की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*बताएं दुनिया के सभी जिम्मेदार देश कि वो आतंकवाद के मामले में कहां खड़े हैं*

रूस-यूक्रेन और पश्चिम-एशिया क्षेत्र में जारी युद्ध के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल रूस की यात्रा पर हैं। जिसमें उन्होंने मॉस्को की धरती से पाकिस्तान को आतंकवाद के मामले पर जमकर फटकार लगाते हुए कहा है कि इस मामले को लेकर किसी प्रकार के दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। ऐसे रवैये के साथ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती है। अब समय आ गया है कि दुनिया के तमाम जिम्मेदार देश अपना रुख स्पष्ट करें कि वो आखिरकार आतंकवाद को लेकर किसके साथ खड़े हैं। क्या वो आतंकवाद के प्रायोजकों के समर्थक हैं या फिर वह मामले में कड़ी और निर्णायक कार्रवाई करने वाले देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। एनएसए डोभाल ने अपना यह बयान हालांकि पाकिस्तान का नाम लिए बगैर दिया है। यह जानकारी उन्होंने रूस में आयोजित किए गए पहले वैश्विक सुरक्षा मंच की बैठक को संबोधित करते हुए दी है। जिसके साथ दुनियाभर के देशों के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की 14वीं बैठक भी मॉस्को में हुई। इन उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठकों की अध्यक्षता रूस के एनएसए और राष्ट्रीय परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु ने की।

### एनएसए ने की रक्षा, सुरक्षा संबंधों पर चर्चा



बैठक से इतर भारत और रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक भी हुई। जिसमें रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और आर्थिक संबंधों के मामले को शामिल किया गया। दोनों ने सितंबर महीने में भारत की मेजबानी में होने वाली ब्रिक्स के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक को लेकर भी अपने विचार आपस में साझा किए हैं।

### होर्मुज से बनी रहे आवाजाही

डोभाल ने पश्चिम एशिया संकट के मामले को लेकर होर्मुज और लाल सागर के मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह दोनों अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग दुनियाभर के व्यापार का मुख्य केंद्र हैं। ऐसे में दोनों जगहों से समुद्री नौवहन की सुरक्षित आवाजाही और निर्बाध ढंग से व्यापार होना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया कि दोनों मार्गों से ही विश्व में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और अन्य जरूरी वस्तुओं, सेवाओं की आपूर्ति होती है। जिसे देखते हुए दोनों जगहों से सुरक्षित समुद्री आवाजाही होनी चाहिए।

### ईयू के विदेश मंत्रियों संग हुई जयशंकर की बैठक

वहीं, साइप्रस के लिमासोल में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश मंत्रियों (जीवाईएमएनआईसीएच) के साथ एक अनौपचारिक बैठक हुई है। जिसे एक्स पर की गई एक पोस्ट में विदेश मंत्री ने एक उत्पादक संवाद का नाम देते हुए कहा कि इस बैठक ने भारत के ईयू और भूमध्यसागरीय क्षेत्र के साथ संबंधों को पुनःस्थापित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि ईयू और क्षेत्र के साथ हमारी साझेदारी विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती जा रही है। हमने अपनी वार्ता के दौरान अवसरों, व्यावहारिक सहयोगों और उभरती हुई बहुध्रुवीय व्यवस्था में हमारी साझा रुचियों पर चर्चा की गई है। इस आयोजन से इतर डॉ. जयशंकर की समूह के कई विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी हुईं। जिसमें सऊदी अरब, यूक्रेन, पोलैंड सहित अन्य देश शामिल हैं।

### यूएन में सुधारों की मांग उठाई

डोभाल ने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाएं वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर कहीं से भी प्रासंगिक नजर नहीं आती हैं। इनकी स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध यानी 1945 के कालखंड में की गई थी। ऐसे में अब इनमें बड़े और जरूरी बदलाव किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने इसी क्रम में वैश्विक दक्षिण, लैटिन अमेरिका और अफ्रीकी देशों की भागीदारी को भी बढ़ाए जाने पर जोर दिया।

### साइप्रस के राष्ट्रपति से मिले विदेश मंत्री

डॉ. जयशंकर ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ शिष्टाचार भेंट की। जिसमें पश्चिम-एशिया और मध्य पूर्व में विकसित हो रही स्थिति तथा भूमध्यसागरीय क्षेत्र में भारत के हितों के मामले पर चर्चा की गई है। जयशंकर ने उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर दी गई शुभकामनाएं प्रेषित की। वार्ता में विदेश मंत्री ने साइप्रस के राष्ट्रपति की हालिया हुई भारत यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि इस दौरान कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए हैं। जिससे हमारी साझेदारी अगले चरण की ओर आगे बढ़ेगी। राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलाइड्स ने जयशंकर मजबूत कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने संवाद में किया भारत का नेतृत्व
## *भारत-सिंगापुर रक्षा संवाद में तलाशे गए रणनीतिक संबंधों को मजबूती देने के रास्ते*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की दादागिरी के बीच रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और स्थायी सचिव जोसेफ लियोंग ने गुरुवार को सिंगापुर में आयोजित किए गए 16वें भारत-सिंगापुर रक्षा नीति संवाद की सह अध्यक्षता की है। इस दौरान दोनों देशों के बीच जारी रक्षा समझौतों की समीक्षा की गई, रक्षा सहयोग, सैन्य गतिविधियों, उद्योग सहयोग, क्षमता निर्माण और सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बैठक में दोनों पक्षों ने रणनीतिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने और उद्योगों के बीच सहयोग को पारस्परिक हित के मुताबिक आगे बढ़ाने से जुड़े हुए उपायों की भी तलाश के लिए नए रास्ते भी तलाशे।

### हिंद-प्रशांत को लेकर दोहराई प्रतिबद्धता

साइबर सुरक्षा, एआई, समुद्री सुरक्षा, नवाचार आधारित साझेदारी और उभरते हुए क्षेत्रों में सहयोग के महत्व पर बल दिया गया। दोनों देशों ने एक खुली, समावेशी और नियम आधारित सुरक्षा संरचना का समर्थन करने के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में व्यावहारिक और रचनात्मक रक्षा सहयोग को बढ़ाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

### केन्या के गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल में लगी आग, 16 छात्राओं की मौत

एजेंसी ▶▶ नैरोबी

केन्या के मध्य क्षेत्र के एक गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल में रात के समय लगी भीषण आग में 16 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 79 अन्य घायल हो गईं। यह हादसा गिलगिल इलाके में स्थित उटुमिशी गर्ल्स स्कूल में हुआ, जहां अचानक हॉस्टल में आग भड़क उठी। उस समय अधिकतर छात्राएं अपने कमरों में सो रही थीं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109